## HARYANA VIDHAN SABHA

# REPORT

### OF THE

# Committee on Government Assurances

# 2001—2002

# THIRTY SECOND REPORT

**Presented to the House on ....... March, 2002.**

**HARYANA VIDHAN SABHA SECRETARIAT, CHANDIGARH**

**2002**

# TABLE OF CONTENTS

mposition of the Committee (iii)

troduction (v)

Report (vii)

pendix-I (ix)

pendix-II (x)

Statement showing the number of Assurances etc. given by the Ministers on the oor of the House during the Sessions held in the months of September, 2000, March, 2001 d June 2001, which are pending for implementation.

# COMPOSITION OF THE COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES

**CHAIRPERSON**

1. Sh. Mange Ram Gupta

**MEMBERS**

2. Sh. Ramesh Kumar Khatak
3. Sh. Shadi Lal Batra
4. Sh. Tejvir Singh
5. Sh. Jarnail Singh
6. Sh. Lila Krishan
7. Dr. Sita Ram
8. Sh. Jasbir Singh Mallour
9. Sh. Lila Ram Gujjar

**SPECIAL INVITEES**

1. Sh. Zakir Hussain
2. Sh. Ram Phal Kundu

*3. Sh. Rambir Singh

**SECRETARIAT**

1. Sh. Sumit Kumar, *Secretary*
2. Sh. Kuldip Singh, *Joint Secretary*

## INTRODUCTION

1. The Chairperson of the Committee on Government Assurances for the year 2001-2002 having been authorised by the Committee in his behalf to present the 32nd Report of the Committee.

2. The work done by the Committee after the presentation of the 31st Report on 15th March, 2001 is set forth in this Report.

3 A brief record of the proceedings of each meeting of the Committee for the year 2001-2002 has been kept in the Haryana Vidhan Sabha.

4 The Committee is grateful to the representatives of P.W. (B & R) Department who appeared before it for oral examination and rendered useful help in its work.

5. The Committee placed on record its thanks and high appreciation of the whole hearted co-operation and able assistance rendered by the Secretary/Joint Secretary/ Branch officials of the Haryana Vidhan Sabha Secretariat in its deliberations.

MANGE RAM GUPTA
CHAIRPERSON

Dated : 26th Feb., 2002

## REPORT

The Committee on Government Assurances for the year 2001-2002 consisting of Nine Members was nominated by the Hon. Speaker, Haryana Vidhan Sabha on 3rd April, 2001. Shri Mange Ram Gupta, M.L.A. a member of the Committee was nominated as Chairperson of the Committee by the Hon. Speaker.

### SITTINGS OF THE COMMITTEE

2. The Committee held 49 sittings during the year 2001-2002 (till finalisation of the Report).

3. The Committee scrutinised the statements made by the Ministers on the floor of the House during the Sessions held in the months of Sept., 2000, March, 2001 and June 2001. The statements which in the opinion of the Committee constituted assurances were sent to the Administrative Secretaries concerned for intimation the manner in which and extent to which the Government has implemented the same.

4. The Committee scrutinised the replies received from the Govt. from time to time in regard to the implementation of the assurances shown as outstanding in Appendix-1 of the 31st Report. A statement showing the total number of assurances dropped and the number of pending assurances is at Appendix-II. The Committee noted that in many cases the Government has taken undue long time for implementation of assurances. The Committee have made certain observations in respect of some of the replies scrutinised by it in order to elicit further information from the Government and dropped the rest.

5. The statement showing the number of assurances etc. given by the Ministers on the floor of the House during the Sessions held in months of Sept., 2000 to June, 2001 departmentwise, which are pending for implementation is given in Appendix-I to the Report.

### ORAL EXAMINATION

6. With a view to expedite action and ensure prompt implementation of the outstanding assurances, the Committee orally examined the representatives of the P.W.D. (B & R) and Agriculture Departments during the year. The Committee felt that some Departments were unable to implement certain assurances given by the Ministers on the floor of the House because as per version of the representatives of the Government, it becomes difficult to implement these assurances for certain reasons which are beyond the control of the Government.

7. The assurances which have outlined their utility due to passage of time or in respect of which Committee felt satisfied with the action taken by the Government to implement them have been dropped.

The Government Departments are not required to send replies in respect of those assurances which do not find mention in this Report.

## GENERAL OBSERVATION IN REGARD TO IMPLEMENTATION OF ASSURANCES

8. The Committee recommends that normally the assurances should be implemented by the Government within three months from the date of which the assurances are given. In case it is not possible to implement an assurance within this period, the cause of delay should be communicated to the Committee so that it may judge whether the reasons given for the delay are justified or not.

The Committee further urge the Government to issue strict instructions in this behalf.

9. The Committee invite the attention towards U.O.No. 11/1/96, Pol.(2p) dated the 28th August, 1996 issued by the Chief Secretary to Government, Haryana and addresed to all the Administrative Secretaries wherein it was impressed upon :—

"That if an assurance is received by the Administrative Secretary who is not concerned with the particular assurance, it should be transferred demiofficially to the Administrative Secretary concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat who will then pursue the matter with the Administrative Secretary concerned."

In spite of the instructions issued vide U.O. mentioned above and subsequent reminders thereof, some of the Departments simply informed Haryana Vidhan Sabha Secretariat that particular assurance did not relate to them. The Committee again recommend that if an assurance does not relate to a particular Department, the same should be transferred to the Department to which it relates within a fortnight positively on the receipt of the assurance under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat and Chief Secretary to Government, Haryana. This will obviate unnecessary delay and correspondence.

10. The Committee have come to the irresistible conclusion that some of the assurances given several years back have not been implemented by the Government so for. However, the Committee realised that there may be some genuine case where the implementation of assurance is bound to take a long time because of various factors involved but that cannot be true in all cases. The Committee, therefore, recommend that the Government should take necessary steps so that these may be implemented as fas as practicable within the period of three months from the date of presentation of the Report.

**APPENDIX-I**



| S. No. | Name of Department | Sr. No. of outstanding assurances | Pages |
|---|---|---|---|
| 1. | General Administration | 1–6 | 1—6 |
| 2. | Home | 7–15 | 7—16 |
| 3. | Agriculture | 16–27 | 17—28 |
| 4. | Cooperation | 28–34 | 29—40 |
| 5. | Revenue | 35–45 | 41—52 |
| 6. | Rehabilitation Department | 46 | 53—54 |
| 6. | Industries | 47 | 55—58 |
| 7. | Transport | 48–67 | 59—70 |
| 8. | Irrigation | 68–92 | 71—94 |
| 9. | Electricity (Power) | 93–109 | 95—108 |
| 10. | P.W.D. (B & R) | 110–137 | 109—134 |
| 11. | P.W.D. (Public Health) | 138–155 | 135—152 |
| 12. | Education | 156–195 | 153—178 |
| 13. | Health | 196–229 | 179—208 |
| 15. | Urban Development Department | 230–245 | 209—224 |
| 15. | Social Welfare | 246–252 | 225—236 |
| 16. | Forests | 252–255 | 237—240 |
| 17. | Prohibition, Excise and Taxation | 256 | 241—246 |
| 18. | Technical Education | 257 | 247—248 |
| 19. | Development and Panchayats | 258–266 | 249—256 |
| 20. | Environment | 267–269 | 257—268 |
| 22. | Panchayati Raj | 270 | 269—270 |
| 21. | Mines and Geology | 271–272 | 271—274 |
| 22. | Animal Husbandry | 273–277 | 275—280 |
| 24. | Town and Country Planning | 278–279 | 281—284 |
| 26. | Finance | 280 | 285—286 |
| 27. | Information and Technology | 281–282 | 287—288 |
| 28. | Sports | 283–284 | 289—292 |
| 29. | Dairy Development | 285 | 293—294 |

## APPENDIX-II

Statement showing the number of assurances and replies received from the Government with regard to pending assurances of 31st Report and the Sessions held in the months of September, 2000, March, 2001, and June, 2001.

| | | |
|---|---|---|
| Total Number of Assurances sent to Govt. duiring the year 2000—2001 : | 31st Report— | 388 |
| | Session September, 2000— | 3 |
| | Total : | 391 |
| Number of assurances dropped by the Committee : | 31st Report— | 150 |
| | Session September, 2000— | 1 |
| | Total : | 151 |
| Number of Outstanding Assurances : | 31st Report— | 238 |
| | Session September, 2000— | 2 |
| | Session March, 2001— | 39 |
| | Session June, 2001— | 6 |
| Outstanding Assurances in the 32nd Report : | Total : | 285 |

## APPENDIX

## OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

## GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमैटी के अधीन कोआपरेटिव फैडरेशन आदि को सम्मिलित करना तथा सबजैक्ट कमेटीज को गठित करने सम्बन्धी उपाध्यक्ष श्री सुमेर चन्द भट्ट का प्रस्ताव। | 1-9-93<br>अध्यक्ष महोदय, डिप्टी स्पीकर साहब को बोलने का कभी-कभी ही मौका मिलता है और इन्होंने बहुत ही अच्छा सुझाव दिया है। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि विधान सभा में पी०ए०सी० कमेटी बनी हुई है, इसमें बहुत से डिपार्टमैंट्स आते हैं। इसके लिए इसको फिर से एग्जामिन करना पड़ेगा। अध्यक्ष महोदय, जैसे इन्होंने कहा है इसको चैक करेंगे कि इसमें क्या हो सकता है या क्या मुनासिब होगा और जो मुनासिब होगा, इसको भी हम करने की कोशिश करेंगे। | Dropped on 23/10/02 | |
| 2. | श्री सतबीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं० 155—<br>क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला पानीपत में पुलिस लाईन की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि ऐसा है, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 1-3-94<br>जी हां। प्रस्ताव विचाराधीन है। भूमि का अर्जन किया जा रहा है तथा सभी ओपचारिकताएं वर्ष 1994-95 में पूरी कर ली जाएंगी। ज्यों ही धन की व्यवस्था होगी त्यों ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। | Home | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | श्री सम्पत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1095—क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) राज्य में वर्ष 1993-94 तथा 1994-95 के दौरान हुई मोटर-वाहनों तथा अन्य दुर्घटनाओं की कुल संख्या कितनी है ;<br>(ख) उक्त अवधि के दौरान उपरोक्त दुर्घटनाओं में कुल कितने-कितने व्यक्ति मारे गये तथा घायल हुए ; तथा<br>(ग) ऊपर के भाग (क) में यथा निर्दिष्ट दुर्घटनाओं में अन्तर्ग्रस्त घायल व्यक्तियों तथा मृतकों के परिवारों को प्रत्येक मामले में सरकार द्वारा मुआवजे की यदि कोई राशि दी गई तो कितनी ? | 23-3-95<br>.......... मैं इसलिए अनुरोध करता हूँ कि या तो आंकड़ें इकट्ठे करने के लिए 6 महीने का समय दिया जाये या प्रश्न के भाग (ग) को हटा दिया जाए। |
| 4. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा दिया गया उत्तर। | 25-5-96<br>**** एक सवाल जो चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने उठाया कि एजुकेशन प्रो० इंडस्ट्रीज होनी चाहिए So that people can come up for good job. यह एक बहुत अच्छा सुझाव है। इसके ऊपर हम जरूर विचार करेंगे और कोशिश भी करेंगे। |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 21-11-96 | | |
| 5. | श्री अतर सिंह सैनी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 151 के उत्तर में— क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जून, 1991 से अप्रैल, 1996 तक की अवधि के दौरान राज्य में एच०सी०एस०/सम्बद्ध सेवाओं की भर्ती में कोई अनियमितताएं सरकार के ध्यान में आई हैं, यदि हाँ, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई। | जी हां। सरकार को वर्ष 1996 के दौरान एच०सी०एस०/सम्बद्ध सेवाओं की वर्ष 1993 को लिखित परीक्षा के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थी। मुख्य आरोप थे—रिकार्ड में हेराफेरी, अवार्ड सूची/उत्तर पुस्तिकाओं को सील न करना, फर्जी रोल नं० की गोपनीयता का न रखा जाना, उच्च स्थान प्राप्त दस उम्मीदवारों द्वारा अनुचित साधनों का अपनाया जाना आदि। सरकार इस मामले की छानबीन कर रही थी कि कुछ उम्मीदवार हरियाणा लोक सेवा आयोग की सिफारिश आधार पर नियुक्तियां देने बारे माननीय हाई कोर्ट में चले गये। मामला निर्णय के लिए न्यायालय में लम्बित है। | याचिका नं० 11684/96 का निपटान करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने, आयोग की कार्य प्रणाली के विरुद्ध सरकार द्वारा राज्य चौकसी ब्यूरो से जांच करवाये जाने सम्बन्धी बिन्दु पर निम्न प्रकार से निर्णय दिया है— "यदि भ्रष्टाचार के बारे में कोई आरोप विद्यमान है और अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा दायर किए जाने हेतु पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है तो सरकार कानून के अनुसार यथोचित कार्यवाही कर सकती है, परन्तु इस शक्ति की आड़ में सरकार आयोग द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश में दखल-अन्दाजी नहीं कर सकती और निरर्थक आरोपों के आधार पर चौकसी विभाग से जांच करवा कर चयन किए गए उम्मीदवारों के अधिकारों को निष्फल नहीं कर सकती।" चौकसी विभाग द्वारा मामले में आगे जांच की गई है। चौकसी ब्यूरो से उनके पत्र | कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चेहगी। (16-6-98) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक 19-1-98 द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार श्री एल०डी० कटारिया तत्कालीन अध्यक्ष एवं अन्यों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420/468/471/477-ए/120-बी तथा डी०पी०सी० एक्ट की धारा 13(1) के अन्तर्गत पुलिस थाना राज्य चौकसी ब्यूरो, रोहतक में केस दर्ज किया गया है। (6-3-98) | |
| 6. | श्री संपत सिंह द्वारा उठाए गए एक सवाल के जवाब में "*** अगर सरकार विहटले काऊंसिल के पैटर्न पर कर्मचारियों को वेतन दे दे तो न तो आंदोलन शुरू होंगे क्योंकि सरकार उस कमेटी की रिपोर्ट पर बाऊंड होगी। ****** सरकार को विहटले काउंसिल के पैटर्न पर ही वेतनमान कर्मचारियों को देना चाहिए जिसके अंदर सरकार और कर्मचारियों के प्रतिनिधि होते हैं। (विघ्न) ***** और वह कब तक कर देंगे।" | 23-7-98<br>*** अध्यक्ष महोदय, चौधरी संपत सिंह ने विहटले काउंसिल के बारे में जो बात कही है, इस के बारे में मैं बताना चाहता हूँ कि विहटले काउंसिल पैटर्न को हमारी कैबिनेट ने अप्रूव कर दिया है परंतु इम्पलाईज की अनेक यूनियनें होने के कारण उस में थोड़ा सा कंसीड्रेशन करना मुश्किल हो रहा है कि किस ढंग की रिपर्जेंटेशन दी जाए क्योंकि कई महकमें हैं। इम्पलाईज की रिप्रजेंटेशन पर विचार होने के बाद ही इस पर फैसला हो पाएगा।<br>********** इम्प्लाईज आपस में फैसला कर लें और रिप्रजेंटेशन दे दें तो एक हफ्ते के अन्दर कर देंगे। | मामला अभी सरकार के विचाराधीन है। (19-5-2000) | Committee would like to know the latest position in this regard. (15-6-2000) |

## OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

## HOME DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 7. | मंत्रिमण्डल के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस के उत्तर में। | 13-7-92<br>"....... फिर आपने (प्रो० सम्पत सिंह) एक बात कह दी कि बिना हथियारों के पुलिस के चार नौजवान मारे गए। अध्यक्ष महोदय, ये 13 पुलिस अधिकारी थे। उन्होंने जा करके रेड किया था उनके पास बकायदा स्टेनगन, ए०के० 47 राईफल्ज यानी पूरा असला था लेकिन उनसे गलती यह हो गई थी कि उनके पास जो बड़ा असला था उसको अपनी गाड़ी में ही छोड़कर रेड के लिए चले गए और केवल पिस्तौल अपने साथ ले गए। जिसके कारण 13 पुलिस अधिकारियों को केवल एक ही आदमी मार कर चला गया। यह बड़ी भारी अचम्भे की बात है कि एक ही आदमी उनको मार कर चला गया। लेकिन हमारे बहादुर नौजवानों ने उसका बड़ी बहादुरी के साथ मुकाबला किया। वे मारे गए उनके साथ हमारी पूरी हमदर्दी है। उनको हमने बकायदा एक-एक लाख रुपए दिए हैं और परिवारों के एक-एक आदमी को नौकरी भी देंगे।"************* अध्यक्ष महोदय, पहले यदि दो-दो लाख रुपए दिए गए तो इनको भी दो-दो लाख रुपए | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ही दिए होंगे। इस समय मुझे ध्यान नहीं है। जहां तक मैं समझता हूँ इनको भी दो-दो लाख रुपए ही उन्हें नाम के अनुसार दिए जायेंगे। | | |
| 8. | श्री राजेन्द्र सिंह बिसला द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं० 616 के भाग (ख) के उत्तर में —<br>(ख) क्या जिला फरीदाबाद में नए पुलिस स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | 31-8-83<br>हां जिला फरीदाबाद में एक नया पुलिस स्टेशन सूरजकुण्ड में बनाने के लिए प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। | मामला अभी सरकार के विचाराधीन है।<br>(31-10-94) | कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजिशन जानना चाहती है।<br>(21-11-94) |
| 9. | तारांकित प्रश्न संख्या 499 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"यह जो मुख्य मंत्री महोदय ने जवाब दिया है कि आगामी कार्यवाही की जा रही है इस केस को हुए दो साल हो गए हैं। स्पीकर साहब, मैं मुख्य मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूँ कि कौन-कौन से आदमी इसमें इनवाल्वड हैं, किस-किस आदमी का उस इन्कवायरी रिपोर्ट | 26-2-94<br>* * * * * * * यह 14 लोग हैं जिनके खिलाफ कमीशन (आरक्षण आन्दोलन के दौरान हुए) नुकसान के लिए जायजा लेने के लिए बिठाया गया। कमीशन ने रिपोर्ट दी है। आप जानते हैं कि 190 पेज की रिपोर्ट थी, वह रिपोर्ट आने में ही एक साल लग गया। हमने इस बारे में कुछ कार्यवाही की भी है। एक एस०पी० और एक एस०एस०पी० को सस्पैंड भी किया है। बाकि आदमियों की जवाबतलबी भी की है। कानून के मुताबिक जो भी कार्यवाही हो सकती है, वह | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | में नाम है और कौन से अफसर ने इसकी इन्क्वायरी की है और कब तक यह इन्क्वायरी पूरी हो जायेगी।" | हम जरूर करेंगे। | | |
| 10. | श्री सम्पत सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1093 के भाग (घ) के उत्तर में—<br>क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएँगे कि—<br>(घ) ऊपर के भाग (क) में निर्दिष्ट मामलों में से यदि कोई मामले सी०बी० आई० को सौंपे गये, तो कितने तथा उनका ब्यौरा क्या है? | 21-3-95<br>रणबीर सिंह सुहाग की हत्या से संबंधित मुकदमा नं० 5 दिनांक 9-1-95 धाराधीन 365/302 भा०द०सं० थाना सिविल लाईन रोहतक दिनांक 22-1-95 को सी०बी०आई० को दिया गया जिसमें तफतीश की जा रही है। | | |
| 11. | तारांकित प्रश्न सं० 1038 के संदर्भ श्री राजेन्द्र सिंह बिसला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- | 24-3-95<br>***बिसला जी ने कहा कि कई कांस्टेबलों ने बहादुरी की और उनको प्रोमोशन नहीं मिली है। उनका मैं केस मंगवाकर देख लूंगा। अगर | | |

''*** मुझे बड़े दुःख के साथ यह कहना पड़ता है कि पुलिस एन्काऊंटर में मौके पर जवान मारे जाते हैं या जख्मी हो जाते हैं, उनके साथ सरकार को सद्व्यवहार करना चाहिए और ऐसे बहादुर सिपाही की प्रोमोशन का भी अवार्ड के तौर पर सरकार को ध्यान रखना चाहिए विशेषकर मेरे क्षेत्र में सिटी पुलिस स्टेशन बल्लभगढ़ में एक एन्काउंटर हुआ था। ट्रक को लेकर बदमाश भागे। जो बल्लभगढ़ की पी०सी०आर० थी उन्होंने उसका पीछा किया और फायरिंग भी हुई। उस ट्रक पर बदमाश थे उन्होंने हमारे एक हैड कांस्टेबल जिसका पूरा नाम मेरे याद नहीं, उसको यादव कहते थे उस पर हमला किया। उसकी आंख खराब हुई। बड़ी मुश्किल से वह सरवाइव कर पाया। उसके साथ पी०सी०आर० के दीपचन्द सिपाही और दूसरा मि० खां था। इन दोनों सिपाहियों ने बड़ी बहादुरी की और बहुत बड़े हार्ड कोर क्रिमिनल को मौके पर मारा। हमने बहुत कोशिश की कि उन दोनों सिपाहियों को कोई ईनाम मिले या प्रोमोशन मिले लेकिन उनको अब यह वाकई बहादुरी का केस है तो उनको जरूर प्रोमोट करेंगे।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तक कोई प्रोमोशन नहीं दे पाए हैं। जो मौके पर बदमाश मारते हैं उनके साथ कम से कम ऐसी ज्यादती नहीं होनी चाहिए **** मैं चाहूंगा कि मुख्य मंत्री जी सदन में आश्वासन दें कि उसका केस मंगवाकर देखें और जिन बहादुर सिपाहियों ने उन बदमाशों को मारा उनको न्याय देंगे और उनको ड्यू प्रोमोशन देंगे। | | | |
| 12. | तारांकित प्रश्न संख्या 105 के संदर्भ में श्री सतपाल सांगवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- ''स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि पिछली सरकार के कार्यकाल में जो 400 के करीब पुलिस के कांस्टेबल टरमीनेट हुए थे उनके बारे में यह सरकार क्या विचार करेगी।'' | 22-11-96<br>स्पीकर महोदय, उनके बारे में अच्छी तरह से सोच विचार करके ठीक फैसला लेंगे क्योंकि इस बारे में हमारी पार्टी मैनीफैस्टो में भी यह बात थी कि पिछली सरकार की ज्यादतियों की वजह से जिन सिपाहियों को नाजायज तौर से बर्खास्त किया गया है उनको बहाल करेंगे। इस मामले में सोच विचार कर रहे हैं। | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | श्री रामफल कुण्डु एम०एल०ए० द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 712 के उत्तर में— "क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला जींद में थाना शहर सफीदों तथा थाना पिल्लूखेड़ा के लिए नई इमारतों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? " | जी हां। | 23-7-98 | तारांकित प्रश्न संख्या 712<br>1. पुलिस स्टेशन, सफीदों (जींद) का निर्माण 1978 में पी० डब्ल्यू०डी०, बी० एण्ड आर० हरियाणा द्वारा किया गया था। सरकारी भवन की औसतन अवधि 50 वर्ष है। इस भवन को बने अभी मात्र 22 वर्ष हुए हैं। पुलिस अधीक्षक जींद को पुलिस महानिदेशक हरियाणा के क्रमांक 3836/पी०-4 दिनांक 11-5-2000 द्वारा पुलिस स्टेशन, सफीदों की मुरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करवाने बारे हिदायत कर दी गई है।<br>2. पुलिस स्टेशन पिल्लूखेड़ा (जींद) तथा उसके स्टाफ के क्वार्टरज के लिए जमीन अभिग्रहण के लिए पहले ग्राम पंचायत अमरावती खेड़ा से जमीन देने बारे आग्रह किया गया था परन्तु ग्राम पंचायत इस जमीन को पुलिस विभाग को | Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(13-12-2000) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | स्थानान्तरित करने की इच्छुक नहीं हैं। पुलिस अधीक्षक जींद ने अपने पत्र क्रमांक 21600 दिनांक 11-7-2000 द्वारा उपायुक्त जींद को आग्रह किया कि सिंचाई विभाग हरियाणा की 17 कनाल 2 मरला जमीन जो जामनी चौंक पिल्लूखेड़ा पर है, को पुलिस विभाग को स्थानान्तरित करवाने बारे सरकार से अनुमति करवा दें। (5-10-2000) | |
| 14. | श्री रामफल कुण्डु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या-718- "अध्यक्ष महोदय, जींद के अंदर ट्रेजरी आफिस कहीं है और डबल लौक रूम कहीं हैं। जब पब्लिक अपने काम के लिए जाती है तो उस वक्त कंसंर्ड आफिसर कभी ट्रेजरी आफिस में बैठता है, कभी डबल लौक | 28-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, यह कार्य बहुत जल्दी कर दिया जाएगा। | इस बारे में पुलिस विभाग की कोई भूमिका नहीं है। (5-10-2000) | Committee would like to know the latest position in this regard. (13-12-2000). |

रूम में बैठता है जिस के कारण वह पब्लिक को नहीं मिल पाता। अध्यक्ष महोदय, इससे पब्लिक को अपना काम करवाने में बड़ी तकलीफ होती है। अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि इन दोनों आफिसिज को एक जगह पर कब तक बनाएंगें जबकि जीन्द में मिनी सचिवालय पहले से ही बना हुआ है। ''

15. राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के संबंध में।

10-3-2000

अध्यक्ष महोदय, दलाल साहब ने एक प्वायंट रेज किया है मैं इनको और सारे हाउस को इससे थोड़ा आगे बढ़कर बताना चाहता हूं कि जैसे आल इण्डिया लेवल पर इन्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्सिज बनी हुई हैं, हरियाणा सरकार भी इस बारे में सोच रही है कि इसी लेवल पर हम भी कोई इन्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स बनाएं। इस पर विचार चल रहा है ताकि हमारे जो बेरोजगार बच्चे हैं उन को इसमें रोजगार मिल सके। जैसे इन्डस्ट्रीयल हाउस, बैंक फाईनेंशियल इन्स्टीच्यूशन और भी दूसरी संस्थाएं हैं वे सब उस फोर्स को ले सकें और उनको पैसा दे सकें। यह मामला गवर्नमैंट की कंसीड्रेशन में है।

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

AGRICULTURE DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 16. | श्री दरियाव सिंह राजोर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 547—<br>''क्या कृषि मन्त्री बताएंगे कि अनाज मण्डी झज्जर के कब तक काम आरम्भ कर देने की संभावना है ?'' | 11-3-93<br>वर्ष 1994 से अनाज मण्डी झज्जर को कार्यरत करने के प्रयत्न किये जायेंगे। | इस केस में विभाग द्वारा जो स्थिति पहले लिखी गई थी कि ''यह मामला न्यायालय में लम्बित हैं और केस की सुनवाई 10.6.1999 को होनी है।'' वास्तव में यह स्थिति इस केस से संबंधित नहीं थी अपितु सब्जी मण्डी झज्जर की चारदिवारी से संबंधित थी। इस के लिये खेद प्रकट किया जाता है। वास्तव में नवीनतम स्थिति इस प्रकार है कि—अनाज मण्डी झज्जर भंग उपनिवेशन विभाग द्वारा 18.88 एकड़ भूमि पर स्थापित की गई थी। इस विभाग के भंग हो जाने पर अनाज मण्डी बोर्ड/मार्किट कमेटी को ग्राम एवं आयोजना विभाग अधिसूचना दिनांक 11.8.1986 द्वारा स्थानान्तरित की गई। इस मण्डी में 131 दुकान प्लाट काटे गये थे, जिसमें से 43 दुकान प्लाट खुली बोली द्वारा बेचे गये थे। दुकान प्लाट के मालिकों ने दुकानों का निर्माण अभी तक नहीं किया है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22-1-2002) |

(4) (5) 4

The Committee desired that the matter be taken up HUDA.
11-12-

जिला झज्जर के गठन के पश्चात् मिनी सचिवालय झज्जर के निर्माण संबंधी मंत्रीपरिषद् की बैठक दिनांक 31.7.1997 में यह निर्णय लिया गया कि अनाज मण्डी की 12 एकड़ भूमि हुड्डा के नाम स्थानान्तरित की जाये और हुड्डा इसके बदले में 6 एकड़ भूमि की कीमत 337 रुपये प्रति वर्गगज के हिसाब से बोर्ड को देगा। इस प्रकार अनाज मण्डी का रकबा 18.88 एकड़ से कम करके लगभग 12 एकड़ में स्थापित की जायेगी। हुड्डा द्वारा मण्डी टाउनशिप झज्जर मिनी सचिवालय की योजना स्वीकृत करते हुये 11.92 एकड़ भूमि अनाज मण्डी की स्थापना करने हेतू अंकित की हुई है परन्तु उसका कब्जा हुड्डा द्वारा बार-बार अनुरोध करने पर भी आज तक मार्किट कमेटी को नहीं दिया गया और न ही 6 एकड़ भूमि की कीमत 337 रुपये प्रति वर्गगज के हिसाब से जो लगभग 1.13 करोड़ रुपये बनती है, की अदायगी की गई। जब तक अनाज मण्डी झज्जर के लिये अंकित की गई 11.92 एकड़ भूमि का कब्जा मार्किट कमेटी को नहीं दिया जाता तब तक नई अनाज मण्डी को रि-प्लान

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | नहीं किया जा सकता और न ही मण्डी का विकास करना सम्भव है। अत: अनाज मण्डी झज्जर में कृषि उपज का क्रय-विक्रय का कारोबार प्रस्तावित नई अनाज मण्डी में अभी शुरू नहीं किया जा सकता। नई अनाज मण्डी, झज्जर की भूमि को हुडा को स्थानान्तरण करने बारे मंत्री परिषद् द्वारा लिए गए निर्णय दिनांक 31.7.1997, मुख्य प्रशासक, हुडा को वैकल्पिक भूमि का कब्जा मार्किट कमेटी, झज्जर को देने सम्बन्धी लिखे गए पत्र क्र० 42584 दिनांक 12.7.2000, क्र० 52756 दिनांक 29.8.2000, क्र० 82809 दिनांक 20-11-2000, अ.स. पत्र क्र० 7518 दिनांक 10.10.2001 तथा पृ०क्र० 5886 दिनांक 17.1.2002 है। (18-1-2002) | |
| 17. | तारांकित प्रश्न सं० 548 पर श्री दरियाव सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से | 12-3-93 अध्यक्ष महोदय, इस (झज्जर) सब्जी मण्डी की बाउन्डरी-वाल्ज तो बना दी गई है। एक बाउंडरी वाल बनाई जानी रहती है, वह इसलिए रहती है | सब्जी मण्डी झज्जर में कुल 44 प्लाट हैं उनमें से 2 प्लाट 1.2.82 को, 16 प्लाट 16.2.2001 को, 8 प्लाट 24.5.2001 | The Committee would be like to know the latest position in this |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मंत्री महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं कि वहां पर (झज्जर में) सब्जी मण्डी तो बनी हुई है और थड़े आदि भी बने हुए हैं। इसके अलावा वहां से रिवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली के लिए रोड्ज भी निकले हुए हैं लेकिन सब्जी, सब्जी मण्डी में बिकने की बजाये बाहर बेची जा रही है। क्या मंत्री महोदय सब्जी मंडी के अन्दर सब्जी बेच जाने की व्यवस्था कराएंगे? | कि उस पर एन्क्रोचमैंट है और कोर्ट में केस है। ज्यों ही कोर्ट से फैसला हो जाएगा, इस बाउंडरी वाल को भी इस अगले साल में बना दिया जाएगा। मैं इनको यह भी बताना चाहूंगा कि अगले साल इस मण्डी पर 11 लाख रुपये खर्च करके इसे पूरा कर देंगे।<br><br>Dropped<br>11-12-02 | को खुली बोली द्वारा तथा 12 दुकान प्लाट पुराने योग्य लाईसैंस धारकों को दिनांक 28.8.2001 को आबंटित किये जा चुके हैं। इस प्रकार 44 दुकान प्लाटों में से 38 प्लाट बेचे जा चुके हैं। शेष 6 प्लाट अभी बेचे जाने हैं। नई सब्जी मण्डी, झज्जर में 27 दुकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 7 दुकानों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और सम्भावना है कि इन दुकानों का निर्माण कार्य 31.3.2002 से पहले-पहले पूर्ण हो जायेगा। इसके अतिरिक्त 4 दुकानों का निर्माण कार्य खरीददारों द्वारा अभी शुरु नहीं किया गया है। पुरानी सब्जी मण्डी को अभी डी. नोटिफाईड नहीं किया गया है।<br>(18-1-2002) | regard.<br>(20-7-99) |
| 18. श्री अमर सिंह ढांडे द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 734—<br>(क) क्या जिला कैथल के गांव सीवन में अनाज मण्डी के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा<br>(ख) यदि ऐसा है तो पूर्वोक्त अनाज मंडी का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 9-3-94<br>(क) जी हां।<br>(ख) उक्त प्रयोजन हेतु भूमि अर्जन के पश्चात निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।<br><br>F.O<br>11-12-02 | पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बोर्ड/मार्किट कमेटी के हक में निर्णय दिनां 7.9.1999 को किया था जिसके खिलाफ भू-स्वामियों द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में दिनांक 6.12.1999 को अपील दायर की थी जिसमें दिनांक 4.1.2000 द्वारा डिसपोजैशन के अन्तरिम आदेश पारित किये गये और आगामी सुनवाई के लिये तिथि 28.2.2000 | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22-1-2002) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | निश्चित की गई। 28.2.2000 के बाद यह केस अभी तक सुनवाई के लिए लिस्ट नहीं हुआ है। (18-1-2002) | |
| 19. | तारांकित प्रश्न संख्या 1178 के संदर्भ में श्री ओम प्रकाश बेरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :—"स्पीकर साहब, जिस सड़क के बारे में इन्होंने 9-10-1994 को एफ०आई०आर० दर्ज करवाई है, यह सड़क भैंसवाल से तिहाड़ड़ा तक बननी थी। मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है कि इस सड़क की चार किलोमीटर लम्बाई थी ठेकेदार ने एग्रीकल्चरल मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों से मिल करके उसे दो किलोमीटर और लम्बा दिखा दिया और उसके लिए उसको पौने नौ लाख रुपए की एक्सैस पेमैंट कर दी गई? स्पीकर साहब, एफ०आई०आर० | 22-3-95<br>स्पीकर साहब, यह बात सही है कि उन्होंने एक्सैस पेमैंट की है। इसी वजह से उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। इस केस में जो भी इन्वाल्व होगा, उसको स्पेयर नहीं करेंगे, चाहे वह कोई भी हो, गिरफ्तार किया जाएगा। जैसे मैंने जवाब में बताया है कि ठेकेदार कार्यकारी अभियन्ता, उपमण्डल अभियन्ता के कार्यालयों के दो-दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एक बी०एण्ड आर० का एक्सीयन जो इस काम का इंचार्ज था, उसके खिलाफ बात आ रही है। उसके बारे में हमने बी०एण्ड आर० वालों को एक्शन लेने के लिए लिख दिया है। इन्वैस्टीगेशन में जो इन्वाल्व पाया जाएगा, उसको स्पेयर नहीं किया जाएगा, सभी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस केस के बारे में हमने और इन्वैस्टीगेशन स्टार्ट | इस केस में निलम्बित सभी दोषी बोर्ड के कर्मचारियों को लम्बित विभागीय जाँच के अधीन दिनांक 13.8.99 व 12.11.99 को बहाल कर दिया गया है। बोर्ड द्वारा सभी कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय जाँच के आदेश दिये जा चुके हैं। जाँच अधिकारी द्वारा श्री बी.एस. ढिल्लों, एस.डी.ओ. (अब जे.ई.) के अतिरिक्त सभी सर्वश्री सतपाल, जे.ई., प्रेम सिंह, कर्मीशियल अकाऊटैंट, राकेश भागो, सहायक एवं महावीर सिंह, लिपिक को जाँच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है जिसे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 89498 दिनांक 13.12.2001 को मुख्य अभियन्ता बोर्ड को भेजते हुये अनुरोध किया गया है कि दोषी कर्मचारियों की | The Committee would like to know the latest position in this regard. (22-1-2002) |

9-10-94 को दर्ज हुई और उसके फौरन बाद ही एक्सीयन, एस०डी०ओ० और चन्दगीराम नाम के आदमी को इन्होंने गिरफ्तार कर लिया लेकिन दूसरे आदमी को साढ़े पांच महीने के बाद इन्होंने गिरफ्तार किया, इसका क्या कारण है ?"

कर दी है। इस केस में जो भी इन्वाल्व होगा, उसको स्पेयर नहीं किया जाएगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

प्राप्त जाँच रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणी प्रेषित करें। मुख्य अभियन्ता बोर्ड से टिप्पणी अपेक्षित है। श्री बी.एस. ढिल्लों की जाँच रिपोर्ट के लिये श्री प्रेम सिंह, अधीक्षक अभियन्ता को कार्यालय आदेश क्रमांक 918 दिनांक 17.11.1998 को नियुक्त किया गया था। उसके बाद श्री ओ.पी. लांग्यान, आई.ए.एस., जाँच अधिकारी दिनांक 23.2.2001 को नियुक्त किया गया था। इस अधिकारी के स्थानान्तरण के पश्चात् श्री पी.एस.रावत, अधीक्षक अभियन्ता को कार्यालय आदेश क्रमांक 512 दिनांक 16.5.2001 द्वारा जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया तथा जाँच रिपोर्ट लम्बित है।

श्री के.के. अग्रवाल, कार्यकारी अभियन्ता को उन के विभाग द्वारा नियम-7 में चार्जशीट किया जा चुका है। अधिकारी के जवाब पर, इस कार्यालय के अर्ध सरकारी पत्र क्रमांक 31787 दिनांक 24.4.2001 द्वारा टिप्पणी वित्तायुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) को प्रेषित की जा चुकी है।

(18-1-2002)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 20. | तारांकित प्रश्न सं० 409 के संदर्भ में श्री नरपेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : "स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या कोई ऐसा मामला प्रकाश में आया है कि निर्धारित मात्रा में कम सामान फव्वारा सैट का किसानों को सप्लाई किया गया हो और अगर कोई ऐसा मामला नोटिस में आया है तो उस फर्म के खिलाफ क्या कोई कार्य वाही की जा रही है?" | 13-3-97<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आप के माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि फव्वारा सैटों की खरीददारी जो पिछली सरकारों द्वारा की जाती रही उसके बारे में हरियाणा प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती है इस बारे में अगर माननीय सदस्य फिगर लेना चाहें तो मैं उन्हें दे दूंगा। पिछले साल कुछ फर्मों को निजी तौर पर फायदा पहुंचाने के लिए मनमाने रेट के ऊपर उनकी मंजूरी दी जाती थी इन्होंने फर्म के खिलाफ कार्यवाही के बारे में पूछा है तो लोहारू के बारे में अभी आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि वहां हर पी०एन०बी० बैंक के अधिकारियों ने कुछ स्पिंकलर सैटों की खरीददारी में हेराफेरी की। विभाग ने तुरन्त नोटिस लेकर उनके खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया है और उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। | इस केस में आगामी सुनवाई 30.1.2002 हुई है।<br>(18-1-2002)<br>F.O 31/7/02 | The Committee would be like to know the latest position in this regard.<br>(22-1-2002) |
| 21. | श्री अशोक कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 661 का भाग (क) तथा (ख)— | 21-7-98<br>(क) क्रम संख्या (2) की सड़कें अधूरी पड़ी हैं।<br>(ख) क्रम संख्या (1) की सड़क कुछ | इस सड़क की लम्बाई 2.56 कि.मी. है और 100 मीटर झगड़े वाली लम्बाई को छोड़कर बाकी सड़क का कार्य पूरा हो | The Committee would like to know the latest |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (क) क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है—<br>(1) पयाना से दौलतपुर ; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा उपरोक्त सड़कों को कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ? | कर्मचारियों और ठेकेदार के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज होने के कारण अधूरी पड़ी है। न्यायालय के निर्णय के बाद कार्य हाथ में लिया जाएगा।<br>क्रम संख्या (2) की सड़क संघटित रास्ता न होने तथा न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण अधूरी पड़ी है। न्यायालय के स्थगन आदेश खारिज होने तथा वांछित भूमि भू-स्वामियों/ ग्राम पंचायत से मुफ्त उपलब्ध होने पर निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। | चुका है। इस भाग में संगठित रास्ता सिजरा प्लान में दिखाया गया है। परन्तु मथाना गांव के भू-स्वामी श्री जोरा सिंह ने न्यायालय में यह दावा किया है कि इस भाग में माल रिकार्ड के अनुसार संगठित रास्ता नहीं है। माननीय न्यायालय ने अपील को दिनांक 28.11.2001 को खारिज कर दिया है। निर्णय की प्रति प्राप्त हो चुकी है व श्री जोरा सिंह भू-स्वामी ने सत्र न्यायालय कुरुक्षेत्र में पुनः अपील दायर कर दी है। निर्णय के उपरान्त ही आगामी कार्यवाही की जायेगी।<br>(18-1-2002) | position in this regard.<br>(22-1-2002) |
| 22. | बजट भाषण—1999–2000 | 3-2-99<br>XXX वर्ष 1998-99 के दौरान गन्ना विकास पर 9.23 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई तथा गन्ना विकास के लिए वर्ष 1999-2000 के दौरान 22.10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। | | |
| 23. | श्री भीम सेन मेहता द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 397 : क्या कृषि मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या इंद्री कस्बे में सब्जी मंडी के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है ? | 8-3-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>हां श्रीमान् जी! स्थल चयन का मामला सरगर्मी से विचाराधीन है। मार्किट कमेटी, इंद्री द्वारा भूमि का कब्जा लेने के पश्चात् निर्माण कार्य करने के लिए लगभग दो वर्ष लगेंगे। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 24. | श्री दरियाव सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 593 : क्या कृषि मंत्री कृपया बताएंगे कि सब्जी मंडी, झज्जर को कब तक नई सब्जी मंडी में स्थानान्तरित कर दिये जाने की सम्भावना है ? | 13-3-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>नई सब्जी मंडी, झज्जर में दुकानों और बूथों का निर्माण कार्य मार्च, 2003 तक पूरा होने की सम्भावना है। तत्पश्चात् पुरानी सब्जी मंडी को नई सब्जी मंडी में स्थानान्तरित करने के लि आवश्यक पग उठाए जाएंगे। | | |
| 25. | तारांकित प्रश्न संख्या 593 के संदर्भ में श्री कंवर पाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जो छछरौली मण्डी है जहां सबसे ज्यादा अनाज आता है और वह अभी तक पूरी नहीं बनी है। मुख्य मंत्री जी ने भी इस मण्डी के निर्माण का कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं बनी है जिसके कारण किसानों को भारी दिक्कत है। | 13-3-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>अध्यक्ष महोदय, हरियाणा सरकार की भरपूर कोशिश है कि किसी किसान को अपनी सब्जी या दूसरा अनाज मण्डी में ले जाने के लिए 10 किलोमीटर से दूर न जाना पड़े। जैसा माननीय सदस्य ने कहा है कि माननीय मुख्य मंत्री जी इस बात की घोषणा करके आए हैं तो उस बात पर जल्दी गौर करके उस मंडी का निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा। | | |

26

| | | |
|---|---|---|
| | पिछली बार भी किसानों को अपना सारा धान सड़कों पर डालना पड़ा था जिसकी वजह से उनको काफी नुकसान उठाना पड़ा था। | |
| 26. | डा० सीता राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 636—क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या निकट भविष्य में डबवाली में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 12-6-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>हां, श्रीमान् जी, डबवाली में 731 लाख रु० की लागत से एक फूड पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। |
| 27. | श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 34—क्या कृषि मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या अम्बाला छावनी में नई अनाज मंडी, सब्जी मंडी तथा चारा मंडी के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की सम्भावना है? | 12-6-2001<br>हां श्रीमान् जी, स्थल का चयन किया जा चुका है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा स्थल का कब्जा मार्किट कमेटी, अम्बाला छावनी को देने के पश्चात् मंडी के निर्माण में लगभग 3 वर्ष लगेंगे। |

Letter No. 21482-86/1140 55545-2004
Related to Industries Department
4/6/02
F.O. 19/9/02

F.O. 18-12-02

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

CO-OPERATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 28. | शूगर मिलों की मशीनरीज की खरीद में दिये गये कमीशन के बारे में श्री धीर पाल सिंह द्वारा दिये गये वैयक्तिक स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में— मैं फिर आफर करता हूँ कि हमारे समय में जो तीन शूगर मिल लगी थीं उनकी मुख्य मंत्री इन्कवायरी करा लें और जो भी दोषी हों, उनको सजा दी जाए। मैं खुले मन से एक बार फिर आफर देता हूँ। | 1-9-93<br>अध्यक्ष महोदय * * * * मेरा इतना कहना है कि यह बड़ा ही सनसनी खेज मामला हाऊस के सामने आया है, जैसा कि धीरपाल जी ने कहा है कि इसकी जांच होनी चाहिए। मैं हाऊस को विश्वास दिलाता हूं कि हम बहुत सीनियर अफसरों की एक कमेटी बनाकर तीनों चीनी मिलों के इस मामले की जांच कराएंगे और अगले सैशन से पहले उनकी रिपोर्ट आ जाएगी। | राज्य सरकार ने तीनों नई मिलों महम, कैथल तथा भूना की मशीनरी की खरीद व सिविल कार्य के अनुबंध के सम्बन्ध में सम्बन्धित डिविजन के आयुक्तों को इन्क्वायरी सौंपी थी जैसा कि आयुक्त रोहतक को महम की, आयुक्त अम्बाला को कैथल की, तथा आयुक्त हिसार को भूना की। सभी सम्बन्धित आयुक्तों द्वारा राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि महम, कैथल, भूना चीनी मिलों के लिए मशीनरीज की सप्लाई के लिए किए गए अनुबन्ध में कोई बदनीति या धांधलेबाजी की भावना साबित नहीं होती। यहं पाया गया है कि चीनी मिलों ने सप्लायरज को कुछ अधिक राशि का भुगतान किया।<br>(5-3-99) | Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(18-5-99) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं० 34—क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या वर्ष 1997-98 के दौरान शाहबाद चीनी मिल में निरीक्षण/जांच/छापा मारा गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?<br>(ख) क्या ऊपर के भाग (क) में यथा- निर्दिष्ट अवधि के दौरान उक्त मिल की चीनी का निर्यात किया गया है; यदि हां, तो इस प्रकार निर्यात की गई चीनी की कुल मात्रा तथा दर कितनी है;<br>(ग) क्या राज्य सरकार इस तथ्य से अवगत है कि राज्य में निजी स्वामित्व वाले चीनी मिलों ने भी चीनी का निर्यात किया है; यदि हां, तो इस प्रकार निर्यात की गई चीनी की दर क्या है;<br>(घ) क्या ऊपर के भाग (ग) में यथानिर्दिष्ट निर्यात की गई चीनी की दर सहकारी चीनी मिलों द्वारा निर्यात की गई चीनी की | 20-1-98<br>जी हां, वर्ष 1997-98 के दौरान शाहबाद चीनी मिल में निरीक्षण का छापा अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां द्वारा मारा गया। निरीक्षण के दौरान बी०आई० एस०एस० की एक चीनी के कुछ बोरों का वजन किया गया था (बाजार में बेचने योग्य नहीं है) जिसका वजन 41 किलोग्राम से 108 किलोग्राम तक था। उसके पश्चात एक कमेटी (सिटी मजिस्ट्रेट कुरुक्षेत्र, डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारी समिति, कुरुक्षेत्र, ई०सी०टी० शुगर फैडरेशन) के द्वारा बी०आई० एस०एस०के सारे बोरों का वजन डिप्टी कमीशनर, कुरुक्षेत्र की देखरेख में किया गया। कमेटी ने ये देखा कि बी०आई०एस०एस० के कुल बोरों का वजन 8325 क्विंटल रिकार्ड में दिखाया गया है, जबकि वास्तविक रूप में उपलब्ध चीनी की मात्रा 6928.15 क्विंटल है इस प्रकार वजन में कुल कमी 1396.85 क्विंटल पाई गई।<br>(3-11-99) | Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-5-99) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | दर से ज्यादा है, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं,<br>(ङ) तथा (च) * * * * * * | | | |
| 30. | श्री राम पाल माजरा, एम० एल०ए० द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 614 का भाग (क) तथा (ख)—<br>(क) क्या वर्ष 1997-98 से आज तक की अवधि के दौरान हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिलों ने किसानों पर एग्रीमैंट बांड के अनुसार मिलों को गन्ना सप्लाई न करने के लिए कोई जुर्माना लगाया है ; यदि हां, तो उसकी वर्षवार तथा मिलवार राशि कितनी हैं; तथा<br>(ख) क्या ऊपर के भाग (क) में निर्दिष्ट राशि उन किसानों को बांट दी गई है जिन्होंने मिलों को एग्रीमैंट बांड के अनुसार गन्ना सप्लाई किया था; यदि | 21-7-98<br>**विवरणी**<br>(क) जी हां, अब तक वर्षवार व जिलावार किसानों पर लगाई गई जुर्माने की राशि निम्न प्रकार है :— | | |

| | | पिड़ाई सत्र 1996-97 | 1997-98 |
|---|---|---|---|
| | | (राशि लाख रुपयों में) | |
| 1. | पानीपत | 1.94 | 0.05 |
| 2. | रोहतक | शून्य | 14.34 |
| 3. | करनाल | 15.68 | 58.96 |
| 4. | सोनीपत | 3.28 | 9.48 |
| 5. | शाहबाद | शून्य | 250.00 |
| 6. | जीन्द | शून्य | 31.27 |
| 7. | पलवल | 7.17 | 9.00 |
| 8. | महम | शून्य | शून्य |
| 9. | कैथल | शून्य | 19.26 |

नहीं तो उसके क्या कारण हैं?

| | | |
|---|---|---|
| 10. भूना | 0.29 | 8.40 |
| कुल योग | 28.36 | 400.76 |

(ख) (क) भाग में ऊपर वर्णित राशि पलवल चीनी मिल ने वितरित कर दी है तथा सोनीपत चीनी मिल पिड़ाई सत्र 1996-97 की राशि का वितरण कर रही है। दूसरी चीनी मिलों ने अभी राशि का वितरण करना है जिसके निम्न कारण हैं :—

**1. पानीपत सहकारी चीनी मिल**

मिल ने धन के अभाव के कारण जुर्माने की राशि का वितरण नहीं किया है।

**2. रोहतक सहकारी चीनी मिल**

मिल ने 14.34 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था जिसमे से 10.75 लाख रुपए का किसानों से वसूल किया जा चुका है तथा शेष राशि 3.59 लाख रुपए की अभी वसूली की जानी है। धन अभाव के कारण अदायगी नहीं की जा सकी है।

**3. करनाल सहकारी चीनी मिल**

करनाल मिल ने पिड़ाई सत्र 1996-97 में 15.68 लाख रुपए तथा 1997-98 में 58.96 लाख रुपए जुर्माना लगाया था जिसमें से क्रमश 9.07 लाख रुपए तथा 9.22 लाख रुपए वसूल

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | किए जा चुके हैं । इस राशि का वितरण शेष राशि की वसूली होने तथा लेखों के मिलान होने पर किया जाएगा।<br>**4. सोनीपत सहकारी चीनी मिल**<br>चीनी मिल ने पिड़ाई सत्र 1996-97 में 3.28 लाख रुपए का जुर्माना किया था जो वसूल किया जा चुका है। इस राशि का वितरण लेखों का मिलान करने पर शुरू किया गया था । दिनांक 17-7-98 तक 2.48 लाख रुपए का वितरण किया गया है। शेष राशि चालू महीने में वितरित कर दी जाएगी।<br>पिड़ाई सत्र 1997-98 के लेखों का मिलान किया जा रहा है।<br>**5. शाहबाद सहकारी चीनी मिल**<br>राशि का वितरण अभी इसलिए नहीं किया गया है क्योंकि जुर्माने की राशि की अभी तक वसूली नहीं की जा सकी है।<br>**6. जीन्द सहकारी चीनी मिल**<br>पिड़ाई सत्र 1997-98 के दौरान मिल ने 31.27 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जिसमें से 17.32 लाख रुपए वसूल किए जा चुके हैं। मिल | | |

के निदेशक-मण्डल ने एक मत के द्वारा गन्ना आयुक्त से गन्ना मिल को देने में छूट 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक प्रदान करने की प्रार्थना की है। गन्ना आयुक्त द्वारा इस मामले में आदेश जारी किए जाने पर जुर्माना राशि का वितरण किया जाएगा।

**7. पलवल सहकारी चीनी मिल**

मिल ने पहले ही पिड़ाई सत्र 1996-97 की जुर्माना राशि जो 7.17 लाख रुपए है वितरित कर दी है। पिड़ाई सत्र 1997-98 के दौरान जुर्माना की गई राशि जो 9.00 लाख रुपए बनती है का वितरण लेखा मिलान की वजह से अभी नहीं किया जा सका है।

**8. कैथल सहकारी चीनी मिल**

पिड़ाई सत्र 1997-98 में लगाई गई जुर्माना राशि का वितरण इसलिए अभी लम्बित है चूकिं कैथल क्षेत्र के किसानों ने जुर्माना राशि से छूट प्रदान करने की प्रार्थना की है क्योंकि उन्होंने अपना सारा गन्ना मिल को दे दिया है। वे गन्ना उत्पादन में आई कमी के कारण बन्धित किया गया गन्ना नहीं उगा सके। किसानों की प्रार्थना को ध्यान मे रखते हुए मिल प्रबन्धन संस्था ने ऐसे गन्ना उत्पादकों से 15-7-98 तक समझौता बन्ध के नियम 5 व 10 के अधीन प्रार्थना पत्र प्राप्त करने का निर्णय लिया। निदेशक

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | मण्डल द्वारा इन प्रार्थना पत्रों पर अन्तिम निर्णय लेने पर जुर्माना राशि का वितरण किया जाएगा ।<br>**9. भूना सहकारी चीनी मिल**<br>धन अभाव के कारण जुर्माने की राशि का वितरण नहीं किया गया है। | | |
| 31. | वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>× × × गत वर्ष के 1135.62 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 1997-98 में 1267.20 करोड़ रुपये के फसली ऋण प्रदान किये गये। हरियाणा राज्य सहकारी बैंक ने कृषि ऋणों पर ब्याज की दर 2 प्रतिशत कम करके उसे 16 प्रतिशत से 14 प्रतिशत कर दिया, जिससे किसानों को 30 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। | | |
| 32. | श्री जय सिंह राणा, एम० एल० ए० द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1000— क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि वर्ष 1996-97 से 1999-2000 (आज | 15-11-99<br>× × × श्री एम०एल० कौशिक के विरुद्ध जब वह शाहबाद तथा कैथल सहकारी चीनी मिलों के प्रबन्ध निदेशक थे, दो शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों में मशीनों एवं कल पुर्जों की खरीद में की गई अनियमितताओं के आरोप लगाए गए | | |

तक)के दौरान राज्य में किन्हीं सहकारी चीनी मिलों के प्रबंध निदेशकों ने उपकरणों इत्यादि की खरीद से संबंधित कोई अनियमितताएं की हैं, यदि हां तो दोषी पाये गये चूककर्ता प्रबंध निदेशकों के नाम क्या हैं तथा उनके विरुद्ध अब तक यदि कोई कार्यवाही की गई, तो क्या ?

थे। शाहबाद चीनी मिल से संबंधित शिकायत की जांच अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां से करवाई गई थी और जांच में उनके विरुद्ध लगाए गए कुछ आरोप सिद्ध हुए थे। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर इस अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने एवं दी हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 की धारा 101 के अन्तर्गत सरचार्ज की कार्यवाही प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। एक अन्य शिकायत जो सहकारी चीनी मिल कैथल से संबंधित है का प्रबन्ध निदेशक शुगर-फैड हरियाणा को टिप्पणी हेतु भेजा गया है जिनकी टिप्पणी अपेक्षित है।

× × × श्री कौशिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए दिनांक 18-5-99 को मुख्य सचिव को लिखा जा चुका है तथा कार्यवाही चल रही है। चीनी मिल प्रसंघ द्वारा उनके विरुद्ध सरचार्ज की कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है तथा अन्य अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु सहकारी चीनी मिल शाहबाद को निर्देश दिए गए हैं।

× × × श्री जे०पी० कौशिक, एच० सी०एस० के विरुद्ध जब वह प्रबन्ध निदेशक सहकारी चीनी मिल शाहबाद, पलवल तथा जींद में कार्यरत थे, दो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन दोनों शिकायतों में

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | उनके विरुद्ध कल पूर्जे खरीदने, शीरा तथा चीनी को कम दामों में बेचने संबंधित अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। ये दोनों शिकायतें प्रबन्ध निदेशक शुगरफैड को टिप्पणी हेतू प्रेषित की गई हैं। | | |
| | | × × × श्री आर०पी० भारद्वाज, एच०सी०एस० के विरुद्ध जब वह प्रबन्ध निदेशक सहकारी चीनी मिल पानीपत में कार्यरत थे के विरुद्ध मिल में शराब बनाने हेतू परमैनटेशन टैंक को बनवाने में की गई अनियमितताओं से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई थी। यह शिकायत प्रबन्ध निदेशक शुगरफैड हरियाणा को जांच एवं रिपोर्ट हेतू प्रेषित की गई है। | | |
| | | 15-11-99 (प्रथम बैठक) | | |
| 33. | श्री पवन कुमार द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 302—क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या ज्योतिसर-पेहवा क्षेत्र में एक चीनी मिल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | जी हां श्रीमान्! पेहवा क्षेत्र में एक सहकारी चीनी मिल स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इस संबंध में अन्तिम निर्णय प्रस्ताव के गुण दोषों का विस्तृत अध्ययन करने के बाद लिया जाएगा। | | |

15-3-2001

34. राव नरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 574—क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नारनौल में एक सरसों के तेल की मिल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त मिल के कब तक स्थापित किये जाने की सम्भावना है ?

हैफेड का नारनौल में सरसों की तेल मिल लगाने का प्रस्ताव है। इस परियोजना के डेढ़ वर्ष के भीतर पूरा होने की सम्भावना है।

F-O
31/7/02

Dropped on — 20-11-02

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

REVENUE DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 35. | श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं० 11 के उत्तर में—<br>(क) क्या हांसी में गांव ढाणा रामपुरा में महाराजा फरीदकोट से संबंधित भूमि के आबंटन के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; तथा<br>(ख) यदि ऐसा है तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई? | 10-3-1992<br>(क) ग्राम ढाणा रामपुरा में भूतपूर्व महाराजा फरीदकोट की भूमि से संबंधित केवल एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है * * * * इस बारे उल्लेख है।<br>(ख) ऊपर खंड (क) में वर्णित स्थिति को ध्यान में रखते हुए और सरप्लस भूमि का अलाटियों को मौके पर कब्जा दिलाते समय किसी प्रकार हिंसा की संभावना को रोकने के लिए और मामले को स्थाई ढंग से निपटाने हेतु सभी संबंधित पक्ष एवं पार्टियों को विश्वास में लेकर सभी उचित कदम उठाये जाएंगे। | अलाटियों को कब्जा दिलाते समय कार्यवाही में रुकावट डलाने पर 11 व्यक्तियों (सूचि अनुबन्ध "क") के खिलाफ धारा 307 के अन्तर्गत केस दायर करवाया गया था जो न्यायालय में विचाराधीन है। इस जमीन में 56 लोगों (सूचि अनुबन्ध "ख") द्वारा 28 कनाल जमीन पर मकान बनाकर, 3 ट्यूबवैल लगाकर व 1225 कनाल 15 मरले भूमि पर काश्त करके नाजायज कब्जा किया हुआ है। यह समस्त रकबा स्पेशल कलैक्टर, हरियाणा के आदेश दिनांक 1-5-1979 द्वारा सरप्लस घोषित किया गया था। इस आदेश व अन्य पारित आदेशों के विरूद्ध राजा हरिन्द्र सिंह के वारसान ने माननीय उच्च न्यायालय में सिविल रिट पैटीशन नं० 2994/91 दायर की हुई है जिसमें न्यायालय द्वारा दिनांक 8-10-1991 को बन्दी आदेश जारी किया गया था। (13-5-98) | समिति इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है।<br>(12-11-98) |

15-0
27/8/2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 36. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर बोलते हुए प्रो० सम्पत सिंह द्वारा उठाया गया प्रश्न लेकिन जो गुड़गांव के गांव की जमीन थी उस बारे में मैं यह बताना चाहता हूँ कि मौजा इनायतपुर की 90 एकड़ जमीन जो कि दिल्ली के बिल्कुल नजदीक मारुति के नजदीक, दोनों तरफ दिल्ली रोड है, उस जमीन के 645 मालिक थे 22-12-92 और 23-12-92 को पावर ऑफ अटार्नी के द्वारा रजिस्टर कारवाई गई। चार फर्जी रजिस्ट्रेशन नम्बरों 1083, 1084, 1087 व 1090 से यह रजिस्ट्रेशन हुई है। स्पीकर सर जो पावर ऑफ अटार्नी देता है, उस के अंगूठे का निशान या दस्तखत होते हैं। पावर ऑफ अटार्नी में नाम लिखते हुए कुल 130 लेकिन साईन या अंगूठे केवल लगे हैं 59 आदमियों के, बाकि 71 के न तो अंगूठे हैं न ही साईन हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। | 24-2-93<br>अध्यक्ष महोदय, उस तहसीलदार को सस्पैंड कर दिया गया है और बाकायदा इन्कवायरी भी चल रही है। हम किसी को बक्शेंगे नहीं। | श्री धर्मवीर मित्तल, तहसीलदार के नियम-7 के तहत आरोपित किया हुआ है और मामला आयुक्त जांच को नियमित जांच के लिये सौंपा हुआ है। अभी जांच जारी है।<br>(30-5-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-7-2001) |
| 37. | बाढ़ के कारण हुई क्षति संबंधी प्रो० छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न | 27-2-96<br>****राज्य सरकार बाढ़ की भविष्य में रोकथाम के लिए एक मास्टर प्लान तैयार कर रही है | राज्य में मई, 1996 में विधानसभा चुनाव होने उपरान्त मन्त्रीमण्डल द्वारा बाढ़ की | इस आश्वासन के बारे में कमेटी लेटेस्ट |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | संख्या 1237 का भाग (ङ)— "(ङ) क्या राज्य में भविष्य में ऐसी घटना को टालने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?" | जिसके लिए एक उच्च अधिकारी प्राप्त समिति का गठन सिंचाई व संसदीय कार्य मन्त्री की अध्यक्षता में किया गया है। इस समिति की अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं। समिति द्वारा 31-3-96 तक अपनी सिफारिशें देने की सम्भावना है। | रोकथाम हेतु मास्टर प्लान तैयार करने के लिये मुख्य सचिव हरियाणा की अध्यक्षता में एक उच्च अधिकारियों की कमेटी गठित करने का निर्णय लिया था। तदानुसार कमेटी का गठन कर दिया गया था। उक्त कमेटी द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई थी जो सरकार के विचाराधीन है और इस स्थिति में अभी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।<br>दूसरी ओर आयुक्त एवं सचिव, सिंचाई विभाग को मास्टर प्लान तैयार करने के सम्बन्ध में कन्सलटैन्ट (सलाहकार) नियुक्त करने बारे भी लिखा गया था। सिंचाई विभाग द्वारा दिनांक 22.11.99 को मुख्य सचिव हरियाणा की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई थी जिसकी प्रोसिडंग्ज अभी प्रतिक्षित है।<br>(5-6-2001) | पोजीशन जानना चाहती है।<br>(19-9-2001) |
| 38. | चौ० ओम प्रकाश बेरी द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 279— | 27-2-96<br>(ख) * * * * * * * * * * * * * * * *<br>****उपायुक्त अम्बाला, यमुनानगर, फरीदाबाद | While giving reply to the unstarred Assembly Question | Committee would like to know the |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्या उपरोक्त भूमि के आबंटन में अनियमितताओं के बारे में अम्बाला, यमुनानगर, फरीदाबाद तथा पंचकुला जिलों के उपायुक्तों से सरकार को कोई शिकायत प्राप्त हुई है; यदि हैं, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई है ? | और पंचकूला से कोई शिकायत सरकार को प्राप्त नहीं हुई है। किन्तु अम्बाला, यमुनानगर और पंचकूला के उपायुक्तों द्वारा भूमि की बिक्री/अलाटमैंट के कुछ केसों की जांच की गई है तथा उनकी रिपोर्ट सरकार के विचाराधीन है। | No. 279 asked by Sh. Om Parkash beri, MLA, it was reported that no complaint has been received by the Govt. from DCs of Ambala, Yamuna Nagar & Panchkula. However, some cases of sale/allotment of land were inquired into by the Deputy Commissioners of Ambala, Yamuna Nagar & panchkula. Their enquiry reports in some cases had been examined and after examination, some irregularities were found to have been committed in 10 cases. In 9 cases, out of these 10 cases, orders of sale/allotment have been cancelled/set aside by making *suo moto* references. In the remaining one caeð *suo-moto* reference for cancellation of allotment has been made under Section 33 of D.P. (C&R) Act, 1954 and the same is now fixed for 20-7-99.<br>(15-7-99) | latest position in this regard<br>(10-8-99) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 39. | तारांकित प्रश्न संख्या 214 के संदर्भ में श्री बिजेन्द्र सिंह कादियान द्वारा पूछा गया | 13-3-97<br>अध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह सवाल इस सवाल से मेल नहीं खाता लेकिन फिर भी मैं सदन की | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अनुपूरक प्रश्न— "मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि किसानों को पास बुकें कब तक जारी कर दी जायेंगी?" | जानकारी के लिए बताना चाहता हूँ कि अगले साल हमने इस काम के लिए 2 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं और मुद्रण एवं लेखन विभाग द्वारा पास बुक छापी जाएगी तथा दो या तीन महीने बाद हर जिले की एक तहसील को पास बुकें जारी कर दी जायेंगी। | | |
| 40. | तारांकित प्रश्न संख्या 799 के संदर्भ में श्री सम्पत सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * इस बारे में मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि कितनी जमीन ऐसी है जिसमें पिछले 4 साल से बिजाई नहीं हुई, कितनी जमीन ऐसी है जिस पर पिछले 3 साल से बिजाई नहीं हुई है, * * * * * * * *। अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह भी जानना चाहता हूं कि इन्होंने इस बारे में भारत सरकार को सैंट्रल ऐड़ के बारे में लिखा है या नहीं, अगर | 1-2-99 * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * अध्यक्ष महोदय, जो अनसोईंग जमीन है वह 19448 एकड़ के करीब है और जहां तक मुआवजे की बात है उसके लिए आप को पता ही है कि वैसे तो बजट में हमारे पास कोई साधन नहीं है लेकिन हमारी सरकार फिर भी नार्मज के अनुसार जितनी जमीन में नुक्सान हुआ है उसमें 1 से 25%, 25% से 50%, 50% से 75% और 75% से 100% तक नुक्सान के हिसाब से अलग-अलग मुआवजे की राशि देगी और इन सबको मिला कर यही राशि लगभग 30 करोड़ बनती है। यह राशि हमारी सरकार मुआवजे के रूप में जरूर देगी। | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | लिखा है, तो इनको कितनी सैंट्रेल ऐड मिली, अगर नहीं मिली तो इन्होंने इस बारे में क्या प्रयास किए तथा ये कह रहे हैं कि मुआवजा देने का कार्यक्रम अंडर कंसीड्रेशन है, ये किसानों को मुआवजा कब तक देंगे ? किसानों ने दूसरी फसल की बिजाई करके और पैसा भी खर्च कर दिया है।" | | | |
| 41. | तारांकित प्रश्न संख्या 799 के संदर्भ में श्री देवराज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय को यह बताना चाहता हूं कि मेरे हल्के के कुछ गांवों में किसान तीन-तीन साल से फसलें नहीं बो सके और अभी भी उनके खेतों में पानी खड़ा है और जिनके पास एक एकड़, 2 एकड़ या 3 एकड़ जमीन है और उन को तीन-तीन साल बिजाई न कर पाने से नुकसान हो गया तो वो कहां से खाएंगे और उनका क्या हाल होगा और क्या मन्त्री जी इस ओर कोई ध्यान देंगे?" | 1-2-99<br>* * * * * * * * * * * * * * * * * * *<br>जहां पर फसलों का नुक्सान हुआ है और जो दो गांव माननीय सदस्य बता रहे थे उन दो गांवों का ही नहीं बल्कि इनके पूरे जिले के इस कस्बे का जो नुक्सान है उसके लिए मुआवजा हमारी राज्य सरकार के जो नार्मज फिक्स हैं उसके हिसाब से जरूर दिया जाएगा। | वर्ष 1998 में बेमौसमी वर्षा/तेज हवाओं से खड़ी फसलों को हुये नुक्सान बारे 757.29 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को एक ज्ञापन भेजा गया था जिसमें 522.75 करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित था। इस मांग के विरुद्ध भारत सरकार ने राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से केवल 13.27 करोड़ रुपये स्वीकृत किये जो कि बहुत कम हैं। अतः मांगी गई केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत करने हेतु मुख्य मन्त्री जी की ओर से प्रधान मन्त्री जी, भारत सरकार को दि० 20-10-99 को अ.स. पत्र लिखा गया था, परन्तु अभी तक भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता स्वीकृत नहीं की गई है। (28-8-2000) | Committee would like to know the latest position in this regard (11-10-2000) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 42. | (क) श्री राम जी लाल, एम.एल.ए. द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 1007-- क्या राजस्व राज्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या वर्ष 1995 तथा 1996 के दौरान पुनर्वास/चकबन्दी विभाग द्वारा भूमि की बिक्री/आबंटन में कोई अनियमितताएं/अवैधताएं की गई हैं;<br>(ख) यदि हां, तो क्या इस संबंध में जिला प्रशासन अम्बाला, यमुनानगर, फरीदाबाद तथा पंचकूला से सरकार को कोई शिकायत प्राप्त हुई है; तथा<br>(ग) क्या सरकार द्वारा अब तक कोई जांच की गई है, यदि हां, तो उसकी रिपोर्ट क्या है तथा इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई? | 15-11-99<br>* * * इस संबंध में जिला प्रशासन अम्बाला, यमुनानगर, फरीदाबाद और पंचकूला से निश्चित तौर पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। फिर भी सरकार द्वारा वर्ष 1996 में यह निर्णय लिया गया कि जिला अम्बाला, पंचकूला और यमुनानगर के उन सभी अलाटमैंट/बिक्री/भूमि अंतरण के केसों की जांच की जाए जिनमें अनियमितताएं होने की आशंका थी। अलाटमैंट के 26 केसों में आयुक्त अम्बाला मण्डल, अम्बाला द्वारा जांच की गई और इसके अतिरिक्त क्रमशः 35, 2 और 39 बिक्री/भूमि अंतरण के केसों में क्रमशः उपायुक्त अम्बाला, पंचकूला और यमुनानगर द्वारा जांच की गई। जिला अम्बाला के 3 केसों को छोड़कर सभी केसों में रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। इन रिपोर्टों के भली भांति निरीक्षणोंपरांत यह पाया गया है कि अलाटमैंट के 25 केसों में और बिक्री/सम्पत्तियों के अंतरण के 25 केसों में अनियमितताएं की गई, पाई गई हैं। इन सभी केसों में निपटान की गई संपत्तियों को वापिस लेने के लिए सक्षम न्यायालयों में सुओमोटो रेफरेंस किए जा चुके | Relating to Rehabilitation पुनर्वास विभाग Department. 23-10-02 | |

48

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | हैं। दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी प्रारम्भ की जा चुकी है। | |
| 43. | श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 23 क्या राजस्व मंत्री कृपया बतायेंगे कि क्या निकट भविष्य में फरीदाबाद शहर में उपायुक्त कार्यालय तथा अन्य सिविल अधिकारियों के लिये एक लघु सचिवालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है; यदि हां, तो उसकी स्थिति क्या है तथा उस पर कितना अनुमानित खर्च किया जायेगा? | 13-3-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>जी हां, लघु सचिवालय कम्पलैक्स का प्रशासकीय खण्ड वर्तमान लघु सचिवालय कम्पलैक्स में 12.50 करोड़ रु० की अनुमानित कीमत से निर्मित किया जाना है। | Committee would like to know the latest position in this regard<br>(11-10-2000) |
| 44. | श्री बलबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 673; क्या राजस्व मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या महम निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित गांवों की भूमि जोत की चकबन्दी करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है— | 12.6.2001<br>(प्रथम बैठक)<br>जी हां गांव निंदाणा भैणी चन्द्रपाल तथा गिरावड़ में चकबन्दी कार्य चल रहा है। गांव मोखरा खेड़ी रोज में चकबन्दी की जानी सम्भावित है। इन गांवों में चकबन्दी कार्य जून 2002 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। | Related to Consolidation Department |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 1. निंदाणा ; 2. भैणी चन्द्रपाल ; 3. गिरावड़ ; तथा 4. मोखरा-खेड़ी रोज; तथा (ख) यदि हां, तो इसके कब तक करवाने की संभावना है? | | | |
| | | 12-6-2001 (प्रथम बैठक) | | |
| 45. | तारांकित प्रश्न संख्या 673 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि बहादुरगढ़ उपमण्डल में कई बड़े बड़े गांव ऐसे हैं जहां चकबन्दी का काम नहीं हुआ है जैसे छारा, मांडोठी, आसोदा। क्या सरकार इन गांवों में चकबन्दी करवाने का विचार करेगी? | अध्यक्ष महोदय, जिला झज्जर के आठ गांव ऐसे हैं जहां चकबन्दी की स्कीम बनाई जा रही है जैसे छारा, मांडोठी, बाडसा, आसोदा, टोड्रान, बराही, खेड़ी, मोहम्मदपुर माजरा, कलोई। छारा गांव में चकबन्दी की स्कीम बनाई जा रही है। मांडोठी गांव जो माननीय विधायक जी के हल्के में आता है, में चकबन्दी की स्कीम बनाई जा रही है। इसी तरह बाडसा में भी चकबन्दी की स्कीम चल रही है। चूंकि स्टाफ का अभाव है। इन 89 गांवों को छोड़कर 54 के करीब गांवों में चकबन्दी का कार्य चल रहा है। उपरोक्त झज्जर के 8 गांवों में से खेड़ी को छोड़कर बाकि सभी गांवों के | | |

लिए ओम प्रकाश चौटाला जी की सरकार के निर्देश हैं कि जल्दी से जल्दी चकबन्दी का कार्य पूर्ण कर दिया जाए। खेड़ी गांवों में क्योंकि जोतो का विभाजन होना है इसलिए वहां यह कार्य पूर्ण होने के बाद चकबन्दी के कार्य को टेक अप करेंगे।

Related to Consolidation Department - 23-10-02

चकबन्दी विभाग

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

REHABILITATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 46. | तारांकित प्रश्न संख्या 1007 के संदर्भ में श्री राम जी लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>''स्पीकर सर, मेरा सवाल यह था कि किन जिलों में यह (पुनर्वास/चकबंदी विभाग द्वारा भूमि की बिक्री/आबंटन में की गई अनियमितताएं/अवैधताएं संबंधी) बेकायदगी बरती गई और कितनी–कितनी भूमि उनको अलॉट की गई, अलाटी कौन-कौन हैं, जिनके नाम भूमि अलॉट की गई और क्या पिछली सरकार ने उन दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की और यदि नहीं तो आप क्या कार्यवाही करने जा रहे हैं?'' * * * मैं आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि क्या यह कार्यवाही तत्काल की जायेगी। क्योंकि जिन लोगों की जमीन अलॉट की गई है वे इन जमीनों को धड़ाधड़ बेचने लग रहे हैं और उन्होंने रजिस्ट्री करवानी शुरू कर दी है। | 15–11–99<br>स्पीकर सर, इस बारे में लिस्ट सदन के पटल पर रखी हुई है, 32 व्यक्ति दोषी हैं और इस लिस्ट में भूमि की तादाद और संख्या दी गई है इस मामले के अन्दर जो भी दोषी करार पाये गए हैं उनके 2–3 के खिलाफ कार्यवाही की गई है। पिछली सरकार ने इस बारे में कोई कार्यवाही नहीं की। यह सारी कार्यवाही हमें करनी पड़ेगी। *** मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि एक महीने के अंदर यह कार्यवाही कर दी जायेगी। | तारांकित प्रश्न संख्या 1007 के सन्दर्भ में श्री रामजीलाल एम.एल.ए. द्वारा पूछे गए अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के आधार पर सरकार ने वर्ष 1995 व 1996 के दौरान अलाट की गई भूमि की जांच राज्य चौकसी विभाग से करवाने का निर्णय लिया, कुल 92 केसों में से चौकसी विभाग ने 36 केसों में अब तक 4 एफ.आई.आर. दर्ज करवायी हैं और उनमें कानून के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। कुछ दोषियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। बाकी के केसों में चौकसी विभाग द्वारा जांच की जा रही है। इस प्रकार सरकार ने दिए गए आश्वासन की पूर्ण पालना कर दी है।<br>(19–10–2001) | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

INDUSTRIES DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | -5 |
| 47. | वर्ष 1998-99 का बजट। | 21-7-98<br>***हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम ने बावल में 156 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण किया है। इस औद्योगिक सम्पदा के अधीन लगभग 1200 एकड़ भूमि है। प्रथम चरण में लगभग 400 एकड़ भूमि का विकास किया जा रहा है। दूसरे चरण में 800 एकड़ भूमि का विकास करने का कार्य शीघ्र ही शुरु होगा। आगामी तीन वर्षों में इसमें 125 करोड़ रुपए का निवेश होने की संभावना है। 107 एकड़ भूमि पर निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क का विकास कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत लगभग 450 एकड़ भूमि अधिसूचित की गई है। आगामी तीन वर्षों में इस परियोजना में 75 से 80 करोड़ रुपये का निवेश होने की आशा है। साहा (जिला अम्बाला) में 1000 एकड़ क्षेत्र में एक विकास केन्द्र की स्थापना की जा रही है। लगभग 400 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। भारत सरकार ने इस परियोजना की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसका | हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम ने जनवरी 1998 में बकाया 186 एकड़ भूमि का कब्जा ले लिया था। अब ग्रोथ सैन्टर बावल के लिए कुल 1166 एकड़ भूमि अभिग्रहण की जा चुकी है इसके अतिरिक्त 46 एकड़ भूमि इस औद्योगिक सम्पदा वाटर बॉक्स बनाने हेतु अभिग्रहण की जा रही है। पहले ग्रोथ सैन्टर के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है। दूसरे चरण का काम 800 एकड़ भूमि पर दिसम्बर, 1998 को कार्यान्वित है। अब तक इस परियोजना पर 5185 लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं और अगले दो वर्षों में 7000 लाख रुपया खर्च करने का अनुमान है।<br>निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क का विकास कार्य पूरा हो चुका है। कामन यूटीलिटी का कार्य प्रगति पर है। औद्योगिक सम्पदा फेज-4 के लिए 107+323 एकड़ भूमि का अभिग्रहण | The Committee would like to know the latest position in this regard<br>(21-8-2000) |

विकास दो चरणों में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गन्नौर के समीप बढ़ी में 500 एकड़ भूमि पर औद्योगिक केन्द्र विकसित करने की योजना बनाई गई है। भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत लगभग 300 एकड़ भूमि अधिसूचित की गई है। इस स्थल पर कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा।

किया गया है और इसके अतिरिक्त 53 एकड़ भूमि निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क के विस्तार हेतु अभिग्रहण की जा चुकी है ।

साहा जिला अम्बाला में 1000 एकड़ भूमि पर विकास केन्द्र विकसित किया जाऐगा। भारत सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 8119 लाख रूपये की राशि खर्च करने अनुमोदन किया है। अब तक 389 एकड़ भूमि अभिग्रण की जा चुकी है तथा भूमि अभिग्रण करने के लिये हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम ने भूमि अर्जन अधिकारी के पास 1085 लाख रूपये दिनांक 8-5-2000 को जमा करवा दिये है। इसके अतिरिक्त उपरोक्त बताये गये विकास केन्द्र के लिये 24 एकड़ 5 कनाल 9 मरला भूमि अभिग्रहण की जा चुकी है।

(13-8-2000)

Oralle Examine on 07th Next meeting 23/4/02 57

7.12.02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

TRANSPORT DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 48. | श्री मनी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 1357-क्या कालांवाली मंडी में बस स्टैंड के निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? | 11-3-1991<br>जी हां। | कालांवाली में ''ए'' टाईप का बस स्टैण्ड के निर्माण हेतु 363 × 348 भूमि नगर पालिका कालांवाली से 27000/- रुपये की लागत से खरीदी गई है। महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, सिरसा ने सूचित किया है कि दिनांक 28-3-97 को इस भूमि की रजिस्ट्री परिवहन विभाग के नाम हो चुकी है। बस स्टैण्ड निर्माण बारे रफ अनुमान तैयार करवाए जा रहे हैं।<br>(20-10-97) | कमेटी इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है।<br>(12-11-97) |
| 49. | तारांकित प्रश्न संख्या 350 के संदर्भ में श्री राम रतन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>''अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि मुख्य मन्त्री जी ने मेरे हल्के हसनपुर में बस-स्टैंड बनवाने का जो आश्वासन दिया था, वह कब तक पूरा हो जाएगा?'' | 23-12-1992<br>हसनपुर में जमीन ऐक्वायर की कोई कार्यवाही शुरू नहीं हुई है फिर भी मुख्य मन्त्री जी ने आश्वासन दिया है तो हमें उसे पूरा करना है व कार्यवाही हम पूरी करेंगे? | परिवहन बोर्ड की 21-6-93 को हुई 67वीं बैठक में निर्णय लिया गया था कि बस-स्टैण्ड का निर्माण उस स्थान पर होगा जहां पर हरियाणा अर्बन डिवैल्पमैंट अथोरिटी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत एवं हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड इत्यादि द्वारा मुफ्त भूमि उपलब्ध करवाई जायेगी। ग्राम पंचायत हसनपुर | Committee would like to know the latest position.<br>(12-11-97) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | में "ए" टाईप का बस-स्टैंड बनाने के लिए 15-5-92 को 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पास कर चुकी है, परन्तु उपरोक्त भूमि बिना लागत परिवहन विभाग के नाम हस्तांतरित करने बारे निदेशक विकास एवं पंचायत विभाग से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। पंचायत विभाग द्वारा निःशुल्क भूमि से उपलब्ध कराये जाने पर बस-स्टैण्ड के निर्माण बारे आगामी कार्यवाही की जा सकेगी। (20-10-97) | |
| 50. | चौधरी जाकिर हुसैन द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 538 का भाग (क) तथा (ख)<br>(क) क्या जिला गुड़गांव में तावडू में बस अड्डे के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य के कब तक आरम्भ होने की संभावना है? | 12-3-93<br>(क) जी हां।<br>(ख) साईटिंग बोर्ड द्वारा भूमि का निरीक्षण किया जा रहा है। स्थान का अनुमोदन सरकार से किये जाने के उपरान्त भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही आरम्भ की जायेगी। भूमि अधिग्रहण के उपरान्त तथा विभाग के पास धनराशि की उपलब्धि पर ही बस अड्डे का निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा। | तावडू में "ए" टाईप का बस स्टैण्ड बनाने के लिए तत्कालीन माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा दिनांक 12-12-95 को। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की जमीन पर शिलान्यास किया गया था। शिलान्यास के समय तत्कालीन मुख्य मन्त्री ने मौखिक आश्वासन दिलाया था कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड बस स्टैंड बनाने के लिए 2 एकड़ भूमि निशुल्क परिवहन विभाग को उपलब्ध करायेगा। इसके पश्चात यह मामला सी०ए०एच०एम०बी० के साथ भूमि उपलब्ध करवाने बारे टेक अप किया | (कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है।<br>(12-11-97) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | हुआ है। भूमि के उपलब्ध होने पर ही बस स्टेण्ड के निर्माण की कार्यवाही सम्भव हो सकेगी। (20-10-97) | |
| 51. | तारांकित प्रश्न संख्या 557 पर श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– ''स्पीकर साहब, मन्त्री जी ने बताया है कि दो साल से घाटा हो रहा है और 8 करोड़ के लगभग घाटा हो गया होगा क्या इंक्वायरी रिपोर्ट के आधार पर किसी व्यक्ति की जिम्मेवारी फिक्स की गयी है। मेरा एक तो सवाल यह है। दूसरा मेरा सवाल यह है कि आमतौर पर एक बस की उम्र अपनी सड़कों के हिसाब को देखते हुए कितनी है ? जब बसें चलती हैं तो उनमें स्टपनी और दूसरे इम्पलीमैंट्स वगैरह भी होते हैं ? | 31-8-1993<br>* * * * * * मिनी बसें घाटे में चल रही थीं और खरीदे जाने की जिम्मेवारी भी श्री ओम प्रकाश चौटाला तत्कालीन मुख्य मन्त्री तथा श्री धर्मवीर तत्कालीन परिवहन मन्त्री की बनती है। यह एक सरकारी रिपोर्ट है जो डायरैक्टर जनरल, विजीलैंस की तरफ से हमारे पास आई है। मैं आप को यह बताना चाहता हूं कि यह रिपोर्ट अभी एग्जामिन हो रही है इसके बाद इस पर उचित कार्यवाही करेंगे। | In this connection it is mentioned that case has been registered vide मुकदमा नं० 13 तथा 13-6-96 धारा 13 (1) पी०सी० एक्ट 88 थाना राज्य चौकसी ब्यूरो हरियाणा करनाल। The above case is further being investigated by Vigilance Deptt. The further details accordingly would be given by the vigilance Deptt. (20-10-97) | (कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है। (12-11-97) |
| 52. | तारांकित प्रश्न सं० 1190 के संदर्भ में श्री राम कुमार कटवाल द्वारा पूछा गया | 26-9-95<br>* * * सर हमने इस बस स्टैंड को बनवाने के लिए पी०डब्ल्यू०डी० (बी०एण्ड आर०) के पास | महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, | (कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीनतम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अनुपूरक प्रश्न—''* * * इन्होंने कम से कम यह तो माना कि इस बस स्टैंड (राजौंद बस स्टैण्ड) के निर्माण का कार्य चौखट तक पहुंच गया है। सन् 1990 में यह बस स्टैंड बनना चालू हुआ था लेकिन अभी तक यह केवल चौखट तक ही बना है इसलिए मुझे चौधरी भजन लाल जी की सरकार पर विश्वास नहीं है कि यह सरकार उस बस स्टैंड को बनवा पाएगी। सर, वहाँ पर ईंटे भी पड़ी हुई हैं, बजरी भी पड़ी हुई है, सरिया भी पड़ा हुआ है, यानी सारा मैटिरियल वहां पर पड़ा है फिर भी इनकी नीयत उस बस स्टैंड को बनवाने की नहीं है। मैं जानना चाहता हूँ कि सरकार उस बस स्टैंड को कब तक बनवा देगी?'' | पांच लाख 46 हजार रुपये जमा करवाए हुए हैं और मैं इनको आशवासन देता हूं कि हम दस लाख रुपये इसके लिए 15 दिन के अन्दर-2 और रिलीज कर देंगे। * * * * * मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस बस स्टैंड का काम 90 दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा।<br>23-3-95 | ने सूचित किया है कि बस स्टैंड की ईमारत का कार्य तथा फर्श आदि का कार्य चारदीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है। बस स्टैंड के कम्पाऊंड में मिट्टी डालने का कार्य प्रगति पर है और बिल्डिंग, फर्श आदि का कार्य चालू है।<br>(20-10-92)<br>महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, ने सूचित किया है कि बस स्टैंड की ईमारत का कार्य तथा फर्श आदि का कार्य चारदीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है। बस स्टैंड के कम्पाऊंड में मिट्टी डालने का कार्य प्रगति पर है और बिल्डिंग, फर्श आदि का कार्य चालू है।<br>(20-10-92) | स्थिति जानना चाहती है।<br>(12-11-97) |
| 53. | तारांकित प्रश्न संख्या 1058 पर श्री अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—''स्पीकर साहब, क्या मंत्री जी हथीन में बस स्टैंड बनाने का काम इसी वित्तीय वर्ष में शुरू करवा देंगे?'' | जी हां। | हथीन में ''ए'' टाईप के बस स्टैंड का निर्माण कराया जाना है। विभाग के पास पर्याप्त फण्डज नहीं है कि हथीन में बस स्टैंड का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में बनाने का आश्वासन दिलाया जा सके। प्रयुक्त बस स्टैंड की ड्राईंग अनुमोदित की जा चुकी है और लोक निर्माण विभाग को बस स्टैण्ड के निर्माण | (कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है।<br>(12-11-97) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | के लिए रफ अनुमान तैयार कराने बारे लिखा हुआ है। (20-10-97) | |
| 54. | बजट भाषण। | 6-3-96<br>* * * * रोहतक बाईपास, अम्बाला, रतिया, भादड़ा, हथीन, तावड़ू तथा ढाण्ड से बस अड्डे बनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है।* * * *<br>(11-3-97) | | |
| 55. | वर्ष 1998-99 का बजट। | 21-7-98<br>* * * हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा नियमित रूप से पुरानी बसों की जगह नई बसें खरीदी जाती हैं। विभाग का चालू वर्ष में 466 बसों को बदलने का प्रस्ताव है। वार्षिक योजना 1998-99 में सड़क परिवहन के लिए 48 करोड़ रुपये के परिव्यय को निर्धारित करने का प्रस्ताव है। | | |
| 56. | वर्ष 1998-99 का बजट। | 21-7-98<br>* * * विभाग ने यात्रियों के लिए सुविधाएं जुटाने की ओर विशेष ध्यान दिया है। वर्ष 1997-98 में असंध, रतिया, जुलाना, समालखा, अटेली और चरखी दादरी में आधुनिक बस अड्डे आरम्भ किये गए हैं। राजौंद, रोहतक, अम्बाला छावनी और भिवानी में नये बस अड्डे निर्माधीन हैं। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बलदेव नगर कैंप, अम्बाला शहर और हथीन में बस अड्डों के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है और लौहारू, कलायत, बाढ़ड़ा और रादौर में बस अड्डे बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शूरू कर दी गई है। कैथल और सढौरा में भी बस अड्डों के निर्माण करने का प्रस्ताव है। | कमेटी इस आश्वासन के बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है। (12-11-97) |
| 57. | श्री राम पाल माजरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 888 :—<br>(क) क्या सरकार द्वारा सहकारी समितियों को बस रूट परमिट आबंटित करने का कोई निर्णय लिया गया है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिए क्या मानदण्ड अपनाए गए हैं ? | 2-2-99<br>(क) हां, श्री मान जी।<br>(ख) परमिट मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 71(3) (घ) के अन्तर्गत दी गई प्रक्रिया के अनुसार अलाट किए जाएंगे। | |
| 58. | बजट भाषण—1999-2000 | 3-2-99<br>हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा पुरानी बसों के स्थान पर नियमित रूप से नयी बसें खरीदी जा रही हैं। इसके लिए वार्षिक योजना, 1999-2000 में 34.85 करोड़ रुपये का खर्च निर्धारित किया गया है। गत दो वर्ष छ: महीनों की अवधि के दौरान असन्ध, रतिया, जुलाना, समालखा, चरखी दादरी और अटेली में आधुनिक बस-अड्डों को चालू कर दिया गया है और अम्बाला छावनी, राजौंद, | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | रोहतक बाई-पास और भिवानी के नये बस अड्डे निर्माणाधीन हैं। सड़क परिवहन के लिए वार्षिक योजना, 1999-2000 में 40 करोड़ रुपये का खर्च निर्धारित किया गया है। | | |
| | | 5-9-2000 | | |
| 59. | तारांकित प्रश्न संख्या 104 के संदर्भ में श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री जी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हथीन में बस अड्डा बनाने की घोषणा की थी, वह बस अड्डा कब तक बन जाएगा ? | अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश की सरकार के माननीय मुख्य मंत्री चौधरी औम प्रकाश चौटाला जी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हथीन में बस अड्डा बनाने की जो घोषणा की थी, उसे जल्द पूरा कर दिया जाएगा। | **Implementation by Government** Land measuring 39 Kanal 18 Marla was acquired by Transport Department in 1986 for construction of a bus stand at Hathin. However, final payment of compensation of land was made in Sept. 1995. Earlier the department had decided to construct a 'A' type bus stand at Hathin for which drawings were also got prepared from the Chief Architect, Haryana. However on 12.3.2001 it was decided that a 2 Bays bus stand instead of 'A' type, be constructed there. Therefore, the Chief Architect, | The Committee would like to know the latest position in this regard. (28-8-2001) |

Haryana has again been asked vide memo No. 1228/CAI/C dated 11.5.2001 to provide fresh drawings. However the said drawings are yet to be received from them. After the drawings are ceveived, these will be immediately returned to Chief Architect, Haryana after approval thereof, who will further send these prints to Engineer-in-Chief, P.W.D. (B&R) for preparation of rough cost estimates. Thereafter, the estimates will be placed before the Transport Board according necessary approval to the executing of construction work by P.W.D. (B&R) and sanction to release the funds. Then the funds will be released and P.W.D. (B&R) department will take construction work inhand.

(18-7-2001)

7-3-2001

(प्रथम बैठक)

60. तारांकित प्रश्न संख्या 541 के संदर्भ में श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

* * मैं उनको बताना चाहूंगा कि नांगल चौधरी * * अगर नांगल चौधरी में भी बस स्टैंड की जरूरत होगी तो उसका भी सर्वे करवाकर उसको भी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|  | सब तहसील है और यह हरियाणा का आखिरी स्थान है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि अगर यह बस स्टैंड (नांगल चौधरी का बस स्टैंड) वे इस योजना में नहीं बना सकते तो क्या अगली योजना में इसको बनाने का सदन में आश्वासन देंगे? |  |  |  |
| 61. | श्री पदम सिंह दहिया द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 319—क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नई बसें खरीदने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उन पर कुल कितना खर्च किया जायेगा तथा इन्हें कब तक खरीदे जाने की संभावना है? | 8-3-2001 (प्रथम बैठक) हां श्रीमान्जी ! 1100 बसें 93.50 करोड़ की लागत से खरीद करने का निर्णय लिया गया है। नई बसों की खरीद 31.7.2001 तक पूर्ण कर ली जाएगी। |  |  |
| 62. | तारांकित प्रश्न संख्या 411 के संदर्भ में श्री जय प्रकाश गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि करनाल में जो सैक्टर-12 का एक नया बस अड्डा बनना प्रस्तावित है। वह कब तक बनाया जाएगा। | 13-3-2001 (प्रथम बैठक) स्पीकर सर, वैसे तो यह मामला अम्बाला छावनी के बारे में था लेकिन फिर भी माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि करनाल के सैक्टर 12 में नया बस अड्डा बनाने के बारे में हम हुड्डा से बातचीत कर रहे हैं और हम पूरी कोशिश करेंगे कि इसे जल्दी बनाया जाए। |  |  |

| | |
|---|---|
| | 13-3-2001<br>(प्रथम बैठक) |
| 63. तारांकित प्रश्न संख्या 411 के संदर्भ में श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय परिवहन मंत्री जी ने अभी बताया था कि रोहतक के पुराने बस अड्डे को रोहतक से बाहर बनाने की योजना है। इस बारे में मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या यह बस स्टैण्ड समयबद्ध योजना से बनाया जाएगा अगर बनाया जाएगा तो कब तक बनाया जाएगा ? | स्पीकर सर, मैं हुड्डा साहब को बताना चाहूंगा कि यह बस स्टैण्ड जल्दी से जल्दी बनाया जाएगा और जहां तक समयबद्ध योजना की बात है इसके लिए कोई समय निर्धारित नहीं किया है कि कब तक बनाया जाएगा। |
| | 14-3-2001<br>(प्रथम बैठक) |
| 64. श्री रामबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 428—क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या पटौदी कस्बे में बस-अड्डे के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हैं, तो पूर्वोक्त बस अड्डे का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ? | जी हां। उपयुक्त भूमि उपलब्ध होने पर सरकार पटौदी में बस स्टैण्ड बनाने के लिए उचित कार्यवाही करेगी। |
| | 14-3-2001<br>(प्रथम बैठक) |
| 65. तारांकित प्रश्न संख्या 428 के संदर्भ में श्री रमेश राणा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— | स्पीकर सर, * * * सम्मानित सदस्य ने घरौण्डा बस स्टैंड के बारे में पूछा है तो मैं इनको बताना |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | स्पीकर सर, * * * घरौण्डा जी.टी. रोड पर स्थित है वहां पर न तो कोई बस स्टैंड है और न ही कोई बस क्यू शैल्टर है। क्या सरकार के विचाराधीन कोई प्रस्ताव है कि वहां पर बस स्टैंड या कोई बस क्यू शैल्टर बनाया जाए, अगर हां तो यह कब तक बनाएंगे? | चाहूंगा कि वहां पर सर्वे करवा कर वहां पर बस स्टैंड बनाने बारे विचार किया जाएगा। | | |
| | | 14-3-2001 (प्रथम बैठक) | | |
| 66. | श्री पदम सिंह दहिया द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 321— क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में बस-सेवा/रूटों के निजीकरण संबंधी वर्तमान नीति में कोई परिवर्तन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | हां, श्रीमान् जी। | | |
| | | 15-3-2001 (प्रथम बैठक) | | |
| 67. | श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 532— क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हथीन में एक बस अड्डे का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक आरम्भ किए जाने की सम्भावना है? | हां, श्रीमान् जी, सरकार द्वारा हथीन में 2 बेस बस अड्डे का निर्माण करना प्रस्तावित है। निर्माण कार्य धन की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

IRRIGATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 68. | श्री सूरजमल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं० 225—<br>(क) क्या हसनगढ़ माइनर, नूनामाजरा माईनर तथा मान्डोठी माइनर का निर्माण शीघ्र कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि ऐसा है, तो उस पर निर्माण कार्य कब तक आरम्भ होने की संभावना है? | 2-9-1993<br>(क) हां जी।<br>(ख) हसनगढ़ माईनर का निर्माण कार्य पहले ही आरम्भ हो चुका है। 1-आर नूना माजरा माईनर तथा मान्डोठी माईनर को आगे बढ़ाने का कार्य धन की उपलब्धि पर वर्ष 1994-95 के दौरान आरम्भ किया जाना प्रस्तावित है। | (क) हसनगढ़ माईनर का कार्य जून 1997 में आरम्भ किया गया था जो कि मौके पर पूर्ण हो चुका है।<br>(ख) 1-आर नूना माजरा माइनर की बढ़ोतरी—यह स्कीम आर.आई.डी.एफ.-द्वद्व ना बार्ड के अन्तर्गत ना बार्ड द्वारा 2/2000 में पारित हुई है। इसकी लागत 50.65 लाख रुपये है। इस योजना के अलाईन्मैंट की मन्जूरी हो चुकी है तथा भूमि—अभिग्रहण कागजात धारा 4 सरकार द्वारा अनुमादित हो चुके हैं। इस योजना पर भूमि अधिग्रहण के पश्चात् शीघ्र ही कार्य शुरू कर दिया जायेगा।<br>मण्डोठी माइनर<br>इस कार्य को आरम्भ कर दिया गया था। परन्तु ठेकेदार ने किन्हीं कारणों | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(5-12-2001) |

F.O 10-7-02

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से कार्य को अधूरा छोड़ दिया और 31.3.2001 तक पूर्ण नहीं किया जा सका। ठेकेदार ने विभाग के विरूद्ध रोहतक न्यायालय में कोर्ट केस भी कर दिया है जिसकी अगली तारीख 2.8.2001 को है। (12-9-2001) | |
| 69. | तारांकित प्रश्न संख्या 1233 के संदर्भ में श्री ओम प्रकाश बेरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मन्त्री जी ने बताया कि जे०एल०एन० सीपेज की वजह से 5461 एकड़ एरिया प्रभावित हुआ है इनको महकमें ने गलत सूचना दी है। अध्यक्ष महोदय 20 हजार एकड़ एरिया सीपेज की वजह से अकेले रोहतक जिले में प्रभावित हुआ है हमने इस बारे में निरीक्षण किया है तभी यहां पर बता रहा हूँ।* * * | 29-9-95<br>* * * * * * * * * * * * * * * * * *<br>* * * * * * * * * * * * * * * * * *<br>जब मैं इनके साथ वहां पर गया था तो कुछ पम्प हाऊस खराब थे और उनको ठीक करने की बात कही थी। हमने उनको ठीक करवाया था लेकिन फिर खराब हो सकते हैं। हम इनको ठीक करवा देंगे * * * हम झज्जर सब ब्रांच के साथ डिच ड्रैन बनाने की सोच रहे हैं और यह 62 बुर्जी तक बनाने का विचार है। वहां पर मोघे देने हैं और बांध देने हैं।* * * | जे०एल०एन० से होने वाली सीपेज को काफी हद तक कम किया जा चुका है। नहर पर जब-जब भी पम्प हाऊस खराब होते हैं उन्हें तुरन्त चालु हालत में करने की व्यवस्था की जाती है।<br>झज्जर सब ब्रांच के साथ-साथ डिच ड्रेन का कार्य प्रगति पर है जिस पर अब तक एक करोड़ का व्यय हो चुका है। इस कार्य को 31-3-99 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसमें सीपेज की समस्या स्वयं खत्म हो जाएगी।<br>(2-12-98) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(2-12-98) |
| 70. | श्री सतबीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 1103—<br>(क) क्या जिला पानीपत में बलाना माईनर का निर्माण करने का कोई | 9-3-95<br>(क) हां, श्रीमान जी<br>(ख) निधियों की उपलब्धि पर माईनर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। | बलना माईनर के निर्माण की योजना नबार्ड द्वारा आर०आई०डी०एफ०-5 भाग-1 के तहत 196.52 लाख रु० की लागत से मंजूर है, भूमि अधिग्रहण के | The Committee would like to know the latest position in this regard. (14-2-01) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त माईनर को कब तक बनाए जाने की संभावना है? | | पश्चात कार्य शुरू कर दिया जायेगा।<br>(1-2-2001) | |
| 71. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मन्त्री श्री बंसी लाल द्वारा दिया गया उत्तर। | 24-5-96<br>* * * * लेकिन जो चौधरी भजन लाल जी ने सदन में बताया उसके हिसाब से लगता है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में ठीक गई। हम उस केस को परस्यू करेंगे और दूसरी तरफ साथ ही साथ हम पंजाब की सरकार से भी बात करेंगे।* * * * इसी तरह गंगा का पानी है, उसको लाने के लिए, केस को री-ओपन करवाकर हमारी भरसक कोशिश होगी कि गंगा का पानी लायें। | सुप्रीम कोर्ट में इसकी पैरवी चल रही है। सुनवाई की अगली तिथि 31.7.2001 है।<br>शारदा यमुना लिंग परियोजना को अंतिम रूप देने के लिये हरियाणा सरकार भारत सरकार के साथ पत्र व्यवहार कर रही है। इसकी अंतिम परियोजना रिपोर्ट अभी भारत से आनी है।<br>(12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(5-12-2001) |
| 72. | कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 4 के उत्तर में क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जे०एल०एन० उठान नहर तथा | 21-11-96<br>(क) जी हां।<br>(ख) जे०एल०एन० उठान नहर के कुछ पम्प 30-11-96 तक कार्य करने योग्य बना दिए जाएंगे। जे०एल०एन० उठान नहर/महेन्द्रगढ़ नहर सिस्टम के बाकि पम्पों | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | महेन्द्रगढ़ उठान नहर के पम्प अपनी मूल क्षमता के अनुरूप पानी नहीं निकाल रहे हैं तथा तुरन्त मुरम्मत / बदलने की आवश्यकता है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो ऊपर यथानिर्दिष्ट पम्पों को कब तक मुरम्मत करने/बदले जाने की सम्भावना है? | की भी, जिनकी ज्यादा मरम्मत होनी है या तबदीली होनी है, फण्ड मिलने के आधार पर 31-3-98 तक कर दी जाएगी। | | |
| 73. | श्री राम पाल माजरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 398—"क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला कैथल में निम्नलिखित ड्रेनों की खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं :<br>(i) किछाना ड्रेन; तथा<br>(ii) नई कसान ड्रेन? | 17-3-97<br>जी हां, जिला कैथल में निम्नलिखित ड्रेनों को खोदने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है :<br>(i) किछाना ड्रेन;<br>(ii) सोंगल ड्रेन (नई कसान ड्रेन के स्थान पर) जो गांव कसान को जोड़ती है। धन राशि के उपलब्ध होने पर वर्ष 1998-99 के दौरान इस पर कार्य करने की योजना है। | | |
| 74. | श्री रामफल कुण्डू द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 419—<br>"क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला जीन्द में कालवा किनाना ड्रेन की खुदाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसकी | 17-3-97<br>जिला जीन्द के कालवा-किनाना ड्रेन लगभग 177.00 लाख रुपये की लागत की एक स्कीम है। इस स्कीम पर वित्तीय वर्ष 1998-99 में निधि की उपलब्धता पर कार्य शुरू किए जाने की संभावना है। | कालवा-किनाना ड्रेन की परियोजना वर्ष 1996 में गांव भुरायण, सिल्लुखेड़ा, कालवा, आसन, सिवाहा, बराह कलां, सुन्दरपुर, बराह खुर्द, खरक रामजी, रधाना, बिरौली, किनाना व बराड़ खेड़ा गांव की 15, 484 हैक्टेयर भूमि बाढ़ग्रस्त | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(6-2-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | खुदाई कब तक किये जाने की संभावना है?" | | हो जाती है, को बचाने के लिए 31.15 किलोमीटर लम्बी ड्रेन जिसकी क्षमता 129 सी.एस.(क्यूसिक्स) है तथा जो कि बाढ़ में हिसार-घग्गर ड्रेन योजना का हिस्सा होगी और अब अस्थाई तौर पर इस का पानी सुन्दर-सब-ब्रांच की बुर्जी नं० 1000 दाएं पर पम्पों द्वारा डाला जाएगा कि परियोजना वर्ष 1996 में तैयार की गई थी और हरियाणा बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड की 27वीं मिटिंग व फिर पुनः वर्ष 1998 में 19वीं मिटिंग में स्वीकृति प्रदान की गई थी। अब इसकी संशोधित अनुमानित लागत 0909.47 लाख है जिसमें 192 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने का तथा 57 नं० पुल बनाने का प्रावधान है, को बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड की 32वीं मिटिंग, जो कि 26.2.2001 को हुई थी, में रखी गई थी।<br>भूमि अधिग्रहण की धारा 4 व 6 अधिसूचित हो चुकी है और आवार्ड के लिए 160 लाख रुपया जिला राजस्व एवं | |

भूमि अधिग्रहण अधिकारी जीन्द के पास जमा कर दिया है बाकी की 229 लाख रुपये की राशि मिलने पर इसकी भूमि का मुआवजा दिया जा सकता है और मई 2001 से पहले सप्ताह में, धन राशि का प्रावधान सुनिश्चित होने पर, कार्य शुरू हो जाएगा। (11-6-2001)

75. तारांकित प्रश्न संख्या 430 के संदर्भ में श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

"अध्यक्ष महोदय, महेश नगर, गोविन्द नगर तथा इसके साथ लगते क्षेत्रों से गुजरने वाली ड्रेन के कारण अम्बाला छावनी में बाढ़ आती है जिससे सारा शहर बाढ़ के पानी में डूबा रहता है। इस के बारे में जो स्टेटमैंट पेश की गई है यह स्टेटमैंट ऐप्रोप्रिएट है। मैं समझता हूं कि यह स्टेटमैंट तीन पार्टस में दी गई है। अगर तीनों प्रोपोजल्ज पर काम पूरा हो जाए तो अम्बाला छावनी हरियाणा में एक "फ्लड फ्री", शहर घोषित किया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि इन तीनों प्रोपोजल्ज

23-7-97

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि विज साहब ने बताया, इससे तीन हिस्से बनते हैं, एक हिस्सा आर०डी० से आर०डी० 2200 तक प्राईवेट जमीन में बनाना है। प्राईवेट जमीन वाले वहां पर खुदाई करने नहीं दे रहे हैं। इसलिए हम जमीन एक्वायर करने जा रहे हैं। दूसरे, यह आर०डी० 2000 से 6000 तक पक्की होती है। तीसरे, आर०डी० 6000 से 15000 तक पहले ही प्लान की जा चुकी है और फिर इससे आगे आर०डी० 26000 तक लिंक नहर बनेगी फिर उस लिंक ड्रेन से ऊपर नम्बर 3 स्कीम एग्जीक्यूट की जाएगी। जो यह 2200 मीटर में यूनिट लगा हुआ है, यहां पर एक लिफ्ट भी लगेगी। इन सब स्कीमों को मिलाकर कुल 65 लाख रुपए खर्च होंगे। तथा इन तीनों स्कीमों का कार्य जून, 1998 तक कम्पलीट हो जाएगा (थपिंग)

आर०आई०डी०एफ०-III में प्रावधान हुआ। 3860 फुट की लम्बाई का कार्य पूरा हो चुका है। शेष 140 फुट लम्बाई में एक साईड पर ड्रेन के किनारे पर पक्के डबल स्टोरी मकान बने हुए हैं जो कि अवैध हैं इस साईड को बिल्डिंग गिरने की डर की वजह से पक्का नहीं किया जा सकता। फिर भी यह मकान हटवाने की प्रक्रिया की जा रही है। वैसे भी इन मकानों को फ्लड डेयज में, जब यह ड्रेन पूरी भर कर चलती है तो गिरने का खतरा है। शेष 140 फुट का कार्य पूरा होना मुश्किल है।

3, इस सम्बन्ध में लिखा जाता है कि स्कीम लिंक ड्रेन आर०डी० 0-2540 का निर्माण, जो महेश नगर ड्रेन की आर०डी० 10900 के विपरीत टांगरी नदी

The Committee would like to know the latest

Dropped on 10-7-02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | को एग्जीक्यूट करने के लिए क्या वित्तीय वर्ष में कुछ फंड का प्रावधान किया गया है?" | | में डालने का कार्य हरियाणा बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड की 29वीं बैठक में राशि 39-72 लाख रुपये की पास हुई थी। इस स्कीम के तहत एक उठाए लिंक ड्रेन जो कि महेश नगर ड्रेन की आर०डी० 26000 बायें से निकल कर मिल्टरी ऐरिया में से गुजर कर टांगरी नदी में 50 क्यूसिक उठान पम्पों द्वारा डाली जायेगी। इस स्कीम को 2245 आर०एन०सी० में फण्ड की कमी होने के कारण तीसरी प्राथमिकता में रखा गया था और उसके बाद इस स्कीम का प्रावधान आर०आई०डी०एफ०-4 में डालने के लिए भेजा गया था। परन्तु यह स्कीम आर०आई०डी०एफ०-4 में भी स्वीकृत नहीं हुई। अब इस वर्ष भी फल्ड कन्ट्रोल बोर्ड की मीटिंग में यह स्कीम तीसरी प्राथमिकता में थी। फण्ड न मिलने के कारण तथा आर्मी से लैण्ड व स्वीकृति न मिलने के कारण कारवाई नहीं की जा सकती। इसके बारे में आर्मी के साथ पत्र | position in this regard (14-2-2001) |

व्यवहार चल रहा है। स्कीम की रिवाइजड कोस्ट फल्ड कन्ट्रोल बोर्ड की स्वीकृति व जमीन मिलने तथा फण्ड उपलब्ध होने के बाद कार्यान्वित करवाई जा सकती है। वर्तमान स्थिति/विभागीय उत्तर महेश नगर ड्रेन पम्प हाउस के नीचे आर०डी– 0 से 2200 तक की एक स्कीम हरियाणा बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड की 29वीं बैठक ( जो वर्ष 1997 की बाढ़ के बाद हुई थी) राशि 12.39 लाख रुपये की पास हुई थी जिस का कार्य वर्ष 1998 की वर्षा ऋतु से पूर्व करवा दिया है जिसमें कुल खर्चा 10.40 लाख रुपये हुआ है और यह खर्चा 2245 (आर०एन०सी०) हैड में किया गया है।

2. महेश नगर ड्रेन की आर०डी० 2000 से 6000 तक की ड्रेन को पक्का करने की स्कीम हरियाणा बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड की 27वीं बैठक जो वर्ष 1995 की बाढ़ के बाद हुई थी में पास हुई थी। स्कीम में इस ड्रेन को पक्का करने का प्रावधान था और स्कीम की कुल राशि 259.62 लाख रुपये थी। इस ड्रेन के लिए राशि 34.92 लाख रुपये का प्रावधान था। परन्तु फण्ड की कमी के कारण यह कार्य वर्ष 1996

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | में नहीं कराया गया जिसके पश्चात् वर्ष 1997 में इस कार्य के लिये राशि 37.20 लाख रुपये थी। (1-2-2001) | |
| 76. | श्री जय सिंह राणा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 727— क्या सिंचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि हथनी कुण्ड बांध के कब तक पूरा किया जाने की संभावना है; तथा इसके निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है? | 21-7-98<br>हथनीकुण्ड बैराज का निर्माण कार्य तथा उससे जुड़े हुए कार्य 23 सितम्बर 1999 तक पूरा करने का लक्ष्य है। 30 जून, 1998 तक पूरे काम का 67 प्रतिशत भाग पूरा कर लिया गया है। | | |
| 77. | वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>* * * * * पूर्ववर्ती स्कीमों के सफल कार्यान्वयन से प्रेरित होकर विश्व बैंक ने हरियाणा को 1858 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जल संसाधन समेकन परियोजना के लिए प्रदान की है, जोकि भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है। इस परियोजना में नहरी व्यवस्था का सुधार, नहरों का आधुनिकीकरण, हथनीकुण्ड बैराज का निर्माण एवं उप-सतही जल निकास प्रणाली पर आधारित पायलट योजनाएं शामिल हैं। हथनीकुण्ड बैराज | विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से हरियाणा जल संसाधन समेकन परियोजना वर्ष 1994 से वर्ष 12/2000 तक स्वीकृत है। आरम्भिक दौर में कुछ कारणों जैसे कि सिंचाई विभाग का फंक्सनल लाईन पर पुनः गठन, विश्व बैंक की निविदाएं आमंत्रित करने की शर्तों एवं नियमों की अनभिज्ञता, एवं विश्व बैंक की योजना सम्बन्धित कार्य | The Committee would like to know the latest position in this regard. (24-8-2001) |

प्रणाली के अनुरूप अपेक्षित कार्य प्रणाली को विकसित करने में व्यय हुए समय के कारण तथा वर्ष 1995 में अति वर्षा से उत्पन्न व्यवधान के कारण परियोजना के प्रथम दो वर्षों में कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही। परन्तु इन आरंभिक कठिनाइयों के उपरान्त परियोजना को पूर्ण गति एवं निष्ठा से परिचालित किया गया। हथनीकुण्ड बैराज का निर्माण कार्य 23 सितम्बर 1999 को पूर्ण कर लिया गया है। ड्रेन नं० 8, डी०डी० नं० 8, घग्गर ड्रेन इत्यादि, ड्रेन प्रणालियों को पुनः स्थापित कर हरियाणा राज्य के अधिकतर क्षेत्र को बाढ़ मुक्त कर दिया गया है तथा वर्षा ऋतु में जल-आप्लावित भू-भाग से जल निकासी को कम से कम समय में सुनिश्चित कर हजारों हैक्टेयर भूमि को पुनः कृषि योग्य बना कर प्रति वर्ष खाद्यान्न में वृद्धि की गयी है। आवर्धन नहर, बरवाला नहर की क्षमता को पुनर्स्थापित करने के लिए काम चल रहा है, इसी योजना के अन्तर्गत पथराला बांध, यमुना लिंक नहर, ओटू वियर का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। परियोजना के सुचारू रूप से संचालन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और यह कार्य जून, 1999 तक पूरा हो जाने की सम्भावना है।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | करने हेतु एस०जी०एम०जी० तथा स्टीयरिंग कमेटी आदि का गठन कर योजना की राज्य स्तर पर समुचित समीक्षा कर योज़ना की प्रगति कार्य उत्तरोत्तर तेज किया गया। परन्तु हरियाणा सरकार द्वारा योजना के लिए आवश्यक धन राशि समय पर और समुचित मात्रा में उपलब्ध न करा पाने के कारण तथा कुछ महत्वपूर्ण सलाहकारों की नियुक्ति एवं कैनाल एक्ट में वैधानिक संसाधनों में अधिक समय लगने के कारण वर्ष 12/1999 तक परियोजना की स्वीकृति राशि का 57% उपयोग हो सका।<br>हरियाणा सिंचाई विभाग द्वारा परियोजना के सफल संचालन के दृष्टिगत विश्व बैंक द्वारा योजना अवधि में दो वर्षों की वृद्धि विचाराधीन है।<br>(9-8-2000) | |
| 78. | वर्ष1998-99 का बजट | 21-7-98<br>* * * विभिन्न सिंचाई अधीन क्षेत्रों जैसे कि भाखड़ा व पश्चिमी यमुना नहर के अन्तर्गत आने | | |

वाले क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं के सुधार की कई योजनाएं स्वीकृत होने पर भी एक दशक से अधिक समय से लम्बित पड़ी थी। इसके लिए नाबार्ड ने 61 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आर०आई० डी० एफ०-II के अन्तर्गत उपलब्ध करवाई है और इनमें से बहुत सी योजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। वार्षिक योजना 1998-99 में सिंचाई व बाढ़ नियन्त्रण की विभिन्न योजनाओं के लिए 550-81 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

79. तारांकित प्रश्न सं० 630 के संदर्भ में श्री संपत सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

"* * * दूसरी मेरी सप्लीमैंटरी है जो मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं। (विघ्न) क्या एम० आई० टी०सी० में जो ओवर-स्टाफ है इसको दूसरे महकमों में एडजस्ट करेंगी क्योंकि इस में भी तकनीकी कर्मचारी हैं ताकि सर्क्स पर ज्यादा खर्चा हो सके। कहीं सरकार एम आई०टी०सी० को बन्द तो नहीं करने जा रही है ?"

23-7-98

"* * * अध्यक्ष महोदय, जहां तक एच०एस०एम०आई०टी०सी० में ओवर-स्टाफिंग की बात है, मैं भी मानता हूं कि इस में ओवरस्टाफिंग है लेकिन इन पिछले दो सालों के दौरान जब से हमारी सरकार आई है, इस कार्पोरेशन में कोई नई भर्ती नहीं की गई है तथा इस में से 500 कर्मचारी दूसरे अन्य महकमों में एडजस्ट किए गए हैं। मैं मानता हूं वास्तव में इस में ओवरस्टाफिंग है। जो ओवरस्टाफिंग है, हमारी सरकार दूसरे महकमों में इस फालतू स्टाफ को एडजस्ट करेगी और हम इसका नए सिरे से पुनर्गठन करेंगे।

| क्र॰ संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 80. | श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 702 के उत्तर में— "क्या सिंचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला झज्जर में गांव टांडा हेड़ी से गांव लावा खुर्द, नूना माजरा तक एक रजबाहे के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?" | 23-7-98 'हां, श्रीमान जी।" | जिला झज्जर में कथित क्षेत्र को सिंचित करने हेतु 1-आर नूना माजरा माईनर जो पहले ही बनी हुई है को आर॰डी॰ 4500-टेल से आर॰डी॰-1650 तक बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा स्कीम नाबार्ड-5 (भाग-2) के अर्न्तगत स्वीकृत की जा चुकी है जिस पर 50.65 लाख रुपये खर्च होने की संभावना है। इस कार्य को आरम्भ करने हेतु औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं ताकि इस कार्य को 31.3.2001 तक पूर्ण किया जा सके। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (19-12-2000) |
| 81. | श्री राम पाल माजरा द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 664 के संदर्भ में— क्या सिंचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि हरसोला, पुण्डरी, अमीन तथा कासन ड्रेनों की गाद अब तक नहीं निकाली गई है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा इन ड्रेनों की गाद कब तक निकाल दिये जाने की | 24-7-98 पुण्डरी, अमीन तथा कासन ड्रेनों की गाद अब तक नहीं निकाली गई है, क्योंकि इन ड्रेनों के जीर्णोद्धार का काम जल्दी ही शुरू किया जाना है। जल संसाधन एकीकरण परियोजना के तहत जीर्णोद्धार के सभी भागों, जिसमें गाद निकालना भी शामिल है, का काम साथ-साथ किया जाना है। फिर भी, इन ड्रेनों की सभी बाधाएं साफ कर दी गई हैं। इन ड्रेनों के पूर्ण जीर्णोद्धार का कार्य | | |

| | | |
|---|---|---|
| | संभावना है? | 1999 के बाढ़ सत्र से पहले कर दिया जायेगा? * * * * * |
| | | 28-7-98 |
| 82. | तारांकित प्रश्न संख्या —785 के संदर्भ में श्री वीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—स्पीकर साहब, मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इस काम (गोच्छी तथा सेरिया के बीच से बरसाती पानी के निकास के लिए उचित निकास प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए) पर कुल कितना पैसा खर्च होगा और यह स्कीम कब तक पूरी हो जाएगी इसके साथ साथ यह भी जानना चाहूंगा कि डीघल तथा गंगटान के साथ साथ लगते गांव हैं उन गांवों में जब भी ज्यादा बरसात होती है तो बरसात का पानी खड़ा होने की समस्या हो जाती है क्या उन गांवों से बरसात का पानी निकालने के बारे में महकमें की तरफ से कोई योजना अंडर कंसीड्रेशन है?" | * * * * "माननीय सदस्य ने इस योजना पर कुल कितना खर्च करने के प्रावधान के बारे में पूछा है मैं उनको बताना चाहूंगा कि इस योजना पर 21.15 लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान है और 17-4-98 को बाढ़ नियंत्रण बोर्ड से इस योजना को स्वीकृत करवाया जा चुका है। हम इस योजना के लिए जो कोशिश कर रहे हैं उससे हमें उम्मीद है कि यह योजना 30-6-99 तक पूरी हो जाएगी। * * * उसके बारे में भी (डीजल और गंगटान गांवों में से बरसात का पानी निकालने बारे) हम सर्वे करवा रहे हैं। जब उसकी अलाइनमैंट निश्चित हो जाएगी तो इस योजना को भी पूरा करवाने की कोशिश करेंगे।" |
| | | 28-7-98 |
| 83. | श्री संपत सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 49—क्या सिंचाई राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि— | (ख) पुलों को छोड़कर, पावड़ा नहर का निर्माण बुर्जी नं० 22,000 से 31,250 (अन्तिम छोर) तक पूरा हो चुका है। * |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (क) नई पाबड़ा ज़ोड़ नहर/जलमार्ग (चैनल) किस तिथि को स्वीकृत किया गया था;<br>(ख) पूर्वोक्त नहर के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसे कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ग) क्या पूर्वोक्त नहर/जलमार्ग (चैनल) के निर्माण के लिए अधिग्रहण की गई भूमि के लिए मुआवजा दिया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | * * इस कार्य के लिए निविदाएं पहले ही आमंत्रित की जा चुकी हैं और मई 1998 में खोली जा चुकी हैं। बुर्जी नं० 0 से 22,000 तक का कार्य शीघ्र ही आरम्भ कर दिया जाएगा तथा वर्ष 1998 के अन्त तक इसके पूरा होने की संभावना है। | | |
| | | 2-2-99 | | |
| 84. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान माननीय मुख्य मन्त्री जी द्वारा दिया गया आश्वासन— | नरवाना ब्रांच में 4022 क्यूसिक पानी की कैपेसिटी है और पानी आ रहा है 3400 क्यूसिक यानी 622 क्यूसिक पानी कम आ रहा है। अध्यक्ष महोदय, हमने पंजाब सरकार को 10 करोड़ 84 लाख रुपये दे रखे हैं और हमारा काम है कि हम अपना पानी पूरा लें। 200-400 क्यूसिक पानी तो शायद बढ़ा है उससे हमारी तसल्ली नहीं होती। हम चाहते हैं कि जो पानी कम आ रहा है वह | हरियाणा की सीमा पर नरवाना ब्रांच की कुल क्षमता पंजाब द्वारा ठीक प्रकार से देखभाल न किये जाने के कारण घटकर 3200 क्यूसिक हो गई थी। मुख्य अभियन्ता के स्तर पर पंजाब सिंचाई विभाग के साथ समय-समय पर यह विषय उठाये जाने के फलस्वरूप इस नहर की क्षमता बढ़कर 3500 क्यूसिक | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(5-12-2001) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हमको पूरा मिले। * * * * हम किसानों को पूरा पानी देंगे चाहे इसके लिये हमें और पैसा पंजाब सरकार को देना पड़े। | हो गई। हरियाणा को अभी भी 522 क्यूसिक पानी कम मिल रहा है। पंजाब सरकार द्वारा बाकी का कार्य पूरा करने के लिये 216.95 लाख रुपये मांगे थे जो पंजाब सरकार के पास मई 2000 में जमा करवा दिये हैं। पंजाब सरकार के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बाकी का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जायेगा और नरवाणा बीच की क्षमता बहाल हो जायेगी। (12-9-2001) | |
| | | 2-2-99 | | |
| 85. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान माननीय मुख्य मन्त्री जी द्वारा दिया गया आश्वासन— | अब रिवाड़ी लिफ्ट इरीगेशन स्कीम जिस पर 40-45 करोड़ के लगभग पैसा खर्च होना है उसका फाउंडेशन स्टोन रख कर आया हूं और उसको हम दो साल में बना कर तैयार कर देंगे। * * * * * * * रिवाड़ी लिफ्ट इरीगेशन के लिये नाबार्ड से 39 करोड़ 60 लाख रुपये का ऋण मंजूर कराया है जिससे हम 78 हजार 790 एकड़ भूमि में पानी पहुंचाएंगे। और पूरे अहीरवाल में 99 गांवों को इससे फायदा होगा। * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * | यह स्कीम 39.60 करोड़ रुपये लागत की परियोजना आर.आई.डी.एफ.11/2 के अन्तर्गत नाबार्ड द्वारा पारित है। इसके तहत 15 नहरों का निर्माण होना है जिनमें से 11 नहरों पर लगभग 85% कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य जो वर्ष दो हजार (2000) के दौरान फंड की कमी के कारण पूरा नहीं हो सका, इस वर्ष बजट तथा धन की उपलब्धी पर पूरा कर लिया जायेगा। (12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard. (5-12-2001) |

Dropped on 24/7/02

F.O 24/7/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 86. | विश्वास मत पर चर्चा के दौरान। | 25-6-99<br>* * * हथनीकुंड बैराज का निर्माण कार्य हमने पूरे जोर-शोर से शुरू किया और निर्धारित समय से भी 3 महीने पहले ही इसका निर्माण कार्य पूरा कर दिया। अब इसे केवल विधिवत् चालू किया जाना है। 202 करोड़ रुपये की लागत से बने इस बैराज से प्रदेश की नहरों को 6000 क्यूसिक अधिक पानी मिलेगा। * * | हथनीकुंड बैराज और डब्ल्यू.जे.सी. लिंक चैनल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है क्योंकि बिजली विभाग द्वारा यमुना हाईडल चैनल को पूरा किया जाना है इसलिए हथनीकुंड बैराज और पश्चिमी यमुना केनाल को विधिवत चालू किया जाना शेष है। पश्चिमी यमुना लिंक नहर द्वारा 4000 क्यूसिक अधिक पानी प्राप्त होगा। (11-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard. (5-12-2001) |
| 87. | विश्वास मत पर चर्चा के दौरान। | 25-6-99<br>* * * लाखन माजरा ड्रेन का काम अंतिम चरण में है और यह कार्य शीघ्र ही पूरा हो जायेगा। 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन ड्रेनों महम हल्के के 51 गावों को फायदा होगा। * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * | | |
| 88. | राज्यपाल महोदय को अभिभाषण। | 13-3-2000<br>* * * पथराला बांध का काम भी चल रहा है और नवम्बर, 2000 तक यह पूरा हो जायेगा। पिछली सरकार ने तो ओट्टू वीयर को छेड़ा ही नहीं था लेकिन माननीय मुख्य मन्त्री जी ने इसका | पथराला बांध के निर्माण हेतु सिंचाई विभाग व मैसर्ज भूनी हाईवे, मलशिया के मध्य दिनांक 20 दिसम्बर 1999 को एक समझौता हुआ था। इस समझौते के | |

| | | |
|---|---|---|
| | फाउंडेशन रख दिया है और इस पर काम शुरू हो चुका है और अक्तूबर, 2000 तक यह पूरा हो जायेगा। * * * * * * * * * * * * * * * | अन्तर्गत इस कार्य को 15 महीने में यानि मार्च 2001 तक पूर्ण करना था। लेकिन केन्द्रीय जल आयोग से इसकी ड्राईंग समय पर उपलब्ध न होने के कारण निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं किया जा सका और अब इसको मास जून 2001 तक पूर्ण कर लिया गया है तथा पथराला बांध दादूपुर का उद्घाटन माननीय श्री ए.सी. सेठी, जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा माननीय औइम प्रकाश चौटाला, मुख्य मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता में बुधवार, दिनांक 6 जून 2001 को सम्पन्न हुआ। इस कार्य पर अब तक लगभग 25.83 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। ओटू वीयर पर 11/99 में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 30.4.2001 तक 21.5 करोड़ रुपये की राशि व्यय हो चुकी है और 67% कार्य पूरा हो चुका है। इसका निर्माण कार्य नवम्बर 2001 तक पूरा होने का अनुमान है।<br>(12-9-2001) |
| 89. वर्ष 2000-2001 का बजट। | 14-3-2000<br>कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद तथा सिरसा जिला की जल-निकास समस्या के स्थाई समाधान हेतु | सिंचाई विभाग ने जनपद कैथल, जीन्द, हिसार, फतेहाबाद तथा सिरसा से बरसाती |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | हिसार-घग्घर नाले के निर्माण की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है, जिस पर लगभग 770 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस स्कीम को डब्ल्यू०आर०सी०पी० में सम्मिलित करवाने हेतु विश्व-बैंक प्राधिकारियों से आग्रह किया जा रहा है। | पानी की निकासी करके इसे घग्गर नदी पर सिरसा जनपद में बने ओटू बीयर के नीचे प्रवाहित करने के लिए हिसार-घग्गर ड्रेन नामक परियोजना जिसकी अनुमानित लागत 775 करोड़ रुपये है, बनाई, क्योंकि अभी तक इन जनपदों से बरसाती पानी की निकासी का कोई स्थाई प्रबन्ध नहीं है और बरसाती पानी को इन जनपदों के साथ लगती नहरों में उठान योजनाओं के द्वारा निकाला जाता है। शुरू में यह परियोजना 775 करोड़ रुपये की हरियाणा सरकार को मुख्य अभियन्ता के पत्र क्रमांक 1331/21-डब्ल्यू/परियोजना दिनांक 15.3.99 को स्वीकृति हेतु भेजी गई। यह परियोजना विश्व बैंक को हरियाणा में पहले से चल रहे पानी के स्रोतों के नवीनीकरण परियोजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवो हेतु भेजी गई। यह परियोजना केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली को प्रमुख अभियन्ता के पत्र क्रमांक 1309/21- | The Committee would like to know the latest position in this regard. (5-12-2001) |

डब्ल्यू दिनांक 12.3.99 को तकनीकी स्वीकृति हेतु भेजी गई। केन्द्रीय जल आयोग से बातचीत के बाद यह परियोजना 717 करोड़ रुपये के लिए संसोधित की गई। संसोधित परियोजना हरियाणा सरकार को प्रमुख अभियन्ता के पत्र क्रमांक 85-86/21-डब्ल्यू दिनांक 14.9.99 को 717 करोड़ रुपये की स्वीकृति हेतु भेजी गई जोकि अभी तक विचाराधीन है। यह परियोजना घग्गर स्टैंडिंग कमेटी केन्द्रीय जल आयोग की 10वीं बैठक जोकि 27.7.99 को हुई उसमें विचाराधीन ली गई तथा इसे अन्तर्राज्जीय दृष्टिकोण से निम्न शर्तों के साथ मंजूर कर दी गई :—

1. यह परियोजना केवल मानसून के मौसम में कार्य करेगी।
2. जब घग्गर नदी में ओटू बीयर से नीचे पानी की क्षमता 30,000 घन फुट से अधिक होगी तब इस परियोजना का पानी घग्गर नदी में प्रवाहित नहीं किया जाएगा।
3. घग्गर नदी के संग्रहण क्षेत्र में बाहर का पानी हिसार घग्गर ड्रेन

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | में नहीं डाला जाएगा।<br>तथापि यह परियोजना तकनीकी स्वीकृति हेतु केन्द्रीय जल आयोग के विभिन्न विभागों में विचाराधीन है। विश्व बैंक से वित्तीय सहायता लेने के लिए इस परियोजना पर दो सलाहकार विश्व बैंक के आदेशानुसार प्रस्तावित किये जा रहे हैं। उनकी प्रगति रिपोर्ट पर विचार विमर्श के पश्चात् ही विश्व बैंक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस परियोजना पर प्रस्तावित धन राशि में से 245.00 करोड़ रुपये 7286 एकड़ भूमि अभिग्रहण पर राज्य सरकार को खर्च करने होंगे क्योंकि विश्व बैंक की जल संसाधन परियोजना पर जारी समीक्षा में यह शर्त राज्य सरकार ने मान ली थी। क्योंकि विश्व बैंक भूमि अभिग्रहण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करता।<br>(12-9-2001) | |
| 90. | श्री धर्मबीर सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित | 12-3-2001<br>(क) हां श्रीमान् जी, | | |

प्रश्न संख्या 275—

(क) क्या जुई तथा सिवानी नहरों पर सभी लिफ्ट पम्पों की क्षमता कम हो गई है; यदि हां, तो क्या सरकार का उक्त पम्पों को बदलने का कोई प्रस्ताव है; तथा

(ख) यदि ऊपर के भाग (क) का उत्तर हां में हो तो दोनों नहरों पर नए लिफ्ट पम्प कब तक लगा दिये जायेंगे?

(ख) सिवानी नहर प्रणाली और जुई नहर प्रणाली पर स्थापित पम्पों की क्षमता को बढ़ाने की स्कीम आर.आई.डी.एफ.-1/भाग-1 के अन्तर्गत पत्र क्रमांक एन.बी./एस.पी.डी./आर.आई.डी.एफ.-1/(हरियाणा)/31/पी.एस.सी./99-2000 दिनांक 30.9.99 के द्वारा स्वीकृत हो चुकी है। इस परियोजना की 31.3.2002 तक पूर्ण होने की सम्भावना है।

12-3-2001

91. श्री बलवन्त सिंह मायना द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 337—

(क) क्या यह तथ्य है कि हसनगढ़ निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित माइनरों का निर्माण आरम्भ हो गया है :—

1. करोथा माइनर;
2. बलियाणा माइनर;
3. पाकसम्मा माइनर;
4. किसरेटी माइनर;
5. सांपला माइनर; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त माइनरों के कब तक पूरा होने की सम्भावना है?

(क) नहीं श्रीमान् जी,

(ख) केवल करोथा माइनर निर्माण योजना आर.आई.डी.एफ.-1 भाग-11 के अन्तर्गत स्वीकृत है। इस पर 31.3.2002 तक काम सम्पन्न होने की सम्भावना है।

19

20

Dropped on 24/7/02

Dropped on 24/7/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 15-3-2001 | | |
| 92. | श्री बलवन्त सिंह सायना द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 31— क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला पानीपत में नई बलाना माइनर के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके पूरा होने में कितना समय लगने की सम्भावना है? | हां श्रीमान् जी। 5.24 कि०मी० लम्बी नई बलाना माइनर इसराना डिस्ट्रीब्यूटरी के कि०मी० 4.68 दाएं से 196.52 लाख के लागत से बनाने की योजना आर.आई.डी. एक पांच के भाग-1 के अन्तर्गत स्वीकृत हुई है। यह परियोजना एक वर्ष के दौरान पूरी होने की सम्भावना है। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

POWER ELECTRICITY DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 93. | रॉज्य में सूखे से उत्पन्न स्थिति से सम्बन्धित नियम 84 के अधीन प्रस्ताव पर चर्चा के उत्तर में -<br>एग्रीमैंट हो रहा है। अध्यक्ष महोदय, यह काम जल्दी शुरू होने वाला है। पत्थर रखा गया है। एक इन्होंने हिसार व फरीदाबाद के बारे में भी कहा। उसका बाकायदा एम०ओ०यू० साईन हो गया है। उस पर भी एग्रीमैंट बहुत जल्दी होने वाला है। इसी तरह से इन्होंने फरीदाबाद गैस बेस्ड प्रोजैक्ट का भी जिक्र किया । इसको जापान गवर्नमैंट बनाएगी । तकरीबन सारा मामला तय हो चुका है और काम शुरु होने जा रहा है। | 31-8-93<br>यमुनानगर के अन्दर थर्मल प्लांट लगाने के बारे में बाहर की कम्पनियों के साथ नैगोसिऐशन हुआ, कुछ कंडीशंज के साथ नैगोसिएशन चला। काम शुरू हो रहा है।<br>आफ कम्पनीज इजराइल का सदस्य के मध्य 18-1-96 को हस्ताक्षर हुआ था, का वित्तीय क्लोज 1 जुलाई 1996 तक पूरा करना था जो यू०डी०आई०न कर पाई तथा पी०पी०ए० रद्द कर दिया गया। अब इस प्रोजैक्ट को अन्तर्राष्ट्रीय निविदाओं द्वारा निर्माण प्रस्तावित है। टैक्नीकल, वित्तीय तथा लीगल सलाहकार नियुक्त करने का कार्य जारी है।<br>**हिसार थर्मल पावर प्रोजैक्ट ( 4 × 250 )।**<br>हरियाणा सरकार ने इस प्रोजैक्ट को (आई०सी०बी० रूट) अन्तर्राष्ट्रीय निविदाओं द्वारा निर्माण करने की अनुमति दे दी है। अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी, वित्तीय तथा लीगल सलाहकार नियुक्त करने की भी अनुमति मिल गई है तथा इसकी नियुक्तियों का कार्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण करने की प्रक्रिया चल रही है। | L.P. 2-5 | F.O 2-5-02 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | फरीदाबाद (गैस बेसड) थर्मल पावर प्रोजैक्ट (400 मैगा०) एन०टी०पी०सी० तथा ह०रा०बि० बोर्ड के मध्य पावर परचेज एग्रीमैंट हो चुका है। सारी बिजली हरियाणा को मिलेगी। अक्तूबर 1996 में 337 एकड़ भूमि अधिग्रहण करके एन०टी०पी०सी० को दे दी है। यह प्रोजैक्ट जापान की वित्तीय सहायता से बनाया जा रहा है। प्रोजैक्ट को शुरू करने के लिए केबिनेट कमेटी आफ इकोनोमिक अफेयरस (सी०सी०ई०ए०) की अनुमति हाल में मिली है। राष्ट्रीय ताप निगम प्रोजैक्ट पर जल्दी कार्य आरम्भ कर रहे हैं। | | |
| 94. | श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1072—<br>(क) क्या पलवल उप-मण्डल में ताप-बिजली संयत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इसको कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है? | 13-3-95<br>(क) हां, श्रीमान जी।<br>(ख) वर्तमान समय में वैधानिक स्वीकृति और वित्तीय संसाधनों को अन्तिम रुप दिया जा रहा है इसके पश्चात् निर्माण अनुसूचि को अन्तिम रूप दिया जाएगा। | | |
| 95. | वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>राज्य सरकार सभी उपभोक्ताओं को वर्ष 2000 तक 24 घंटे तथा कृषि नलकूपों को लगातार 8 घंटे अच्छी वोल्टेज की एवं बिना बाधा के | 240 करोड़ रुपये की प्रथम ऋण की स्वीकृत राशि में से 131.21 करोड़ रुपये मिल चुके हैं जिससे सब-स्टेशन तथा | The Committee would like to orally examined |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | सुनिश्चित बिजली सप्लाई करने के लिए कृतसंकल्प है। राज्य का इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड को वर्ष 1998-99 में 899.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव है। | लाइन के कार्य हो रहे हैं। अब तक एक नया सब स्टेशन तथा 36.59 कि०मी० नई लाइन बन चुकी है तथा 33 सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई गई है। (25-8-2000) | thedepartment in one of its sub-sequesnt. (14-9-2000) |
| 96. | वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>* * * * * * विश्व बैंक ने कुल 2400 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया है, जिसमें से 240 करोड़ रुपये के प्रथम ऋण की स्वीकृति राज्य को प्राप्त हो गई है। विश्व बैंक के ऋण से विभिन्न क्षमताओं के 86 नए सब स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा एवं 73 मौजूदा सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 68,000 कि०मी० नई लाइनें भी बिछाई जाएंगी तथा 30,000 कि०मी० लाइनों की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। | | |
| 97. | बजट अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान माननीय मुख्य मंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन- | 27-7-98<br>× × × अध्यक्ष महोदय, हमारा पावर परचेज एग्रीमैंट पानीपत की आयल रिफायनरी से हो गया है वह हमें अल्टीमेटली मार्च, 2001 तक | पानीपत की आयल रिफायनरी के 301 मैगावाट के प्लांट से उत्पन्न होने वाली बिजली के पावर परचेज एग्रीमेंट पर | The Committee would like to know the latest |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 301 मैगावाट बिजली देगी। × × × | बातचीत अग्रिम स्थिति पर है। इस प्लांट से बिजली उत्पादन सन् 2004 में होने की संभावना है।<br>(25-8-2000) | position in this regard.<br>(20-9-2000) |
| 98. | श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 65—<br>क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या अम्बाला छावनी को बी०बी०एम०बी० 220 के०वी०ए० धूलकोट-सब डिवीजन की बजाए अन्य वैकल्पिक स्रोत से बिजली सप्लाई करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 2-2-99<br>(क) हां श्रीमान जी।<br>(ख) × × × × × × × × × × यह कार्य विश्व बैंक के द्वितीय चरण के वित्तीय पैकेज के अन्तर्गत किया जाना है जिसे दिसम्बर, 2001 तक चालू किया जाना निर्धारित है। | 220 के०वी० सब-स्टेशन तेपला, जिसे अम्बाला एरिया का लोड़ लेना है तथा और साथ के कार्यों को, पावर फ़ाईनेन्स कार्पोरेशन ने ऋण सहायता देने के लिए पारित कर दिया है। इस कार्य से टैण्डर किये जा रहे हैं। इस कार्य को 2002 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।<br>(12-12-2000) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(27-12-2000) |
| 99. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा दिया गया आश्वासन— | 2-2-99<br>× × × × × × वर्ष 1998-99 में हमारा अन्दाजा है क्योंकि अभी साल पूरा हुआ नहीं है हम 880 करोड़ 47 लाख रुपये की सबसिडी किसानों को देंगे और अगले साल यानि 1999-2000 में हम किसानों को 928 करोड़ की सबसिडी देंगे। × × × × × × × × × × × × × × × × × × × × | तीन वर्ष में किसानों को दी गई सबसिडी इस प्रकार है—<br>वर्ष 1998-99 में = 846 करोड़ रुपये<br>वर्ष 1999-2000 में=412 करोड़ रुपये<br>वर्ष 2000-2001 में = 30.33 करोड़ रुपये जुलाई 2000 तक<br>(12-12-2000) | The Committee would like to orally examine the department one of its subsequent meeting.<br>(27-12-2000) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 100. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान माननीय मुख्य मन्त्री जी द्वारा दिया गया आश्वासन— | 2-2-99<br>अध्यक्ष महोदय, अब जो हम आगे नए सब-स्टेशन बनाने जा रहे हैं वह इस तरह से हैं 220 के.वी. के 9,132 के.वी. के 25, 66 के.वी. के 20 और 33 के.वी. के 39 यानि टोटल 93 सब-स्टेशन लगाने जा रहे हैं। जो सब-स्टेशन आगमैंट करेंगे उसमें 220 के.वी. के 9,132 के.वी. के 25, 66 के.वी. के 5 और 33 के.वी. के 50 हैं। हम टोटल 89 सब-स्टेशन आगमैंट करेंगे। ट्रांसमिशन की जो नई लाईन बिछाएंगे वह 220 के.वी. की 520 किलोमीटर, 132 के.वी. की 127 किलोमीटर, 66 के.वी. की 248 किलोमीटर, 33 के.वी. की 315 किलोमीटर और 11 के.वी. की 16000 किलोमीटर है* * * * * * | 2/99 से 8/2000 तक बनाये गये सब-स्टेशन तथा लाइनों का ब्यौरा इस प्रकार है।<br>220 के.वी. के 2, 132 के.वी. के 4, 66 के.वी. के 3 तथा 33 के.वी. के 8 नये सब-स्टेशन बनाये गये। 220 के.वी. के 8, 132 के.वी. के 26, 66 के.वे. के 16 तथा 33 के.वी. के 82 सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई गई है। इसके अतिरिक्त 220 के.वी. की 217.980 कि०मी०, 132 के.वी. की 22.777 कि०मी०, 66 के.वी. की 30.542 कि०मी० तथा 33 के.वी. की 118.09 कि०मी० लम्बी लाइनों का निर्माण किया गया।<br>(12-12-2000) | The Committee would like to orally examine one of its subsequent meeting.<br>(27-12-2000) |
| 101 | तारांकित प्रश्न संख्या 956 के संदर्भ में श्री सतपाल सांगवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने जो सांजरवास के बारे में जिक्र | 4-2-99<br>"अध्यक्ष महोदय, अगर इनको सूचना ठीक नहीं लगती है तो हम दुबारा से लोड का सर्वेक्षण करा लेंगे तथा यदि वहां पर डिमांड ज्यादा पाई गई तो उस सब-स्टेशन को और आगमैंट कर देंगे।" | 33 के.वी. सब-स्टेशन सांजरवास पर एक 4 एम.वी.ए. का ट्रान्सफार्मर 27-1-98 को लगाया गया है जिससे इसकी कुल क्षमता बढ़कर 10 एम.वी.ए. | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(3-1-2000) |

25 Deferred 27/9/2

किया है, मैं बताना चाहता हूं कि वहां पर कुल 6 एम.वी.ए. के ट्रांस्फार्मर्ज हैं। आपके हल्के के और मेरे हल्के के गांव इकट्ठे सांजरवास में आते हैं। अब मुझे पता नहीं कि मंत्री जी ने लोड कैसे काउंट किया है? मैं तो उस सब-स्टेशन पर खुद भी एक दिन शाम को गया था। * * * * * कभी-कभी और खासकर शाम को 6 बजे से 9 बजे तक और सुबह के समय में बिजली का इतना ज्यादा लोड होता है कि बार-बार ट्रिपिंग होती है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध है कि वहां पर लोड का दुबारा सर्वेक्षण करवाएं। मेरे ख्याल से यह जो सूचना मंत्री जी ने सदन में दी है, ठीक नहीं लगती है।"

हो गई है। इसकी क्षमता को बढ़ाकर 12.6 एम.वी.ए. करने की योजना भी है।

(12-12-2000)

102. तारांकित प्रश्न संख्या 956 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि माननीय मुख्य मंत्री जी जब मेरे हल्के हसनपुर में 17 जनवरी, 1998 को गए थे तो हमने उनसे हसनपुर में 66 के.वी.ए. का सब-स्टेशन लगाने की प्रार्थना की

4-2-99

"अध्यक्ष महोदय, हसनपुर का केस हम चैक कर लेंगे। अगर माननीय मुख्य मन्त्री जी ने ऐसी घोषणा की है तो उसे जरूर टेक-अप किया जाएगा।"

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | थी। उन्होंने वहां घोषणा की थी कि हसनपुर में 66 के.वी.ए. का सब-स्टेशन लगाया जाएगा लेकिन आज तक उस सब-स्टेशन का काम चालू नहीं किया गया। इसलिए मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि मेरे हल्के का यह प्रोजैक्ट पीछे क्यों डाल दिया गया है ? | | | |
| 103. | तारांकित प्रश्न संख्या 956 के संदर्भ में श्री बिजेन्द्र कादयान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मन्त्री जी को बताना चाहता हूं कि 6 अप्रैल, 1997 को हम ने इसराना हल्के में चौधरी बंसी लाल जी की एक जनसभा कराई थी। उस जनसभा में लोगों की तरफ से इसराना के 33 के.वी.ए. सब-स्टेशन को अपग्रेड करने की डिमांड की गई थी जिसे मुख्य मन्त्री जी ने मान लिया था। क्या मंत्री महोदय कृपया बताएंगे कि उस सब-स्टेशन को अपग्रेड करने का काम कब | 4-2-99 "अध्यक्ष महोदय, मैं इसे चैक करवा लूंगा।" | | |

तक शुरू हो जाएगा ? * * * * * इसे 33 के.वी.ए. से अपग्रेड करके 132 के.वी.ए. का करना था।"

5-5-2000

104. श्री उदय भान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 34 :—

(क) क्या जिला फरीदाबाद में हसनपुर में 66 के० वी० सब-स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ख) यदि हां, तो हसनपुर में उक्त सब स्टेशन के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

हां, श्रीमान जी, फरीदाबाद जिले में हसनपुर में एक 66 के०वी० उपकेन्द्र स्थापित करने का एक प्रस्ताव है। **** स्कीम के बनाने तथा ग्रामीण विद्युतीकरण निगम से स्वीकृति मिलने में समान्यतया छः महीने का समय लग जाता है। उसके बाद उपकेन्द्र के निर्माण में सामान्य रूप से 18 महीने का समय लग जाता है।

Dropped
27/5/12

7-3-2001
(प्रथम बैठक)

105. श्री भूपिन्दर सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 345 :

क्या मुख्य मंत्री कृप्या बताएंगे कि—

(क) अगस्त, 96 से आज तक हरियाणा में बिजली परियोजनाएं स्थापित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न पार्टियों के साथ सहयोग के लिए कितने

(क) पूर्ववर्ती हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड ने अगस्त 96 से अब तक एक मेमोरेन्डम ऑफ अन्डरस्टैंडिंग (एम०ओ०यू०) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एम०ओ०यू० पर इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आई०ओ०सी०एल०) के साथ पानीपत में 301 मैगावाट (अब 360 मैगावाट तक संशोधित) रिफाइनरी रेजिडयू (पैट-कोक) पर आधारित पावर प्लांट स्थापित

Dropped
27/5/12

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | समझौतों के ज्ञापन पत्रों (एम०ओ०यू०) पर हस्ताक्षर किये गये ;<br>(ख) ऊपर के भाग (क) में दी गई प्रत्येक परियोजना की अनुमानित लागत देते हुए प्रत्येक परियोजना के संबंध में सहभागिता का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है ; तथा<br>(ग) ऊपर के भाग (क) में सूची बद्ध परियोजनाओं के चालू होने की तिथियां क्या हैं ? | करने के लिए दिनांक 27-3-98 को हस्ताक्षर किए गए हैं।<br>(ख) मैसर्ज आई०ओ०सी०एल० ने दिनांक 6-10-99 को इस परियोजना को स्थापित करने के लिए मैसर्ज मारूबानी कांरपोरेशन आफ जापान के साथ मैसर्ज इंडियन आॉयल पानीपत पावर कान्सोरटियम लिमिटेड (आई०पी०पी० सी०एल०) नाम एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत कम्पनी द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के बाद ही जानी जाएगी। इस परियोजना से समस्त बिजली हरियाणा को आपूर्ति की जाएगी।<br>(ग) एम०ओ० यू० के आधार पर यह परियोजना वर्ष 2004-05/ चालू होनी सम्भावित है। | | |
| 106. | बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन | 12-3-2001<br>*****राज्य सरकार बिजली क्षेत्र में समयबद्ध सुधार के पक्ष में इसी उद्देश्य से हमने हाल ही में केन्द्र सरकार के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर | | |

हस्ताक्षर किये हैं। इससे हमे केनद्रीय सरकार त्वरित विद्युत कार्यक्रम (Accelerated Power Development Programme) कोष से विभिन्न प्रकल्पों के लिए सहायता मिलेगी जिसमें 25 प्रतिशत अनुदान और शेष राशि सस्ते ऋण के रूप में होगी। इस समझोता-ज्ञापन में केन्द्र सरकार ने हमारे विद्युतप्रसारण एवं वितरण प्रणली को सुदृढ़ बनाने के लिए एंव मौजूदा ताप बिजली घरों के सुधार केन्द्र सरकार ने वर्ष 2004 से 436 मैगाधाट के फरीदाबाद ताप बिजली घर के द्वितीय चरण के लिए तथा पॉच-पॉच सौ मैगावाट के यमुनानगर और हिसार ताप बिजली घरों के लिए गैस मुहैया करने का भी आस्वासन दिया है। ***** 2001-02 में प्रसारण को उन्नत बनाने के लिए 475 करोड़ रुपये की नई योजनाएं लागू की जायेंगी। इसके लिए विद्युत वित्त निगम और ग्रमीण विद्युतीकरण निगम से कुल 256 करोड़ रूपये का ऋण मंजूर हुआ है। अगामी वर्ष में 60 अत्याधिक लोड़ वाले ग्यारह के०वी फीड़रों का भी निर्माण किया जायेगा।

13-3-2001

(प्रथम बैठक)

107. डॉ० जय प्रकाश शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रस्न संख्या 359 : क्या मुख्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि यमुनानगर ताप

***यमुनानगर ताप बिजली परियोजना दो चरणों में स्थापित की जानी प्रस्तावित है। चरण-1 के अंतर्गत एक कोयले पर आधारित 500 मैगावाट

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | बिजली संयंत्र परियोजना की नवीनतम स्थिति क्या है तथा इसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा भूमि को अर्जित करने पर कितनी राशि खर्च की गई तथा उक्त भूमि किस तिथि से अर्जित की गई है? | ताप बिजली केन्द्र की स्थापना करना प्रस्तावित है। इस परियोजना की स्थापना के लिए अन्तिम प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए दस्तावेज वर्तमान समय में हरियाणा विद्युत नियामक योग के विचाराधीन है।<br>परियोजना के दूसरे चरण में एक 500 मैगावाट गैस पर आधारित ताप बिजली केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए 2004 से आगे गैस अथोरिटी आफ इंडिया/गेल/के माध्यम से रीगेसीफाईड एल०एन०जी० की उपलब्धता की सूचना दे दी है। दिनांक 13-2-2001 को हरियाणा तथा बिजली मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए गए हाल ही के एम०ओ०यू० में बिजली मंत्रालय ने यमुनानगर थर्मल (गैस/एल०एन०जी० पर आधारित) के क्रियान्वयन में सहायता देने का आश्वासन दिया है तथा निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय ताप बिजली निगम /एन०टी०पी०सी० इस परियोजना की सम्भाव्यता का अध्ययन प्रारम्भ करें।<br>इस परियोजना के लिए भूमि अभिग्रहण करने | | |

तथा सलाह सेवाओं जिसमें परियोजना रिपोर्ट तैयार करना शामिल है, पर लगभग 14 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

108. श्री दान सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 379 : क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि —

(क) क्या जिला महेन्द्रगढ़ में गांव बवानिया तथा मन्दोला में 33 के०वी०ए० नया सब-स्टेशन स्थापित किये जाने की जाने की सम्भावना है ;
यदि हां, तो कब तक ; तथा

(ख) क्या महेन्द्रगढ़ में सब-स्टेशन का 220 के०वी० तक दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाये जाने की सम्भावना है ?

15-3-2001

(क) जिला महेन्द्रगढ़ के बवानिया में एक नया 33 के०वी० उपकेन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव है। इसकी अनुमानित लागत 1.00 करोड़ रू० है। यह उपरकेन्द्र सितम्बर,2001 में पूरा होना सम्भावित हैं।

(ख) महेन्द्रगढ़ में 220 के०वी० उपकेन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव है। जिसकी लागत 11.51 करोड़ रुपये है। इस उपकेन्द्र के निर्माण के लिए टर्न-की आधार पर पहले ही ठेका दे दिया गया है तथा शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। यह उपकेन्द्र वर्ष 2002-03 के अन्त तक पूरा हो जाना सम्भावित है।

109. श्री रमेश कुमार खटक द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 336 : क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि बड़ौदा निर्वाचन

15-3-2001

बड़ौदा चुनाव क्षेत्र के गांव बूटाना में 33 के०वी० उपकेन्द्र का निर्माण कार्य आगामी 6-8 महीने के अन्दर-अन्दर प्रारम्भ किया जाएगा। कार्य मार्च,

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | क्षेत्र में गांव बुटाना में 33 के०वी० सब-स्टेशन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ हो जायेगा तथा इसके पूरे होने में कितना समय लगेगा ? | 2002 के अन्त तक पूरा होने की सम्भावना है। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(B & R) BRANCH

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 110. | तारांकित प्रश्न संख्या 1122 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से पुनः जानना चाहता हूं कि जब यह स्वीकृति (रिवाड़ी-झज्जर और रिवाड़ी-नारनौल रेलवे लाईन पर ऊपरी पुल) 1986 में मिल गई थी तो इसको बनाए जाने में अब देरी क्यों है?" | 29-9-90<br>इस बारे में मैं बताना चाहूंगा कि ऐसे पुलों के लिए 50 परसैन्ट पैसा हरियाणा सरकार की तरफ से 50 परसैन्ट पैसा रेलवे की तरफ से दिया जाना होता है। इन पुलों के बनाए जाने के लिए हमने रेलवे वालों के साथ अब तक 18 लैटर्ज का आदान-प्रदान किया है। जब रेलवे वाले अपना सैक्शन कर देंगे तो हम काम शुरू कर देंगे। हमारी तरफ से कोई देरी नहीं है और न ही कोई कमी है। | 1. रिवाड़ी-झज्जर लाईन की ऊपरी पुल की स्थिति।<br>यह रेलवे ऊपरी पुल 203.96 लाख रुपए की लागत से प्रशासकीय अनुमोदित किया गया था जो कि बाद में आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार के यादी क्रमांक 6/20/85-2 बी०एण्ड आर० दिनांक 13-8-90 द्वारा 306.45 लाख रुपए की लागत से संशोधित अनुमोदित किया गया था यह प्रस्ताव रेलवे ऊपरी पुल का पहला स्थान (रेलवे क्रासिंग नं० 57 बी के नजदीक) शहर के बीचों-बीच या जहां पहले ही बहुत भीड़ रहती है। इसके अतिरिक्त इस स्थान पर बहुत से रिहायशी और व्यापारिक भवनों को गिराना पड़ता था और भूमि अभिग्रहण भी करना पड़ता था तथा पहुंच मार्ग की अलाईनमैंट | समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(18-8-98) |

के लिए जगह की कमी के कारण सब स्टैण्डर्ड कर्व देने पड़ते थे।

मूल स्थान में उपर्युक्त कमियों के कारण और लोगों की मांग को उनके उम्मीदवारों के माध्यम से मद्दे नजर रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि रेलवे ऊपरी पुल को रिवाड़ी बाईपास के (नजदीक रेलवे क्रासिंग नं० 57-सी 2) कि०मी० 79/15 पर बनाया जाए। 252.10 लाख रुपए की लागत का एक कच्चा अनुमान बाईपास के निर्माण के भूमि अधिग्रहण करने हेतू सरकार को इस कार्यालय के यादी क्रमांक 2175 एन०एच० दिनांक 2-6-94 को प्रशासकीय अनुमति प्रदान करने के लिए भेजा गया था। यह अनुमान सरकार द्वारा 11/94 में वापिस कर दिया गया। सरकार की यह टिप्पणी थी कि विभिन्न गांवों में जगह की कीमत एक जैसी की जा रही है। रिवाड़ी शहर का मास्टर प्लान जो कि टाऊन एण्ड कण्टरी प्लानिंग विभाग द्वारा बनाया जा रहा था उसमें उपर्युक्त रेलवे ऊपरी पुल को भी

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | सम्मिलित किया जाना था। यद्यपि यह मामला लोक निर्माण विभाग द्वारा टाऊन एण्ड कण्टरी प्लानिंग के साथ उठाया गया है फिर भी अन्तिम फैसला होना अभी शेष है। उपर्युक्त रेलवे ऊपरी पुल (नजदीक रेलवे क्रासिंग नं० 56-सी-2) का संशोधित अनुमान बाईपास की अलाईनमैंट का अन्तिम फैसला होने के बाद भेजा जाएगा।<br>बाईपास की अलाईनमैंट बारे प्रस्ताव अधीनस्थ कार्यालय से प्राप्त हो चुका है जिसका निरीक्षण किया जा रहा है तथा उक्त अलाईनमैंट के निर्णय के पश्चात् ही आर०ओ०बी० के निर्माण का विचार किया जाएगा।<br>2. रिवाड़ी नारनौल लाईन पर ऊपरी पुल की स्थिति। इस लाईन पर ऊपरी पुल बनाने का भी अभी कोई प्रस्ताव नहीं हैं। तथापि इस पुल की फिजीबिलिटी चैक करवा ली | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | गई है और अधीनस्थ कार्यालय से सर्वे का पूर्ण ब्यौरा स्टैण्डर्ड फारमैट पर मांगा गया है ताकि रेलवे अधिकारियों के साथ कार्यवाही हेतु पत्र-व्यवहार किया जा सके। (8-7-98) | |
| 111. तारांकित प्रश्न संख्या 396 के संदर्भ में श्री अमर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मन्त्री महोदय ने बताया है कि बाईपास का एक्सटैंशन वर्क तो कम्पलीट हो गया है लेकिन इसमें बाईपास के इन्टरसैक्शन पर खड़े वृक्ष बाधा बने हुए हैं। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ये वृक्ष कब तक हटा कर इस को पूरा कर दिया जाएगा।" | 26-2-93 "******" सरकार ने जीन्द, नारनौल, झज्जर, रिवाड़ी तथा पानीपत में अन्य बाईपासिज बनाने का प्रस्ताव किया है। जीन्द बाईपास के लिये भूमिग्रहण हेतु 2.08 करोड़ रु० का अनुमान विचाराधीन है। अन्य बाईपासों के विकास तथा निर्माण के लिये इनको चुंगी सड़क की तरह बनाने की संभावनाओं का मामला आई०एल०एफ०एल० के साथ उठाया गया है। | जीन्द बाईपास के भूमि अभिग्रहण के लिए 2.00 करोड़ रुपये का अनुमान है। इसी प्रकार नारनौल बाईपास के लिए भूमि अभिग्रहण के लिए 1.43 करोड़ रुपये का अनुमान है। इनकी स्वीकृति करने के केस अभी विचाराधीन है। वार्षिक योजना में बाईपास के लिए केवल 50 लाख रुपये का ही प्रावधान होता है अत: इतनी बड़ी राशि बाईपास के बनाने के लिए अभी नहीं है। बाईपासिज के विकास तथा निर्माण के लिए इनकी तरह बनाने की संभावना का मामला आई०एल० एफ०एस० द्वारा भी लिया गया था। परन्तु यह बात अभी किसी निश्चय पर नहीं पहुंची। जैसे ही इन बाईपासिज को चुंगी सड़क की तरह बनाने की योजना कोई प्राईवेट पार्टी द्वारा दी जाती है तो इनका निर्माण भी कराया | The Committee would like to know the latest position. (17-1-95) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | जायेगा। अत: इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये। (3-1-95) | |
| 112. | तारांकित प्रश्न संख्या 396 के संदर्भ में श्री हरिसिंह नलवा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— ''अध्यक्ष महोदय, मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या 1993-94 में पानीपत में कोई बाईपास बनाने की योजना है और साथ ही 1993-94 में हरियाणा के कौन-कौन से ऐसे और शहर हैं जहां पर बाई-पास बनाने की योजना है। | 26-2-93<br>अध्यक्ष महोदय, सरकार का जीन्द, नारनौल, झज्जर, रिवाड़ी और पानीपत में बाईपास बनाने का प्रावधान है। | सरकार द्वारा जीन्द, नारनौल, झज्जर, रिवाड़ी और पानीपत में बाईपास बनाने का विचार है।<br>पानीपत — जिसमें पानीपत-असंध रोड़ का पानीपत गोहाना रोड़ से मिलाने का कार्य है, यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है।<br>रिवाड़ी — रिवाड़ी बाईपास का कार्य रिवाड़ी-गुड़गांव रेलवे लाईन पर पुल से सम्बन्धित है। यह कार्य रेलवे विभाग के साथ तालमेल करके किया जाना है तथा कोशिश की जा रही है कि इसको शीघ्र ही शुरू कर दिया जाए।<br>जीन्द बाईपास की भूमि अधिग्रहण के लिए 2.08 करोड़ रुपये का अनुमान है। इसी प्रकार नारनौल बाईपास के लिए भूमि अधिग्रहण के | The Committee would like to know the latest position in this regard. (18-7-95) |

लिए 1.43 करोड़ रुपये का अनुमान है। इनकी स्वीकृति करने के केस अभी विचाराधीन है। वार्षिक योजना में बाईपास के लिए केवल 50 लाख रुपये का ही प्रावधान होता है, अतः इतनी बड़ी राशि बाईपासिज के बनाने के लिए अभी उपलब्ध नहीं है। बाईपासिज के विकास तथा निर्माण के लिए इनको चुंगी सड़क की तरह बनाने की संभावना का मामला आई० एल० एफ०एस० द्वारा भी लिया गया था परन्तु यह बात अभी किसी निश्चय पर नहीं पहुंची। सरकार द्वारा यह भी चाहा गया है कि इरकान से भी इन बाईपासिज को चुंगी सड़क की तरह बनाने की संभावना का मामला लिया जाये। इस विषय में इरकान को लिखा जा रहा है।

जैसे ही जीन्द, नारनौल, झज्जर बाईपासिज को चुंगी सड़क की तरह बनाने की योजना कोई प्राईवेट पार्टी द्वारा दी जाती है तो इनका निर्माण भी कराया जायेगा। अतः इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाये।

(22-3-95)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 3-3-94 | | |
| 113. | तारांकित प्रश्न संख्या के संदर्भ में श्री जय पाल सिंह आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय अभी 10 दिन पहले नाहरी गांव में एक शादी में गए थे। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि नाहरी से नाहरा और नाहरी से नरेला के बीच की सड़क टूटी पड़ी है और यह गांव सड़क से कटा हुआ है। वहां पर कोई भी बस ठीक नहीं चल सकती। अभी मुख्य मंत्री महोदय भी वहां पर जलसा करके आये थे। इन्होंने कहा था कि इस सड़क को जल्दी बना दिया जाएगा। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि इन्होंने नाहरी से खरखोदा के बीच 18 फुट चौड़ी सड़क बनाने की बात कही थी। वही 18 फुट तो क्या 2 फुट चौड़ी भी नहीं बनायी जा रही है। मैं चाहूंगा कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी ही पूरा कर दिया जाए | * * * आज माननीय सदस्य ने यह बात कही है और मुख्य मंत्री द्वारा जनता में आश्वासन दिया गया है इसलिए धन की उपलब्धता पर अगले साल इन सड़कों को बनाने की कोशिश करेंगे। | | |

ताकि बच्चे बसों से स्कूल आ जा सकें।"

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 8-3-94 | | |
| 114. | तारांकित प्रश्न संख्या 768 पर श्री मनीराम (दड़बा कलां) द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपका इस बात के लिए स्वागत करता हूं कि आप ने मुझे एक साल के बाद बोलने का मौका दिया है। मैं मुख्य मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहूंगा कि इन्होंने मेरे हल्के में जो सड़क मंजूर की थी उस पर मिट्टी भी पड़ गई थी लेकिन वह सड़क आज तक भी पूरी नहीं हो पाई है। यह सड़क दड़बा कलां खुर्द से भोडिया तक 10 या 12 किलोमीटर लम्बी है। इस पर दो बार मिट्टी भी पड़ चुकी है और 1.5 किलो मीटर तक इस पर पत्थर भी पड़ चुका है, लेकिन फिर भी यह आज तक नहीं बन पाई है। मुख्य मंत्री जी ने यह सड़क अपने पिछले राज के दौरान मंजूर की थी अब वे इसको कब तक पूरी करवा देंगे? | अध्यक्ष महोदय, इन्होंने ठीक ही कहा कि यह सड़क मैंने अपने पिछले राज के दौरान मंजूर की थी लेकिन बाद में इन लोगों का राज आ गया और जो भी मिट्टी वगैरह इस सड़क पर पड़ी थी वह भी बह गई। हम फिर इस पर मिट्टी डलवाएंगे और फिर कोशिश करेंगे कि वह दोबारा बन जाए। अध्यक्ष महोदय इसके अलावा जिन सड़कों की मुरम्मत नहीं की गई है इसके लिए जैसा कि मैंने दो दिन पहले ही कहा था कि हम पहली अप्रैल से एक साल के अन्दर टूटी हुई सड़कों की मुरम्मत करवा देंगे। | दड़बा कलां से मोड़िया खंडा सड़कों की कुल लम्बाई 16.23 कि०मी० है तथा इस सड़क के निर्मण के लिए सरकार द्वारा दिनांक27-10-83 को 47.46 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस सड़क पर मिट्टी डालने का काम 14.00 कि०मी० की लम्बाई में पूरा हो चुका है। तथा 1.00 कि०मी० की लम्बाई में पत्थर भी बिछाया जा चुका है। धन के अभाव के कारण बाकी कार्य नहीं किया जा सका। जैसे ही धन उपलब्ध होगा तो सड़क का काम पूरा कराया जाएगा।<br>(20-7-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(25-7-2001) |
| | | 9-3-94 | | |
| 115. | तारांकित प्रश्न संख्या 658 पर श्री राम भजन अग्रवाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक | श्री अध्यक्ष महोदय, इस सड़क को वर्ल्ड बैंक प्रोजैक्ट में शामिल किया गया है और इस को 24 | हरियाणा राजमार्ग उन्नयन परियोजना के लिए विश्व बैंक प्राधिकरण के साथ | The Committee would like to know |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, इस सड़क (हिसार से नारनौल) पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक गुजरता है और जो ट्रैफिक बंबई और राजस्थान वगैरह को जाता है, वह इसी सड़क से गुजरता है। इस बात को देखते हुए क्या इस सड़क को टाप प्रायरिटी देकर चौड़ा किया जाएगा? दूसरी बात यह है कि अगर सरकार इस सड़क को जल्दी चौड़ा नहीं कर पा रही है तो क्या सैन्ट्रल गवर्नमैंट से प्रयास करके इसको नेशनल हाई-वे बनाने की कोशिश करेंगे? | फुट चौड़ा करना विचाराधीन है। अगले महीने वर्ल्ड बैंक के साथ डिपार्टमैंट की मीटिंग फिक्स की गई है अगले साल इस सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जहां आबादी वाले एरिया आते हैं वहां इसकी वाइडनिंग कर के फोर लेनिंग करने का प्रावधान है। हमें आशा है कि आने वाले साल में कार्य शुरू कर दिया जाएगा और इसको चौड़ा कर दिया जाएगा। | वाशिंगटन में 13 से 17 अप्रैल1998 को विचार विमर्श हुआ था। विश्व बैंक को बोर्ड ऑफ डायरैक्टरस द्वारा 28 मई 1998 को इस ऋण की स्वीकृति दी जानी ती परन्तु भारत सरकार द्वारा परमाणु परीक्षण के फलस्वरूप इसको लम्बित कर दिया गया। विश्व बैंक द्वारा ऋण बारे विचार विमर्श करने के उपरांत इस योजना में शामिल कुछ सड़कों को 'राष्ट्रीय उच्च मार्ग' घोषित कर दिया गया था और भारत सरकार ने नये घोषित राष्ट्रीय उच्च मार्गों पर अुपातिक खर्चा वहन करने की सहमति नहीं दी। अंतत:विश्व बैंक ने अगस्त 2000 में घटाई गई हरियाणा राजमार्ग उन्नयन परियोजना (डाऊन साईजड) को वित्तीय सहायता न देने का निर्णय लो लिया था। अत: इस आश्वासन का पटाक्षेप कर दिया जाए। (19-6-2001) | the latest position in this regard. (20-6-2001) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 116. वित्त मंत्री का बजट भाषण। | 6-3-96<br>* * * फरीदाबाद और रिवाड़ी के 2 ओवर ब्रिजों सहित 11 पुलों का निर्माण के लिए परियोजनाएं वर्ष 1996-97 में क्रियान्वित की जाएंगी। डबवाली में ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्ताव थल परिवहन मंत्रालय के विचाराधीन है * * * * *। हमारा झज्जर, रिवाड़ी, नारनौल, सोनीपत, सोहना तथा पलवल में निर्माण, परिचालन तथा अन्तरण आधार पर बाईपास बनाने का प्रस्ताव है।<br>* * * * *<br>पानीपत तथा फरीदाबाद में ऊंचे राज मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव संघ सरकार के विचाराधीन है। | मण्डी डबवाली रेलवे ओवर ब्रिज बारे दिनांक 11-09-1998 की जनरल अरैंजमैंट ड्राईंग भारत सरकार भूतल परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली जा चुके हैं। जब से इस कार्य को वार्षिक योजना में सम्मिलित करने के लिए कई बार अनुरोध किया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।<br>(31-10-01) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(21-11-2001) |
| 117. श्री वीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या, 370—क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या जहाजगढ़ पालड़ा सड़क पर ड्रेन नं० 8 के क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण/मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;<br>(ख) यदि हां, तो उक्त पुल को कब | 17-3-97<br>(क) जहाजगढ़ पालड़ा सड़क पर नये पुल का निर्माण कार्य दिनांक 18-2-97 से शुरू हो चुका है।<br>(ख) इस पुल का निर्माण कार्य दिनांक 15-7-97 तक पूरा हो जाने की योजना है। | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तक निर्मित/मरम्मत किये जाने की संभावना है ? | | | |
| 118. | तारांकित प्रश्न सं० 349 के संदर्भ में श्री बीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या नारनौल से नरवाना वाया दादरी, भिवानी तथा जीन्द सड़कें तथा रिवाड़ी से पानीपत वाया झज्जर तथा रोहतक सड़कें राष्ट्रीय राज मार्ग के स्टैण्डर्ड पैटर्न पर बनाई जाएंगी या नहीं ? क्या ये सड़कें भी निधि की उपलब्धता पर बनाई जाएंगी ?" | 19-3-97<br>"अध्यक्ष महोदय, हमारी वर्ल्ड बैंक से इस बारे में बातचीत चल रही है। कोटपुतली से नारनौल, नारनौल से महेन्द्रगढ़-महेन्द्रगढ़ से दादरी, दादरी से भिवानी, भिवानी से जीन्द और जीन्द से नरवाना तक सड़क बनाने के लिए जो चौधरी बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि रिवाड़ी से झज्जर, झज्जर से रोहतक, रोहतक से गोहाना और गोहाना से पानीपत की सड़क को भी वाईडनिंग करने के लिए वर्ल्ड बैंक से बातचीत चल रही है और फाइनेलाईज होने वाली है। हम जल्दी ही काम शुरू कर देंगे।" | | |
| 119. | तारांकित प्रश्न संख्या 349 के संदर्भ में श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"* * * *अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या वे सम्बन्धित सरकार से इस मार्ग (अम्बाला-चण्डीगढ़ | 19-3-97<br>"अध्यक्ष महोदय, रेलवे ओवर ब्रिज बनाने का मामला तो कोई विचाराधीन नहीं है। लेकिन सड़क वाया मीडिया यह है कि पंचकूला से शाहबाद वाया शाहा एस नया रोड़ तैयार किया जाए जिसका स्टेटस करीब करीब नेशनल हाईवे जैसा ही इसके बारे मामला विचाराधीन है और इस बारे में भी | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | रोड़) को फोर लाईनिंग में बदलने के लिए तथा डेराबस्सी के पास जो रेलवे फाटक है उस पर ओवर-ब्रिज बनाने की कोई बातचीत करने जा रहे हैं अगर कोई बातचीत नहीं चल रही है तो आप क्या ऐसी कोई बातचीत करने का प्रयास करेंगे ?'' | वर्ल्ड बैंक ने ही फाईनैंस करना है जैसा कि अभी मैंने व्याख्या की है।' | | |
| 120. | तारांकित प्रश्न सं० 406 के संदर्भ में श्री राजकुमार सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>''अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी की जानकारी में जानना चाहता हूं कि जब पंचकुला से यमुनानगर जाते शहजादपुर व सढौरा जाते हैं तो उस सड़क पर रास्ते में एक पुल बनाया जाना बाकी रहता है। यदि वह बना दिया जाए तो वहां का 20 कि०मी० का फासला कम हो सकता है क्या मंत्री जी इस पुल को बनाए जाने पर कोई रोशनी डालने का कृपा करेंगे ?'' | 19-3-97<br>''अध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथी को बताना चाहूंगा कि अभी तक इस तरह का कोई एस्टिमेट पास नहीं हुआ है। लेकिन यह मामला विचाराधीन है।'' | कांडी प्रोजैक्ट के तहत हरबौन सादिकपुर सड़क पर बेगना नहदी के ऊपर 176.45 लाख रुपये की लागत से पुल बनाना प्रस्तावित है। जिसकी स्वीकृति अभी वांछित है।<br>(19-6-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(20-6-2001) |
| 121. | तारांकित प्रश्न संख्या 240 के सम्बन्ध में श्री सतनारायण लाठर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न—स्पीकर साहब, मैं मंत्री | 20-3-97<br>(1) **बुआना से बुरा डैहर सड़क**<br>इस सड़क का लम्बाई 3.55 कि० मी० है इस सड़क पर 3.00 कि०मी०की | क्योंकि यह देहरा मार्ग है अब इस वर्ष के बजट में इस सड़क के लिए कोई धनराशि नहीं मांगी गई। पिछले वर्षों में | The Committee would like to know the latest |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | जी का धन्यवाद करता हूं और उसके साथ-साथ यह भी जानना चाहूंगा कि इनमें से एक सड़क/डैहर से भवाना पर मिट्टी डाली हुई है और दूसरी सड़क भवाना से इगराह पर मिट्टी डालने का काम बकाया है तो इन दोनों सड़कों को जल्दी से जल्दी कब तक बना दिया जाएगा। | लम्बाई में मिट्टी डालने का कार्य पूरा कर दिया गया है। अब इस सड़क को 1999-2000 के वित्तीय वर्ष के वर्क प्रोग्राम में शामिल कर लिया गया है तथा 1.00 कि० मी० में सोलिंग और 1.00 कि० मी० की लम्बाई में पक्का करने का प्रस्ताव है;<br>(2) **इगराह से बुआना सड़क**<br>इस सड़क की लम्बाई 6.33 कि० मी० है। इस सड़क पर 2.00 कि० मी० की लम्बाई में मिट्टी डालने का कार्य पूरा कर दिया गया है और 1.00 कि० मी० की लम्बाई में सोलिंग तथा पक्का करने का कार्य कर दिया गया है। दूसरे कि० मी० में सोलिंग तथा पक्का करने का कार्य इस वित्तीय वर्ष के दौरान पूरा कर दिया जाएगा।<br>(19-8-99) | भी मिट्टी डालने के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य इस सड़क पर नहीं किया गया।<br>इस सड़क पर 2.00 कि०मी० की लम्बाई में (जिस पर मिट्टी डाली गई थी) सड़क बनाने का कार्यपत्थर बिछाई का कार्य पूरा हो चुका है इन दो किलोमीटर लम्बाई में एक कि०मी० में तारकोल का कार्य भी पूरा हो चुका है तथा शेष 1.00 कि०मी० तक तारकोल बिछाने का कार्य वर्ष 2001-2002 में पूरा कर दिया जाएगा।<br>(19-6-2001) | position in this regard.<br>(27-6-2001) |
| 122. | श्री बीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 350—क्या लोक निर्माण | 20-3-97<br>वर्तमान जींद बाई-पास की गोहाना सड़क से पटियाला सड़क तक की बढ़ौतरी का प्रस्ताव | | |

| | | |
|---|---|---|
| (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्तमान जीन्द बाई-पास का गोहाना सड़क से पटियाला सड़क तक विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | विचाराधीन है। | |

21-3-97

| | | |
|---|---|---|
| 123. श्री बलवंत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 266—क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या जिला रोहतक में गांव हसनगढ़ से गांव खुरमपुर तक एक नई सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त सड़क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | (क) हां, श्री मान जी।<br>(ख) इस सड़क को धन की उपलब्धता पर 31-3-98 तक पूरा किए जाने की संभावना है। | |

22-1-98

| | | |
|---|---|---|
| 124. तारांकित प्रश्न सं० 561 के संदर्भ में श्री अशोक कुमार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि लाडवा से करनाल वाली रोड़ जो बुरी तरह से टूटी हुई है क्या उसको भी | अध्यक्ष महोदय, लाडवा से करनाल वाली सड़क को भी हम अवश्य ही ठीक व चौड़ा करेंगे। | लाडवा से करनाल वाली कुल 32.82 कि०मी० लम्बी सड़क पर पैच द्वारा 3/98 तक मरम्मत कर दी गई थी। इसके बाद11.70 कि०मी० कारपेट, 4.5 कि०मी० मजबूती करण 0.09 कि०मी० रेजिंग व 0.25 कि०मी० सीमेंट कंकरीट |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | ठीक करने व चौड़ी करने की कोशिश करेंगे ? | | बिछाई गई है। इस सड़क को चौड़ा व मजबूत करने का प्रायधान एच०एच०यू०पी० फेज-3 के अन्तर्गत किया गया है। जिस पर 470-35 लाख रुपये खर्च होंगे। (19-6-2001) | |
| 125. | तारांकित प्रश्न संख्या 618 के संदर्भ में श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या नारनौल में बाईपास के निर्माण का सरकार का कोई इरादा है और अगर है तो यह निर्माण कब तक पूरा हो जाएगा ? सर, अब तो शराबबंदी का निर्णय वापस लेने के बाद सरकार के पास फंड्ज भी एवेलेबल हो चुके होंगे। | 21-7-98 अध्यक्ष महोदय, नारनौल के बाई पास के निर्माण के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है और मैं समझता हूं कि इस बारे में सैक्शन चार के नोटिस इशु जल्दी ही हो जाएंगे और उसके बाद लगभग इस काम पर साल लग जाएगा। | नारनौल बाईपास बनाने बारे हरियाणा सरकार से प्रशासकीय स्वीकृति केवल भूमि अधिग्रहण का मुआवजा देने बारे आयुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा के पत्र क्रमांक 9/155/95 दिनांक 5-12-95 द्वारा प्राप्त हुई है। जमीन का मुआवजा देने बारे राशि उपलब्ध न होने के कारण उपरोक्त प्रशासकीय स्वीकृति इस समय निरस्त हो चुकी है। इस बाईपास की लम्बाई 7.25 कि०मी० है तथा इसके निर्माण पर लगभग रुपये 7 करोड़ का खर्चा आएगा। (19-6-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard. (29-6-2001) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 126. वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>हरियाणा सरकार ने राज्य के 627 किलोमीटर लम्बे राजमार्गों के सुधार तथा शेष राजमार्गों के रख-रखाव के लिए विश्व बैंक से 1408 करोड़ रुपये के कर्जे के बारे में बातचीत की है। 52.65 किलोमीटर लम्बी नई सड़कों के निर्माण, 216 किलोमीटर लम्बी मौजूदा सड़कों के सुधार एवं 5 नए पुलों के निर्माण के लिए नाबार्ड से 11.92 करोड़ रुपये की ऋण सहायता ली है।<br>सांपला के बाई पास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा नारनौल ऐलनाबाद, हिसार, जीन्द, सोनीपत और झज्जर के लिए 6 नए बाई पास स्वीकृत किए गए हैं। | नाबार्ड की ऋण योजना के अन्तर्गत 5 पुलों में से 2 पुलों का निर्माण करना शेष है। 3 पुलों का कार्य पूरा किया जा चुका है।<br>धन के अभाव के कारण बाई-पासिज बनाने का कार्य ठीक प्रकार से नहीं चल सका तथा आज के दिन झज्जर व ऐलनाबाद बाई-पास पर कार्य चल रहा है।<br>सोनीपत बाई-पास का कार्य अलाट किया जा चुका है परन्तु हिसार-जीन्द-नारनौल पर कोई कार्य नहीं हो रहा।<br>(31-10-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(21-11-2001) |
| 127. श्री रामजी लाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 768—क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या जिला यमुना नगर की निम्नलिखित बुरी तरह से क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार | 22-7-98<br>(क) हां, श्री मान जी।<br>(ख) जून, 1999 तक | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के विचाराधीन है—<br>(i) छछरौली से नंगली;<br>(ii) छछरौली से कोट;<br>(iii) बिलासपुर से छछरौली;<br>(iv) बिलासपुर से धनौरा;<br>(v) बिलासपुर से जगाधरी;<br>(vi) बिलासपुर से सढौरा;<br>(vii) सढौरा से काला अम्ब;<br>(viii) सढौरा से नारायणगढ़ वाया अम्बली;<br>(ix) अम्बली से गधौली;<br>(x) अम्बली से जौली;<br>(xi) अम्बला से फतेहपुर;<br>(xii) अम्बली से शाहपुर वाया बेर खेड़ी;<br>(xiii) अम्बली से शहजादपुर वाया हैडपान; तथा<br>(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त सड़कों की मुरम्मत कब तक किये जाने की संभावना है ? | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 128. | तारांकित प्रश्न संख्या 617 के संदर्भ में श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय,मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि मेरे हल्के में माहरा से सितौली तक की सड़क टूटी पड़ी है, उसको कब तक ठीक करवाएंगे ? | 27-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, यह सड़क बहुत पुरानी बनी हुई है, इसका ऐस्टीमेट पास कर दिया गया है, अध्यक्ष महोदय इस सड़क को हम मार्च, 1999 से पहले ठीक करवा देंगे। |
| 129. | तारांकित प्रश्न संख्या 617 के संदर्भ में श्री बलवन्त सिंह मायना द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से हाऊस में बताना चाहूंगा कि पिछले सैशन में भी मैंने हसनगढ़ से खुर्मपुर रोड के लिए सवाल पूछा था और माननीय मंत्री जी ने इसको बनवाने का आश्वासन दिया था । अब वह दूसरा सैशन आ गया है। लेकिन आज तक उस पर कोई कार्य नहीं हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री से यह जानकारी चाहूंगा कि इस सड़क को कब तक बना कर तैयार कर देंगे ? | 27-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मायना साहब को बताना चाहूंगा कि वे मुझ से मिले थे और मैंने उनके सामने ही एक्सीयन को टेलीफोन कर दिया था । उन्होंने स्वयं मुझ से यह कहा था कि काम शुरू हो गया है। अध्यक्ष महोदय, हम इस सड़क का काम जल्दी करने की कोशिश करेंगे। |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 130. | श्री बीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 783—क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि जिला झज्जर की निम्नलिखित सड़कें, जो 1995 को बाढ़ में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी, की मरम्मत अब तक नहीं की गई है—<br>(i) डीघल से बरहाना;<br>(ii) बरहाना से छोछी;<br>(iii) बेरी कलानौर सड़क से गांव धराना तथा चिमनी ;<br>(iv) धांडलान से गोच्छी; तथा<br>(v) जहाजगढ़ से दुबलधन वाया पालड़ा; तथा<br>(ख) यदि हां, तो इन सड़कों की | 27-7-98<br>(क) हां, श्रीमान् जी।<br>(ख) इस सड़क की मरम्मत जून, 1999 तक कर दी जाएगी। | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मरम्मत कब तक किये जाने की संभावना है? | | | |
| 131. | तारांकित प्रश्न संख्या 652 के संदर्भ में श्री खुर्शीद अहमद द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मैं आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या ऐसा कोई प्रपोजल बनाकर के सैंटर गवर्नमैंट को भेजेंगे कि सोनीपत की शुगर मिल के पास रेलवे क्रोसिंग पर ओवर ब्रिज का आधा खर्च हम देने को तैयार हैं अगर आप आधा खर्चा दें दे? | 29-7-98<br>स्पीकर सर, इडियन रोड़ज कांग्रेस के स्तर के मुताबिक उसका सर्वे करवा लिया जाएगा और इसके हिसाब से एक प्रस्ताव इसका रेलवे विभाग को भेज दिया जाएगा। | अभी तक इस बारे कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। फिर भी सर्वे के लिए कार्यवाही की जा रही है।<br>(31-10-2001) | The .Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(21-11-2001) |
| 132. | बजट भाषण - 1999-2000 | 3-2-99<br>* * * उत्तम यातायात सुविधाओं के महत्त्व को महसूस करते हुए राज्य सरकार ने 9वीं योजना में 2,800 किलोमीटर सड़कों में सुधार करने और 450 किलोमीटर नयी सड़कें बनाने पर बल दिया है और सड़कों और पुलों के लिए 1,130 करोड़ रुपये का खर्च रखा है।<br>राज्य में सड़कों की मरम्मत के लिये चालू वर्ष में व्यापक कार्यक्रम शुरू किया गया है। राज्य की सड़कों में संतोषजनक स्तर तक सुधार करने हेतु राज्य सरकार कृतसंकल्प है। वर्ष 1998-99 दौरान नवम्बर तक 1931 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत और सुधार किया गया है और | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 35.30 किलोमीटर नयी सड़कें बनाई गई हैं। वर्ष 1999–2000 के दौरान विभिन्न योजनागत तथा गैर-योजनागत स्कीमों के अन्तर्गत 400 करोड़ रुपये के प्रावधान से 65 किलोमीटर नई सड़कें बनाने और लगभग 2,520 किलोमीटर सड़कों में सुधार करने का प्रस्ताव है। सड़क व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये बिल्ड, आपरेट तथा ट्रांसफर प्रणाली के अन्तर्गत प्रथम परियोजना स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अन्तर्गत फरीदाबाद में रेलवे-ओवर ब्रिज के निर्माण की परियोजना है, जिससे शहर में यातायात की भीड़ कम करने में सहायता मिलेगी। बिल्ड, आपरेट और ट्रांसफर सिद्धांत पर और परियोजनाओं को भी अन्तिम रूप दिया जा रहा है तथा इससे राज्य में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुधार की गति अधिक तेज होगी। राज्य सरकार के प्रयत्नों से अम्बाला-पेहोवा-हिसार राजगढ़ सड़क, जो कि एक राज्य राजमार्ग था, केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 65 घोषित कर दिया गया है और इस सड़क को उन्नत करने के लिये अनुमान तैयार करने का कार्य आरम्भ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, कुल 448 | | |

किलोमीटर लम्बे पांच राज्य राजमार्गों को केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जा चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पर बहादुरगढ़-रोहतक के क्षेत्र को चार मार्गी बनाने के लिये केन्द्र सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है। कुण्डली से समालखा तक के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 को प्रधानमंत्री महोदय द्वारा हाल ही में घोषित एक्सप्रैसवेज़ परियोजना के अन्तर्गत छः मार्गी बनाया जाना है। यह देश में शुरू की जा रही प्रथम 20 ऐसी परियोजनाओं में से एक है। झज्जर में 4.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला बाईपास निर्माणाधीन है और इसके 1999-2000 में मुकम्मल हो जाने की संभावना है। रिवाड़ी, झज्जर, फतेहाबाद, रोहतक, करनाल और यमुनानगर में लघु सचिवालय निर्माणाधीन हैं।

10-2-99

| | | |
|---|---|---|
| 133. | तारांकित प्रश्न संख्या 975 के संदर्भ में श्री ओम प्रकाश जैन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"* * * अध्यक्ष महोदय, लेकिन जो पहले की सरकार ने वहां पर (पानीपत में) सर्विस लेन बनाई थी वह भी बिना बनी जैसी हो गयी है। क्या मंत्री जी उसको भी रिपेयर करवाएंगे | * * * जहां तक इन्होंने पेड़ों को काटने की बात कही है पेड़ों को काटने के लिए हमें भारत सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है अगर वहां पर सड़कें बनाने में पेड़ रुकावट बनते हैं तो हम उनको काटने के लिए अनुमति लेंगे। इसके अलावा इनके शहर में जो सर्विस लेन टूटी हुई पड़ी है उसको भी हम ठीक करवाने की कोशिश करेंगे। |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | या नहीं करवाएंगे? अध्यक्ष महोदय, पानीपत शहर बहुत भीड़ वाला शहर है वहां पर कोई बाईपास नहीं है जिस वजह से वहां बहुत ही दिक्कत होती है। अध्यक्ष महोदय, गोहाना से असंध तक एक सड़क जाती है और वह गोहाना रोड से जाकर आगे जी.टी. रोड पर मिल जाती है। उसके लिए नाबार्ड से 50 लाख रुपये आ चुके हैं। इस रोड की वाइडनिंग के लिए वहां पर कुछ पेड़ कटने हैं। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या विभाग ने वहां पर पेड़ कटवाने के लिए कोई परमिशन ली है, क्या कोई कार्यवाही इस बारे में की है यदि नहीं की है तो मैं इनसे कहना चाहूंगा कि जल्दी से जल्दी यह परमिशन ली जाए ताकि उस रोड पर 50 लाख रुपये खर्च हो सकें और वहां पर एक मिनी बाईपास बनाया जाए? * *'' | | | |
| | | 10-2-99 | | |
| 134. | श्री बन्ता राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 978—क्या लोक निर्माण | गुंदियाना से कश्यप माजरा तक संपर्क सड़क निर्माण का प्रस्ताव है। तथापि गुढ़ा से गुढ़ी | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (भवन तथा सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या निम्नलिखित गांवों की सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:—<br>(i) गुढ़ा से गुढ़ी तक;<br>(ii) गुंदियाना से कश्यप माजरा तक; तथा<br>(iii) हड़तान-सिकन्दरा से हिरण छप्पड़ तक? | और हडतान-सिकन्दरा से हिरण छप्पड़ तक सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है। | | |
| | | 16-3-2000 | | |
| 135. | श्री अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 2—क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या रेवाड़ी शहर में दिल्ली-जयपुर रेलवे लाईन के आरपार रेवाड़ी-झज्जर तथा रेवाड़ी-नारनौल सड़कों पर ऊपरी पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | इस समय केवल रेवाड़ी नारनौल ऊपरगामी पुल के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो कि बी.ओ.टी. के आधार पर होना है * * * वह बड़ा जरूरी पुल है और हम इसको प्राथमिकता के आधार पर ले रहे हैं। चूंकि सरकार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह अपने सोर्सिज से इस पुल को बना सके। इसलिए बी.ओ.टी. के माध्यम से हम बहुत जल्दी इस कार्य को सुचारू रूप से कराने के लिए सोच रहे हैं। | रिवाड़ी शहर में, रिवाड़ी-नारनौल सड़क पर (दिल्ली-जयपुर रेलवे लाईन के आर-पार) रेलवे उपरी पुल 1418 लाख रुपये की लागत से बी०ओ०टी० को माध्यम से बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस कार्य की निविदाएं 3-8-2002 को प्राप्त की गई थीं। न्यूनतम उद्यमी ने अपनी निविदा वापिस ले ली और उसकी धरोहर राशि जमा कर ली गई। इस कार्य के लिए निविदाएं पुनः आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है।<br>रिवाड़ी में रिवाड़ी-झज्जर सड़क पर रेलवे ऊपरी पुल बनाने का अभी प्रस्ताव नहीं है।<br>(20-7-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(14-8-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 136. | श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 27-क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या निकट भविष्य में राज्य में विशेषकर पलवल अलीगढ़ सड़क पर पुल बनाकर हस्तांतरित करने के आधार पर (बिल्ट ओपरेट ट्रांसफर बेसिस) रेलवे ऊपरी पुल (आर०ओ०बी०) को निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो उसकी सूची क्या है? | 14-3-2001<br>प्रथम बैठक<br>× × × × × निकट भविष्य में निम्नलिखित ऊपरी पुल निर्माण, संचालन एवं हस्तांतरण प्रणाली के आधार पर निर्माण हेतु प्रस्तावित है :—<br>(1) कुरुक्षेत्र में अतिरिक्त दो मार्गीय रेलवे ऊपरी पुल।<br>(2) रिवाड़ी में रिवाड़ी-नारनौल सड़क पर रेलवे ऊपरी पुल। | | |
| 137. | श्री राम कुमार कटवाल द्वार पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 686; क्या कृषि मंत्री कृपया बतायेंगे कि क्या राजौंद निर्वाचन क्षेत्र में गांव सांपटा से अलेवा तक एक सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है? | 12-6-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>हां श्रीमान् जी। गांव सांपटा से अलेवा तक की लगभग 5.5 कि०मी० लम्बी सड़क लगभग 48 लख रुपये की लागत से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत बनाने का प्रस्ताव है। इस सड़क का निर्माण अक्तूबर 2001 में शुरू किए जाने की संभावना है। | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(PUBLIC HEALTH)

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 138. | तारांकित प्रश्न संख्या 242 पर श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"अभी मंत्री महोदय ने अपने जवाब में बताया कि पापुलेशन के बढ़ जाने से कहीं-कहीं पानी की कमी हुई है। भिवानी जिले के बहुत सारे गांव में पानी की बहुत किल्लत है वहां पर 15-20 योजनाएं भी बनी हुई हैं लेकिन अभी तक पीने के पानी की किल्लत है, स्पीकर साहब, एक बढ़ेरा गांव लोहारू में है, वहां पर पानी बिल्कुल खारा है और स्वच्छ पानी का कोई प्रबन्ध नहीं है। क्या सरकार इन योजनाओं को रिवाईज करके पीने के स्वच्छ पानी की सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाएगी।" | 11-3-92<br>स्पीकर साहब, पर पापुलेशन बढ़ने की वजह से पानी की कमी है उनको हम अलग से आगमैंटेशन स्कीम के तहत बूस्ट स्टेशन लगा कर पानी की सप्लाई का प्रबन्ध कर रहे हैं। इसके इलावा हम अलग से इन स्कीमों के जोन्स बना रहे हैं फर्ज करो कि एक 15 गांव की स्कीम है उसको हम तीन जगहों पर पांच-पांच गांव के जोन्स बना रहे हैं ताकि जल्दी से लोगों को पानी पहुंचाया जा सके। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान हम बहुत से गांवों की आगमैंट कर रहे हैं। इस तरह इन स्कीमों के तहत सभी गांवों को पीने का स्वच्छ पानी मिलेगा और स्कीमें सुचारू रूप से चलती रहेंगी। | भिवानी जिले में कुल 447 गांव हैं जिनमें से 290 गांवों में पेयजल स्तर 50/70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है। शेष 157 गांवों में से 94 गांवों में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के आधार पर 16 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि की 49 स्कीमों का कार्य प्रगति पर है। 63 गांवों में पीने के पानी की बढ़ौतरी 70 लीटर प्रति व्यक्ति करने की योजनाओं का कार्य अभी शुरू किया जाना है। इस वर्ष 2001-2002 में 23 गांवों में पेयजल बढ़ौतरी का लक्ष्य है जो कि धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है।<br>गांव बुढेरा में अलग से नलकूप लगा दिया गया है तथा मशीनरी भी लगा दी गई है। अतः उपरोक्त गांव में पीने का पानी सुचारू रूप से दिया जा रहा है।<br>(12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(27-9-2001) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 139. श्री सत नारायण द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न 211—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या जिला जींद के गांव निडानी, केमा खेड़ी शामली खुर्द, राजगढ़ देश खेर्ग बुधाना तथा देवराद की जल सप्लाई योजनाओं का संवर्धन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है? | 6-3-97<br>*** गांव निडानी, खेमा खेड़ी तथा शायलु खुर्द की जल वितरण योजना में बढ़ौतरी 31-12-97 तक सम्पन्न कर दी जाएगी। | (क) गांव निडानी की जल वितरण योजना 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के नार्म्ज के अनुसार 30-9-2000 को चालू कर दी है।<br>गांव खेमा खेड़ी में पेयजल सुविधा प्रदान करने के लिए जो कि जल वितरण योजना शामलों कलां समूह योजना के अन्तर्गत आता है, का कार्य प्रगति पर है जिसे 31-3-2001 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसमें से 2 सैडीमैन्टेशन टैंकों की खुदाई का कार्य और एक टैंक की साईड लाईनिंग व पैरापिट का कार्य दिनांक 31-3-2001 को पूर्ण किया जा चुका है।<br>गांव शामलोंखुर्द में 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पेयजल सुविधा प्रदान करने का कार्य प्रगति पर है जिसकी अनुमानित राशि 41.85 लाख रुपये है। इस योजना पर दो स्टोरेज सैडीमैन्टेशन टैंकों के कार्य तथा इनलैट चैनल, पम्प चैम्बर व स्टाफ क्वाटरों का कार्य दिनांक 31-3-2001 तक पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य 31-3-2002 तक पूरा कर दिया जाएगा। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(5-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | गांव देशखेड़ा व राजगढ़ की जल वितरण योजना का कार्य 31.20 लाख रुपये की लागत से 55 लीटर प्रति व्यक्ति की दर से पेयजल सुविधा प्रदान करने के लिए प्रगति पर है। जिसमें से सैंडीमैन्टेशन टैंक, इनलैट चैनल, व पम्प चैम्बर का कार्य, दिनांक 31-3-2001 तक पूर्ण हो चुका है तथा फिल्टर का साफ पानी के कुंए का कार्य 31-3-2001 तक पूरा कर लिया जाएगा।<br>गांव बुआना जल वितरण योजना जिसकी अनुमानित राशि 60.50 लाख रुपये है, में 55 लीटर प्रति व्यक्ति की दर से पानी का पानी देने हेतू इस योजना को 30-3-2001 को चालू कर दिया गया है।<br>गांव देवरड़ में 55 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के आधार पर 69.00 लाख रुपये की लागत से इस योजनाका कार्य प्रगति पर हे तथा इस कार्य को 31-3-2001 तक पूर्ण कर दिया जाएगा।<br>(12-9-2001) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 18-3-97 | | |
| 140. तारांकित प्रश्न संख्या 250 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा बहादुरगढ़ शहर की जल निकास प्रणाली के स्थानान्तरण संबंधी पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— * * * ''अध्यक्ष महोदय, जैसा कि इन्होंने बताया है कि कार्य प्रगति पर है, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कितना कार्य प्रगति पर है इस पर कितना पैसा खर्च होगा, कब कार्य शुरू हुआ है और कब तक पूरा हो जाएगा ?'' | स्पीकर सर, ऐसा है कि जो नए वाटर डिस्पोजल वर्क्स हैं और जो पुराने वाटर डिस्पोजल वर्क्स हैं उनकी दूरी दो किलोमीटर की है। इस कार्य को पूरा करने के लिये 53,58,000/- रुपया खर्च होगा और यह कार्य मार्च, 1998 तक पूरा हो जायेगा। | बहादुरगढ़ शहर में सीवरेज का 53.78 लाख रुपये का अनुमान अनुमोदित है जिसमें 17 किलोमीटर लाईन लग चुकी है। टैम्परेरी डिस्पोजल एवं परमानैंट डिस्पोजल के बीच का आऊटफाल सीवर 6750 फुट भी लग चुका है, केवल परमानैंट डिस्पोजल का कार्य बाकी है। अब 11वें वित्त आयोग के तहत 4.89 करोड़ रुपये का अनुमान मल शुद्धिकरण संयंत्र लगाने के लिए अनुमोदित किया गया है और इसे अब तक 25.00 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है जिसके लिए भूमि अभिग्रहण की जा रही है। (12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard. (5-10-2001) |
| | 21-3-97 | | |
| 141. तारांकित प्रश्न संख्या 358 के संदर्भ में श्री रामपाल माजरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—स्पीकर सर, गांव में औरतें मटके लेकर खड़ी रहती हैं और पीने के पानी के लिए झगड़ा होता है और कभी इसकी चोटी उसके हाथ और कभी उसकी चोटी उसके हाथ में होती है तो मैं मंत्री से जानना चाहूंगा कि क्या हर गांव में टूटियों की संख्या बढ़ाने का | सर, आवश्यकता अनुसार हम हर क्षेत्र में जनसंख्या के हिसाब से इनको बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। सारे हरियाणा के अंदर हमारी कोशिश यह है कि कम से कम चालीस लीटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से सबको पानी मिले। लेकिन हरियाणा के अन्दर 1626 गांव ऐसे हैं जहां चालीस लीटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से पानी नहीं मिलता है। 550 गांवों में तो चालीस लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से पानी देने का | माननीय मुख्य मंत्री हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार एक और सर्वे जून, 2001 में करवाया गया और इस सर्वेक्षण में राज्य के6745 गांवों में से 3245 गांव फिर ऐसे पाये गये जहां पेयजल आपूर्ति 40 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से कम है और इसके मुख्य कारण, पानी के स्त्रोतों में कमी, जनसंख्या में वृद्धि व गावों के नजदीक नई आबादी का बस जाना व | The Committee would like to know the latest position in this regard. (5-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कोई विचार सरकार के विचाराधीन है ?" | प्रावधान इस साल किया जा रहा है बाकी के जो गांव बच गये हैं उनके लिये अगले साल यह काम कर दिया जाएगा। उसके बाद भी अगर कुछ बचे तो उनके लिये बाद में पानी की पूर्ति कर दी जाएगी। | पानी का गुणवत्ता में खराबी का आना है।<br>3245 गांव में पीने के पानी में बढ़ौतरी करने के लिए लगभग 640 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी।<br>ग्रमीण जल वितरण योजनाओं की बढ़ौतरी के लिएराज्य न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 34.00 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं जबकि क्रमश: 22 करोड़ रुपये तथा 9.08 करोड़ रुपये भारत सरकार से त्वरित ग्रमीण जल वितरण कार्यक्रम और सूखाग्रस्त विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत सराकर ने स्वीकृत किया हैं।<br>जलापूर्ति की बढ़ोतरी योजनाओं के कार्यों में तीव्रता लाने के लिए जिला सिरसा, झज्जर, रोहतक और कुरूक्षेत्र के लिए नाबार्ड द्वारा 54.04 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की है जिससे 203 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | गांव 70 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से जलापूर्ति होने से लाभांवित होंगे। इसके अतिरिक्त 30 करोड़ रुपये लागत की बढ़ौतरी योजनाओं जिला भिवानी, जीन्द, महेन्द्रगढ़ और रिवाड़ी के लिए नाबार्ड के पास परियोजना में शामिल करने के लिए विचाराधीन है जिससे 106 गांवों को लाभ होगा। (12-9-2001) | |
| 142. श्री अनिल विज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 562 के संदर्भ में—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) अम्बाला छावनी में चल रहा सीवरेज प्रणाली का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) क्या पूर्वोक्त शहर के शेष क्षेत्र में सीवरेज प्रणाली बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | 22-1-98<br>(क) 31-3-1998<br>(ख) रक्षा विभाग से मिल्ट्री भूमि में बड़ी सीवर की लाईन लगाने की स्वीकृति आने तथा इस काम के लिये धनराशि उपलब्ध होने पर सीवरेज व्यवस्था के आगामी विस्तार पर विचार किया जाएगा। | (क) अम्बाला सदर में सीवरेज प्रणाली का कार्य 134.08 लाख रुपये के अनुमान के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस योजना पर 129.31 लाख रुवपये खर्च किए जा चुके हैं और स्थाई डिस्पोजल बनाकर स्कीम चालू कर दी गई है। वर्तमान सीवरेज स्तर 56 प्रतिशत है।<br>(ख) पूर्वोक्त शहर के शेष क्षेत्र जैन विहार, महेश नगर इत्यादि में सीवरेज प्रणाली बिछाने का प्रोजैक्ट तैयार कर लिया गया है, जिसकी अनुमानित राशि 8.00 करोड़ रुपये है। योजना | The Committee would like to know the latest position in this regard. (5-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | को प्रशासनिक स्वीकृति और आवश्यक धनराशि मिलने पर सीवरेज बिछाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। (12-9-2001) | |
| 143. | वर्ष 1998-99 का बजट। | 21-7-98 * * * * शहरी त्वरित जल आपूर्ति कार्यक्रम, जो कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार की बराबर-बराबर आर्थिक सहायता से चलाया जा रहा है, के अन्तर्गत 7 कस्बों, सोहना, पटौदी, नारनौंद, कनीना, तावडू, बवानी खेड़ा व खरखौदा में कार्य अनुमोदित किये हैं। इस कार्यक्रम पर 7.50 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इनमें से चार कस्बों सोहना, पटौदी, नारनौंद व कनीना में निर्माण कार्य पूरा होने के अन्तिम चरण में है। वर्ष 1998-99 में शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति बढ़ाने पर 13.90 करोड़ रुपये व मल निकाल सुविधाओं को सुधारने पर 4.47 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। | त्वरित शहरी जल वितरण कार्यक्रम जो कि भारत सरकार द्वारा 50.50 की सांझेदारी से चलाया जा रहा है, के अन्तर्गत अब तक 35.64 करोड़ रुपयों की 22 योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। इनमें से 5 योजनाएं सोहना, पटौदी, नारनौंद, कनीना, बवानी खेड़ा का कार्य पूरा हो चुका है और शेष 17 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। (12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard. (7-10-2001) |

F-O 18/1/2

| | | | |
|---|---|---|---|
| 144. श्री देवराज दीवान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 623—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या सोनीपत शहर के लिए नहर आधारित जल आपूर्ति योजना उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो ऊपर के भाग (क) में निर्दिष्ट योजना के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है? | 22-7-98<br>(क) जी हां।<br>(ख) इस योजना को वर्ष 2000 तक पूर्ण करने के प्रयत्न किए जाएंगे। | सोनीपत शहर की नहर पर आधारित 410 लाख रुपये की योजना दसवें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है। इस योजना रुपये पर अब तक 429 लाख रुपये खचय4 किये जा चुके हैं तथा योजना को 30-11-2001 तक पूरी करने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(7-10-2001) |
| 145. तारांकित प्रश्न संख्या 623 के संदर्भ में श्री धीरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या इनके नोटिस में कुछ ऐसी शिकायतें आई हैं कि हर गांव में लोगों ने पीने के पानी के अवैध कनैक्शन लगाए हुए हैं जिसके कारण पीने के पानी की समस्या बढ़ रही है? क्या सरकार उन अवैध पीने के पानी के कनैक्शन हटाने के बारे में कोई कदम उठाएगी? | 22-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, चौधरी धीरपाल जी ने ठीक कहा है कि काफी लोगों ने नाजायज कनैक्शन ले रखे हैं, ऐसी शिकायतें हमारे पास आती हैं। हम उनको कंट्रोल करने की कोशिश भी करते हैं। लेकिन बहुत सारे लोगों ने जहां से पाईप गुजरती है उसमें नाजायज नल के लगा लिए हैं। हम कोशिश करेंगे कि वे अवैध नलके न लगें। | पीने के पानी के अवैद नलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय किया है कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति दर 55 लिटर प्रति व्यक्ति या इससे अधिक है उनमें पानी के पानी के कनैक्शन दिए जाएं।<br>इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय किया गया है कि पीने के पानी के लिए लगाए गए अवैध कनैक्सनों को 500/- रुपये फीस लेकर जोकि साधारण नार्मज से | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(10-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | अधिक है, को नियमित कर दिया जाए और नाजायज लगाए गए पानी के कनैक्शनों को हटाने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है। (12-9-2001) | |
| 146. | तारांकित प्रश्न संख्या 641 के संदर्भ में श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, इस बारे में मैंने पहले भी प्रश्न किया था कि वालीबाल की टीम जो आल इंडिया लैवल पर चुनी गई थी उसमें से 8 लड़के 15 साल से कम उम्र के हरियाणा के थे और इनमें से अकेले करौली गांव के 6 लड़के हैं। यह गांव सिर्फ 150 घरों का है। वहां के तीन लड़के गुड़गांव स्पोर्टस होस्टल में प्रैक्टिस करने के लिए लगे हुए हैं। मेरा सवाल यह है कि जहां पर ये बच्चे गांव में प्रैक्टिस करते हैं वहां पर चारों तरफ एक जाल लगाया जाना है | 22-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, इसमें कोई दो राय नहीं कि करौली गांव के तीन लड़के गुड़गांव के स्पोर्टस होस्टल में रह कर वहां पर प्रैक्टिस कर रहे हैं। हम उनको मुफ्त खाना भी देंगे और दूसरी सुविधाएं भी देंगे। * * * फिर भी हम कोशिश करेंगे कि वहां पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवा सकें। जो ये जाल लगवाने की बात कर रहे हैं उसको भी लगवा देंगे। | Related to Sports Department | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्योंकि प्रैक्टिस करते वक्त वालीबाल इस मैदान के साथ लगते तालाब में चली जाती है और वालीबाल पानी में गिरते ही खराब हो जाती है। इस जाल को लगाने पर तकरीबन 40 हजार रुपया खर्च होना है। मैं चाहूंगा कि इस जाल को सरकार तुरंत लगवाने का प्रबंध करे ताकि वे बच्चे अच्छी प्रकार से प्रैक्टिस कर सकें। | | | |
| | 1-2-99 | | |
| 147. श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 853—<br>"क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या राज्य में नगरों को विशेषकर अम्बाला छावनी को नहर आधारित जलापूर्ति योजना की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?" | (क) जी हां।<br>(ख) योजना को प्रारम्भ करने की संभावना थल सेना द्वारा परियोजना के निर्माण हेतु 70 एकड़ भूमि नगर पालिका को स्थानान्तरण करने पर निर्भर करती है।<br>6-0 / 27-8-02 | (क) जी हां।<br>(ख) अम्बाला सदर क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा 1500 लाख रुपये की नहरी पानी पर आधारित जल वितरम योजना स्वीकृत है। इस योजना पर अब तक 204.00 लाख रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है। इस स्कीम की प्रगति इस प्रकार है :—<br>(1) मुख्य जलघर के लिए 35 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर ली गई है जिसकी चार दीवारी का कार्य प्रगति पर है।<br>(2) नहरी पानी के लिए राईजिंग मेन के भूमि अधिग्रहण | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(16-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | का सैक्शन-6 का कार्य हो चुका है और सैक्शन-7 का कार्य प्रगति पर है।<br>(3) वाटर वर्क्स से 12-क्रास रोड पर भूमिगत बुस्टिंग स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।<br>(4) 12-क्रास रोड पर पम्प चैम्बर का निर्माण कार्य अलाट हो चुका है तथा प्रगति पर है।<br>(12-9-2001) | |
| 148. | श्री देव राज दीवान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 802—<br>(क) सोनीपत शहर के आदर्श नगर में सीवरेज बिछाने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा<br>(ख) क्या सोनीपत शहर के प्रेम नगर में सीवरेज बिछाने का कोई | 2-2-99<br>(क) आदर्श नगर में सीवरेज बिछाने का कार्य प्रगति पर है और मार्च, 2000 तक पूरा होने की आशा है।<br>(ख) जी हां।<br>***** प्रेम नगर, सोनीपत में सीवरेज बिछाने का काम दिसम्बर, 1999 तक पूरा हो जायेगा। | आदर्श नगर और प्रेम नगर के 90 प्रतिशत क्षेत्र में सीवर लगा हुआ है और शेष क्षेत्र में 11वें वित्त आयोग के अन्तर्गत सीवर डाल दिया जाएगा और इस कार्य के टैंडर मांगे जा चुके हैं।<br>(12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(16-10-2001) |

15-0 27/8/02

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | | | |
| 149. | तारांकित प्रश्न संख्या 971 के संदर्भ में श्री जगदीश नेयर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि होडल और हसनपुर दो ऐसे कस्बे हैं, जहां पर आबादी दिनों-दिन बढती ही चली जा रही है परन्तु वहां पर पानी की निकासी की समस्या है. मैं आपके माध्यम से जन स्वास्थ्य मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या हमारे इन शहरों की समस्या का कोई विकल्प ढूंढने की कोशिश करेंगे?" | 5-2-99<br>अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि होडल के लिए तो हम एक 5-6 करोड़ रुपये की बहुत बड़ी स्कीम मंजूर करने जा रहे हैं और उसके लिए जल्दी ही मुख्य मंत्री महोदय इसका नींव पत्थर भी लगाने वाले हैं, उस मौके पर श्री हर्ष कुमार और श्री जगदीश नेयर भी उपस्थित होंगे। | होडल एवं हसनपुर शहरों के अनुमान क्रमशः 546 लाख एवं 152.50 लाख का बना कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 88 एवं 86 दिनांक 13-1-2000 द्वारा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जा चुके हैं। अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। स्वीकृति प्राप्त होने पर काम शुरु कर दिया जाएगा।<br>(12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22-10-2001) |
| 150. | श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 874—क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) राज्य में कितनी सीवरेज प्रणाली हैं जिनमें मलशोधन संयन्त्रों की व्यवस्था की गई है; तथा<br>(ख) क्या राज्य में विशेषकर अम्बाला छावनी में शेष सीवरेज प्रणालियों पर मल-शोधन संयन्त्रों की | 9-2-99<br>(क) राज्य के 13 शहरों में मल शोधन संयंत्र निर्माणाधीन है।<br>(ख) दूसरे शहरों में भी मल शोधन संयंत्र निर्माण करने का प्रस्ताव सरकार के पास सक्रिय तौर पर विचाराधीन है। मल शोधन संयंत्र बहुत महंगा होने पर भी पर्याप्त धन राशि का प्रबन्ध करने हेतु प्रयत्न किये जा रहे हैं। | (क) 13<br>(ख) पर्याप्त धनराशि का प्रबन्ध करने हेतु प्रयत्न किए जा रहे हैं। घग्घर एक्शन प्लान के अन्तर्गत अम्बाला छावनी में सीवरेज तथा मल शुद्धिकरण संयंत्रों का प्रावधान किया गया है। इस योजना की स्वीकृति तथा धनराशि उपलब्ध होने पर कार्य किया जाएगा।<br>(12-9-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | | | |
| 151. | तारांकित प्रश्न सं० 874 के संदर्भ में श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि हरियाणा के कितने शहरों में इस वक्त सीवरेज ट्रीटमैंट सिस्टम वर्किंग कंडीशन में हैं। उनके अलावा क्या सरकार बाकी शहरों में भी सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट लगाने के बारे में विचार करेगी? अगर विचार कर लिया है तो वह किस हद तक विचार किया जा चुका है। अध्यक्ष महोदय, आज समय-समय पर इंवायरनमैंट के बारे में विचार किया जा रहा है तो मैं यह जानना चाहता हूं कि बाकी जगहों पर कब तक ट्रीटमैंट प्लांट लगा लिए जाएंगे? | 9-2-99<br>अध्यक्ष महोदय, यमुनानगर, जगाधरी, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुड़गांव और फरीदाबाद सात बड़े शहरों में यह योजना चल रही है और 6 छोटे शहरों में जिनमें छछरौली, रादौर, इन्द्री, घरौंडा, गोहाना और पलवल आते हैं, में भी यह योजना चल रही है। फरीदाबाद में 3 ट्रीटमैंट प्लांटस हैं। गुड़गांव में काम पूरा हो गया है बाकी जगहों पर जून-जुलाई में काम पूरा हो जाएगा। इसके अलावा जो बाकी शहर हैं उनमें काम सन् 2000 तक पूरा हो जाएगा। अध्यक्ष महोदय, ये ट्रीटमैंट प्लांटस 40 करोड़ रुपये के लगेंगे लेकिन अभी हमें पैसा नहीं आया है। जब हमें पैसा मिल जाएगा तो काम हो जाएगा। जींद और रोहतक में ट्रीटमैंट प्लाट की जरूरत है इसलिए इसको हम पहले पूरा करेंगे और अम्बाला के बारे में भी सोच सकते हैं। | यमुना एक्शन प्लान के अन्तर्गत हरियाणा के 6 बड़े शहरों, यमुनानगर-जगाधरी, करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद व गुड़गांव में 11 मल शुद्धिकरण संयंत्र लगाने का कार्य शुरु किया गया था। इनमें से 10 संयंत्र चालू हो चुके हैं और एक एम.एल.डी. संयंत्र यमुनानगर में 7/2001 तक चालू होने की आशा है। वर्ष 1997 में 6 छोटे शहरों में भी यमुना एक्शन प्लान का कार्य आरम्भ किया गया है। गोहाना शहर में मल सुधार संयंत्र पर 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 4 शहरों छछरौली, रादौर, इन्द्री व घरौंडा में मल शुद्धि संयंत्र लगाने के अनुमान 10/2000 में भारत सरकार से स्वीकृत हुए तथा इस पर कार्य आरम्भ किया जा रहा है। पलवल में मल सुधार संयंत्र लगाने के अनुमान की स्वीकृति अभी भारत सरकार | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(22-10-2001) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | से अपेक्षित है।<br>इन 6 शहरों में सीवर लगाने का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। सीवर व मल शुद्धि संयंत्र लगाने का कार्य पूरा करने के लिए 10 करोड़ रुपये भारत सरकार से प्राप्त होने हैं। आशा है कि ये सभी कार्य वर्ष 2002-2003 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।<br>(12-9-2001) | |
| 152. वर्ष 2000-2001 का बजट | 14-3-2000<br>आगामी वित्त वर्ष के दौरान भारत सरकार से प्राप्त होने वाली 15 करोड़ रुपये की सहायता से 150 और गांवों में जल-सप्लाई बढ़ाने का प्रस्ताव है। | वर्ष 2000-2001 के दौरान सूखाग्रस्त विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 1450 लाख रुपये का प्रावधान था जबकि भरात सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केवल 19 लाख रुपये का राशि ही प्रदान की गई जिसके कारण इस कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा। लेकिन फिर भी प्रगति कार्यों को राज्य सरकार ने चालू रखते हुए 86 गांवों की पेयजल आपूर्ति में 70 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से बढ़ौतरी की। यह मामला भारत सरकार से बार-बार उठाने के उपरांत वर्ष 2000-2001 में 908.64 लाख रुपये की स्वीकृति दी है जिसमें से 454.32 | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(30-10-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | लाख रुपये की एक किस्त प्राप्त हो चुकी है।<br>(12-9-2001) | |
| 153. | डा० सीताराम द्वारा पूछा गयी तारांकित प्रश्न संख्या 295 : क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला सिरसा के डबवाली तथा कालांवाली कस्बों में सीवरेज प्रणाली सुधारने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है? | 8-3-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>जी हां, श्रीमान्। डबवाली शहर की सीवरेज प्रणाली के सुधार की योजना पर जिसकी अनुमानित राशि 241.25 लाख रुपये है, कार्य प्रगति पर है।<br>जी नहीं श्रीमान्। फिर भी कालांवाली शहर में सीवरेज की व्यवस्था के लिए 135.00 लाख रुपये का अनुमान अनुमोदित किया गया है जिस कार्य को शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा। | | |
| 154. | श्री उदयभान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 356:<br>(क) क्या होडल के नगरपालिका क्षेत्र में पीने का पानी उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है; तथा | 12-3-2001<br>(क) जी हां श्री मान्।<br>(ख) यह योजना दसवें वित्त आयोग के अन्तर्गत भारत सरकार की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना का 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा अब भारत सरकार द्वारा कार्य पूर्ण करने की सीमा अवधि | | |

| | |
|---|---|
| (ख) यदि ऊपर के भाग (क) का उत्तर सकारात्मक में हो, तो उपरोक्त प्रस्ताव का कितना कार्य अब तक पूरा हो चुका है जबकि उक्त कार्य सरकार द्वारा 31-12-200 तक पूरा किया जाना था? | 31-3-2001 तक बढ़ा दी गई है। कार्य पूरा करने के लिए प्रयत्न किये जा रहे हैं जोकि भारत सरकार से वित्तीय सहायता शीघ्र प्राप्त होने पर निर्भर है। |
| | 14-3-2000 |
| 155. बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री द्वारा दिया गया आश्वासन | राज्य सरकार पेयजल सुविधा को एक बुनियादी जरूरत मानती है। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार हरियाणा में 3,335 ऐसे गांव हैं, जहां 40 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मानक से कम पेय आपूर्ति होती है। × × × × × हमने चालू वर्ष के दौरान 500 कम आपूर्ति वाले गांवों में 55-70 लिटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की योजना बनाई है। इनमें से दिसम्बर, 2000 तक 300 गांवों में यह काम पूरा हो चुका है तथा इस वर्ष के अन्त तक शेष गांवों भी यह सुविधा प्राप्त हो जाएगी। इन कार्यों के लिए राज्य ''न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम'' और ''केन्द्रीय त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम'' के अन्तर्गत इस वर्ष के दौरान 4780 करोड़ रु० खर्च किए जाएंगे। |

## OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

## EDUCATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 156. | चौधरी बीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 85—"क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) राज्य में इस समय मुख्याध्यापकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं; तथा<br>(ख) क्या इन पदों की सीधी भर्ती/विभागीय पदोन्नति से भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो इन के कब तक भरे जाने की संभावना है?" | 3-3-93<br>(क) इस समय राज्य के विभिन्न राजकीय उच्च विद्यालयों में मुख्याध्यापकों के 435 रिक्त पद पड़े हैं।<br>(ख) हां, उपरोक्त खाली स्थानों को सीधी भर्ती तथा विभागीय पदोन्नति द्वारा शीघ्रातिशीघ्र भरे जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। | इस समय मुख्याध्यापकों के 436 पद रिक्त हैं। इन में से 245 पद सीधी भर्ती के लिए तथा 191 पद पदोन्नति के लिए आरक्षित हैं। पदोन्नति कोटा के लिए आरक्षित 191 पदों के समक्ष 171 व्यक्तियों को मुख्याध्यापकों के पदों पर पदोन्नत करने हेतु मामले पूरे कर दिए गए हैं और आदेश शीघ्र जारी हो जाएंगे। सीधी भर्ती के लिए अब 245 पदों में से 211 पदों के समक्ष अभ्यर्थी सिफारिश करने हेतु हरियाणा लोक सेवा आयोग को लिखा जा चुका है। सिफारिशें अभी प्राप्त होनी शेष हैं।<br>(31-1-97) | समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है।<br>(17-4-97) |
| 157. | चौधरी अजमत खां द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 772 का भाग—<br>(क) तथा (ख)<br>(क) इस समय मेवात क्षेत्र के हथीन, पुनहाना, नगीना, नूह तथा तावडू | 8-3-94<br>(क) इन ब्लाकों में स्वीकृत पदों की संख्या 95 है।<br>(ख) 16 रिक्तियां हैं जिन्हें भरे जाने की संभावना है। | वर्ष 1993 में उर्दू के रिक्त पद भरने हेतु एस०एस०एस० बोर्ड हरियाणा द्वारा वर्ष 1993 तथा 1994 में पद विज्ञापित किये गये थे। विज्ञापन में यह अंकित था कि मेवात इलाके के लिए मिडल तक उर्दू | समिति इस बारे में नवीनतम स्थिति जानना चाहती है।<br>(17-4-97) |

36

| | | |
|---|---|---|
| | ब्लाकों के लिये राजकीय स्कूलों के लिए उर्दू के जे०बी०टी० के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी हैं; तथा<br>(ख) ऊपर के भाग (क) में यथा निर्दिष्ट पदों में से कितने पद भरे जाने की संभावना है? | पढ़ी हो ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। वर्ष 1995 में जिला गुड़गांव/फरीदाबाद के रिक्त पदों को भरने हेतु उम्मीदवारों के नाम भेजे जा चुके हैं। अब जो पद रिक्त हैं उनको विज्ञापन द्वारा भरने की कार्यवाही विभाग के विचाराधीन है। |

Dropped on 7/8/02

(31-1-97)

28-9-95

37

| | | |
|---|---|---|
| 158. | तारांकित प्रश्न संख्या 1213 के संदर्भ में श्री अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बताया है कि डी०पी०ईज० की पोस्टें बाई परमोशन भरी जाती हैं। अध्यक्ष महोदय, ये डी०पी०ईज० का कोर्स भी करवाया जाता है। अगर पोस्टें बाई परमोशन भरी जानी हैं तो जिन्होंने कोर्स किया हुआ है, वे कब तक इंतजार करेंगे। क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अगर डी०पी०ईज० की पोस्टें पी०टी०आईज० में से बाई परमोशन भरी जानी हैं तो फिर इस कोर्स को करवाने का क्या फायदा है?" | अध्यक्ष महोदय, जो विचार अजमत खां जी ने रखे हैं हम इनको भी एग्जामिन करवा लेंगे। |

Dropped on 7/8/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 159. | श्रीमती चन्द्रवती द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1006—"क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि 1980 से अब तक की अवधि के दौरान हरियाणा राज्य में नियुक्त किए गए उन शास्त्रियों की संख्या कितनी है, जिन्होंने अयोध्या (उत्तर प्रदेश) तथा बिहार से योग्यता प्राप्त की तथा उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने से पूर्व उन्होंने राज्य में जिन संस्थाओं में अध्ययन किया उनके नाम तथा पते क्या हैं?" | 17-3-95<br>* * * * मेरा आपसे अनुरोध है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए सरकार को 15 दिन का समय देने की कृपा करें। | | |
| 160. | श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 240—"क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि गांव जैन्दापुर, तहसील पलवल में परिचालित "ब्लैक बोर्ड" योजना के अधीन निर्मित किए गए कमरे गिर गए हैं; तथा | 8-2-95<br>(क) * * * * * * * * * * * * * * * * * *<br>(ख) संबंधित विभाग (विकास तथा पंचायत विभाग) द्वारा जिम्मेवारी निर्धारित करने बारे जांच की जा रही है और जांच पूरी होना पर दोषी पाए गए कर्मचारियों / अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी | | |

(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम क्या हैं तथा इस मामले में अन्तर्ग्रस्त कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई?''

| | | |
|---|---|---|
| 161. | तारांकित प्रश्न संख्या 1024 के संदर्भ में प्रो० छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— * * * * * * * * * * अध्यक्ष महोदय, मेरा इसके साथ दूसरा सवाल है कि सरकारी स्कूलों में स्टूडैंटस टीचर्ज की क्या रेशो है? प्राईवेट स्कूलों में स्टूडैंटस टीचर्ज की क्या रेशो हैं। * * * | 15-3-95<br>* * * * * * * * *<br>* * * * * * * * *<br>अध्यक्ष महोदय, दूसरा सवाल उन्होंने यह पूछा कि टीचर्ज और स्टूडैंटस की रेशो क्या है। प्राईवेट स्कूलों और सरकारी स्कूलों में टीचर और स्टूडैंटस की रेशो एक समान है। 40 स्टूडैंटस पर एक टीचर की रेशो है। अध्यक्ष महोदय, मैं अपने साथी की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए पिछले साल हमने करीब साढ़े पांच हजार टीचर्ज की भर्ती की थी और अब भी 3200 के करीब रिक्विजीशन हमने एस०एस०एस० बोर्ड या पब्लिक सर्विस कमीशन को भेजी हुई हैं और स्टाफ की कमी को शीघ्र पूरा किया जाएगा। |
| 162. | तारांकित प्रश्न संख्या 1024 के संदर्भ में श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछा गया | 15-3-95<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय मक्कड़ जी ने जो सवाल पूछा है, उसके बारे में मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि |

38

40

Dropped 7/8/02

Dropped 7/8/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए क्या टीचर्ज के स्टैन्डर्ड को स्ट्रैन्थन करने के लिए कोई कार्यवाही की गई है? मंत्री जी अच्छी तरह जानते हैं कि टीचर्ज स्कूलों में कई गलत बातें भी करते हैं, हुक्का पीते हैं, ड्रिंक भी लेते हैं। क्या उनकी जानकारी में यह बात है कि कोई टीचर हुक्का पीते हुए पकड़ा गया था। * * * * * * * * *।" | टीचर्ज को एक्सट्रा ट्रेनिंग दी जाती है। टीचर की ट्रेनिंग इस प्रकार से दो तरह की हो जाती है। एक तो मास्टर लगने से पहले जे०बी०टी० या बी०एड० की ट्रेनिंग तो होती ही है। उसके बाद सर्विस में आने के बाद टीचर्ज को इन सर्विस ट्रेनिंग भी दी जाती है तथा डिस्ट्रिक्ट-लेवल पर भी उनकी इन-सर्विस ट्रेनिंग करवाई जा रही है ताकि उनके पढ़ाने का स्तर ऊंचा हो सके और इस बारे में हम दो सैन्टर खोलने जा रहे हैं। दूसरे इन्होंने कहा है कि कोई मास्टर हुक्का पीते हुए पकड़ा गया था, तो उस बारे में हम ऐक्शन लेंगे।* * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * *। | | |
| 163. | तारांकित प्रश्न संख्या 1024 के संदर्भ में डा० राम प्रकाश द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि किसी भी स्कूल का अच्छा परीक्षा फल निकालने के लिए हैड का होना आवश्यक है। जहां हाई स्कूलज, 10+2 स्तर के | 15-3-95<br>अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बहुत ही अच्छा सवाल पूछा है। हम भी यही चाहते हैं कि कोई भी स्कूल प्रिंसिपल के बिना न रहे। इनको लगाने के दो तरीके होते हैं, एक तो डायरैक्ट लगते हैं और दूसरे बाई प्रोमोशन लगते हैं। के लिए तो हाई कोर्ट ने स्टे दे रखा है और प्रोमोशन डायरेक्ट के लिए एस०एस०एस० बोर्ड को ओर पब्लिक | | |

| | |
|---|---|
| स्कूलज और प्राईमरी स्कूलज में प्रिंसीपल्ज/हैड्ज नहीं हैं, क्या सरकार इनको भरने की कोशिश करेगी; यदि हां, तो ये पद कब तक भरे जाएंगे?'' | सर्विस कमीशन को रिक्वीजीशन भेज रखी है। अभी तक उनकी तरफ से कोई रिकोमैंडेशन नहीं आई है हमें आशा है कि हम इसे अगले सत्र तक पूरा भर पाएंगे। |
| | 20-3-95 |
| 164. श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1136 के उत्तर में—''क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, मडलौडा, जिला पानीपत का दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाये जाने की सम्भावना है?'' | जी हां, जैसे ही निधियां उपलब्ध होंगी विद्यालय का दर्जा बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। |
| | 20-3-95 |
| 165. श्री लहरी सिंह द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 249 के उत्तर में—<br>क्या शिक्षा मन्त्री बताएंगे कि क्या वर्ष 1995-96 के दौरान यबैन, जिला कुरुक्षेत्र में 10+2 प्रणाली स्कूल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | जी हां। अन्य विद्यालयों के साथ इसे भी मैरिट के आधार पर विचार किया जाएगा बशर्ते कि राजकीय विद्यालयों को स्तरोन्नत करने हेतु राशि उपलब्ध हुई। |
| | 20-3-95 |
| 166. जिला कुरूक्षेत्र तथा यमुनानगर के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अध्यापकों की संख्या | अतारांकित प्रश्न संख्या 250 का संबंध जिला यमुनानगर एवं कुरूक्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक |

41

42

Dropped on 7-8-02

Dropped 7/8/02

F.O. 7/8/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के बारे में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 250 के उत्तर में। | विद्यालयों व उनमें छात्र संख्या अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति किये जाने बारे विस्तृत सूचना से है। यह सूचना सरकार के स्तर पर उपलब्ध नहीं है और इसे एकत्रित करने में काफी समय लगेगा। * * * * * * * * * * * * *अत: मेरा आपसे अनुरोध है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए सरकार को 30 दिन का समय देने की कृपा करें। | | |
| | | 21-3-95 | | |
| 167. | श्री दरियाव सिंह द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1175 के उत्तर में—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि हायर सैकेण्डरी स्कूल, झज्जर के कुछ कमरे क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं; तथा<br>(ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त कमरों की मुरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है? | (क) जी हां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झज्जर के कुछ कमरे क्षतिग्रस्त हैं और उनकी विशेष मुरम्मत की आवश्यकता है। * * *<br>(ख) गत वर्ष 50,00,000 रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इस वर्ष 1,70,375 रुपये की राशि विद्यालय भवन की मुरम्मत के लिये स्वीकृत की जा चुकी है। कार्य शीघ्र ही कर लिया जायेगा। | | |
| | | 28-2-96 | | |
| 168. | श्री अमजद खां द्वारा पूछे गये तारांकित | नैतिक शिक्षा को वर्तमान शैक्षिक वर्ष से कक्षा | | |

प्रश्न संख्या 1261 के उत्तर में—

क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में माध्यमिक शिक्षा पाठ्यक्रम तक गांधी दर्शन शास्त्र, स्वतन्त्रता आन्दोलन तथा नैतिक शिक्षा का विषय आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

1-12 तक अनिवार्य विषय के रूप में लागू किया गया है। गांधी-दर्शन तथा स्वतन्त्रता संग्राम से संबधित पाठ-स्कूली पाठ्यक्रम में है परन्तु इन्हें अलग विषय के रूप में लागू करने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

8-3-96

169. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के संदर्भ में चौधरी शेर सिंह द्वारा दिया गया सुझाव—* * * * * आज सभी बहनों ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान की बात कही है। स्पीकर साहब, हरियाणा में आज प्लस टू के लगभग 6 हजार लैक्चरार हैं जिनका वेतनमान 2000-3500 है और इस वेतनमान के सभी बाकी महकमों में प्लस टू अधिकारी हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि उन 6 हजार लैक्चरार में तीन हजार महिलाओं का मान-सम्मान आज ही मुख्य मंत्री जी बढ़ा सकते हैं अगर ये उनको क्लास टू अधिकारी बना दें। आज

अध्यक्ष महोदय, शेर सिंह जी ने बहुत अच्छा सुझाव दिया है। मैं इस बात को स्वीकार करते हुए यह कहता हूं कि दस जमा दो के जितने भी लैक्चरार 2000-3500 के स्केल में पे लेते हैं, उनको क्लास टू अधिकारी बना देंगे।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | ही ये महिला दिवस पर यह घोषणा कर दें कि प्लस टू के जितने भी लेक्चरार हैं, उनको क्लास टू अधिकारी बना दिया जाए। | | | |
| 170. | राज्यपाल महोदय, के अभिभाषण पर हुई चर्चा के संदर्भ में । | 23-5-96<br>* * * * "उस समय जिस विद्यालय में 8 बच्चे पंजाबी पढ़ने वाले थे तो उनके बारे में आपने कहा कि वहां पर पंजाबी अध्यापक लगाने के बारे में विचार किया जाएगा। स्पीकर साहब, हमने वह 8 की संख्या घटाकर 4 कर दी है और 4 की संख्या भी एक क्लास की बात नहीं है, पूरे विद्यालय में अगर 10 विद्यार्थी पंजाबी पढ़ने वाले हैं, चाहे वे एक-एक क्लास में एक-एक हैं, हम वहां पर पंजाबी अध्यापक अवश्य लगाएंगे। हमारा यह संकल्प है। इसमें कोई राजनैतिक स्वार्थ नहीं है। | | |
| 171. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री श्री बंसी लाल द्वारा | 24-4-95<br>* * * पंजाबी के ओ० टीचर्ज की 550 की कमी है, वह पिछली सरकार मंजूर कर गई थी लेकिन | | |

दिया गया उत्तर।

रिक्रूटमैंट उन्होंने नहीं किया। हम इस रिक्रूटमैंट को 3 महीने में कर लेंगे। पंजाबी भाषा के टीचरों की जो कमी है वह इस अवधि में पूरी कर देंगे।

19-11-96

172. तारांकित प्रश्न संख्या 163 के संदर्भ में श्री भागी राम द्वारा शिक्षा मंत्री जी से पूछा गया अनुपूरक प्रश्न * * * मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इन्होंने 89 डेज पर जितने टीचर लगाए हैं क्या उनकी सिलैक्शन करते समय रिजर्वेशन का कोटा पूरा किया गया है यानि क्या रिजर्वेशन के हिसाब से उन कैटेगरीज को भर्ती किया गया है। रिजर्वेशन कोटे में जो पिछला शार्टफाल है क्या उसको भी पूरा किया जाएगा। दूसरा मेरा सवाल है कि जिस समय जे०बी०टी० टीचरर्ज को ट्रेनिंग देने के लिए दाखिला दिया जाता है क्या उस समय रिजर्व कोटे के हिसाब से दाखिला दिया जाता है मेरे ख्याल में ऐसा नहीं है। अगर जे०बी०टी० टीचर की ट्रेनिंग के लिए जिस समय कैंडीडेटस को दाखिला दिया जाता है अगर उस समय रिजर्व कोटे को पूरा कर दिया जाए तो यह शार्टफाल नहीं रहेगा।

स्पीकर साहब, * * * मैं सदन को आश्वासन देना चाहूंगा कि यदि पहली बार एडवर्टाईज करने पर रिजर्व कैटेगरी का कैंडीडेट नहीं मिलता है तो हम उसको दोबारा एडवर्टाईज करेंगे। यदि कोई पोस्ट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है तो उसी जाति का आदमी उस पोस्ट पर लगाएंगे।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 173. | तारांकित प्रश्न संख्या 119 के संदर्भ में श्री दिलू राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"अध्यक्ष महोदय, मेरा हल्का पंजाब के साथ-साथ कम से कम 70 किलोमीटर की लम्बाई तक लगता है और उधर कोई भी टीचर जाना नहीं चाहता है। यहां पर यह देखने में आया है कि 400 बच्चों के साथ एक ही टीचर है। इस ऐरिया में एक भी स्कूल ऐसा नहीं है जहां पर टीचर पूरे हों। इस लिए मेरी मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि वे स्वयं आकर के वहां देखें कि 400 बच्चों के लिए केवल एक ही अध्यापक है। अगर ऐसी हालात रही तो शिक्षा का क्या हाल होगा, आपको विदित है। इसलिए मेरी पुरजोर प्रार्थना है कि इस बारे में जल्द से जल्द कार्यवाही करने का कष्ट करें और यह भी बताएं कि कब तक टीचरों की संख्या को वहां पर पूरा करेंगे?" | 22-11-96<br>अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मैं सदन में बता चुका हूं और दिलू राम जी को फिर बताना चाहता हूं कि इस महीने की आखिरी तारीख तक हरियाणा में कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं रहेगा। जिसमें किसी अध्यापक का पद रिक्त होगा। | | |

48

Dropped 2/8/02

174\. तारांकित प्रश्न संख्या 119 के संदर्भ में श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई जानकारी—
"आदरणीय शिक्षा मंत्री जी जो प्रश्न चल रहा है इस पर मैं थोड़ी सी सूचना लेना चाहता हूं कि प्राईवेट स्कूलों और गवर्नमैंट स्कूलों के जहां तक टीचर एण्ड टोट का सवाल है सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की संख्या प्राईवेट स्कूलों से कहीं अधिक है। साथ ही साईंस की लैबोरेटरीज, खेल के मैदान भी प्राईवेट स्कूलों से अच्छे हैं फिर क्या कारण है कि गत 15–20 सालों से हरियाणा की ग्रामीण जनता का विश्वास सरकारी स्कूलों से उठता जा रहा है। * * * * * आप बड़े शिक्षाविद् है, ग्रामीण क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं आप बताएं कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा हो, इस दिशा में क्या प्रयास किए जा रहे हैं या करेंगे।

22-11-96

* * * * * * * * * * * * * * दूसरा कारण यह है कि हर क्षेत्र में प्राईवेटाइजेशन का रुझान बढ़ रहा है। हम इस दिशा में एक पग उठा रहे हैं कि हर जिला स्तर पर एक आदर्श विद्यालय स्थापित करेंगे ताकि उनमें ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले जो प्रतिभाशाली छात्र हैं उनको अच्छा तरह से विकसित कर सकें।

Dropped on 21/8/02

175\. तारांकित प्रश्न संख्या 200 पर श्री देवराज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—
स्पीकर सर, मैं आपके द्वारा मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि माहरा गांव मेरे हल्के का एक बहुत बड़ा गांव है। इसी के साथ

14-3-97

* * * * स्पीकर सर, अगले वित्तीय वर्ष में हम इस विद्यालय का दर्जा बढ़ाने के बारे में विचार करेंगे।

Dropped on 21/8/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | एक और जुड़ा गांव है और उनमें दो पंचायतें हैं। कई सालों से इस स्कूल का दर्जा बढ़ाने के लिए कहा जा रहा है और मैंने भी पहले कई बार इसके बारे में लिखा है मैं मंत्री जी से कहूंगा कि वे मेरे सवाल का जवाब न के बजाए हां में बदल दें तो बड़ी मेहरबानी होगा। | | | |
| 176. | तारांकित प्रश्न सं० 351 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि गांव देखोरा (रोहतक) में राजकीय उच्च विद्यालय की इमारत को कब तक निर्मित/ पूरा किए जाने की संभावना है ? * * * * '' | 17-3-97<br>स्पीकर सर, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि देखोरा स्कूल की मरम्मत पर अब तक 75 हजार रुपए खर्च किए जा चुके हैं और 66 हजार रुपए अप्रैल तक खर्च किए जाएंगे तथा तब तक इस काम के पूरा होने की संभावना है। | | |
| 177. | तारांकित प्रश्न सं० 233 के संदर्भ में डॉ० वीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— | 19-3-97<br>स्पीकर साहब, डॉ० वीरेन्द्र पाल जी को बताना चाहता हूं कि डीघल रोहतक जिले का बहुत बड़ा गांव है। इन्होंने चिमनी के स्कूल के बारे में | | |

''अध्यक्ष महोदय, चिमनी के स्कूल में 19 कमरे हैं, उनमें एक बहुत बड़ा एग्जामिनेशन हाल है कार्यालय कक्ष भी है और उसमें खेल के ग्राउंड की फैसिलिटी भी है। क्या उस स्कूल को कन्या हाई स्कूल का दर्जा देंगे? मंत्री जी ने बताया कि स्कूल को अपग्रेड करने के लिए ये नाम्र्ज पूरे होने चाहिएं। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं किस मेरे हल्के में एक ड़ीधल कन्या हाई स्कूल है उस स्कूल की छात्र संख्या 1500 के करीब है क्या उस स्कूल को भी अपग्रेड करके दस जमा दो प्रणाली का बनाया जाएगा?''

पूछा है। मैं उनको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए खास करके लड़कियों की शिक्षा के लिए बहुत संवेदनशील है। हम पूरे हरियाणा के अन्दर हर विद्यालय का सर्वेक्षण कराएंगे और जो-जो स्कूल नाम्र्ज पूरे करेगा उसको अपग्रेड करने के बारे में विचार करेंगे। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि यदि कोई स्कूल नाम्र्ज पूरे करता है और वह हमारे सर्वेक्षण में रह गया तो आप हमें उसके बारे में बताएं हम उसको अपग्रेड करने के बारे में विचार करेंगे।

178. तारांकित प्रश्न सं० 233 के संदर्भ में श्री भागी राम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

''स्पीकर साहब, पिछली सरकार के पांच साल के दौरान जिन-जिन हलकों में कोई स्कूल अपग्रेड नहीं हुए। क्या उन हलकों के स्कूलों को अपग्रेड करने के बारे में सरकार कोई विचार करेगी?''

19-3-97

* * * * स्पीकर साहब, * * * * जहां पर लड़कियों की संख्या अढ़ाई सौ होगी वहां पर हम स्कूल का दर्जा बढ़ाने में पीछे नहीं हटेंगे। जहां-जहां पर स्कूल का अपग्रेड करने के नाम्र्ज पूरे होते होंगे, वहां-वहां पर हम स्कूलों का दर्जा बढ़ा देंगे। इसलिए यह सर्वेक्षम करा रहे हैं।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 179. | तारांकित प्रश्न संख्या 329 के संबंध में श्री राजकुमार सैनी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय मैं माननीय शिक्षा मंत्री महोदय के नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं कि अप्रैल मास से नई कक्षाएं स्कूलों में आरम्भ हो जाएंगी और शिक्षा मंत्री महोदय ने विभिन्न अवसरों पर कई स्कूलों को अपग्रेड करने का आश्वासन भी दिया है। मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मन्त्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि जिन स्कूलों को अपग्रेड किया गया है क्या उन स्कूलों को अप्रैल से पहले अपग्रेड करने बारे सरकार विचार करेगी ताकि वहां पर नई कक्षाएं समय पर शुरू हो सकें? | 20-3-97<br>* * * * * इस बारे में सरकार ने पहले ही सर्वे करवाया है और हम प्रयास करेंगे जो स्कूल इस बार अपग्रेड होने हैं उनके मामलों को मई के पहले सप्ताह तक टेकअप करके फाइनल कर लिया जाए ताकि इसी सत्र में वहां पर कलासिज शुरू की जा सकें। | | |
| 180. | तारांकित प्रश्न सं० 489 के संदर्भ में डॉ० विरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से | 20-1-98<br>"अध्यक्ष महोदय, एक-आध स्कूल अगर दर्जा बढ़ने से रह भी गया है तो इस साल उसका दर्जा बढ़ा देंगे। (शोर)" | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि मेरे हल्के में बेरी व चिमनी के विद्यालयों का दर्जा नहीं बढ़ाया गया है। (शोर)" | | | |
| 181. | तारांकित प्रश्न संख्या 492 के संदर्भ में श्री देवराज दीवान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"स्पीकर साहब, सोनीपत जिले में ककरोई और मिनाना बहुत बड़े-बड़े गांव है क्या सरकार का उन स्कूलों का अपग्रेड करने का कोई विचार है?" | 21-1-98<br>अध्यक्ष महोदय, इनका कल भी इस बारे में एक सवाल था। उसका समय अभाव के कारण जवाब नहीं दिया जा सका लेकिन मैंने उसका लिखित जवाब दे दिया था। इस बारे में सरकार पुनर्विचार करेगी। | | |
| 182. | वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>* * * * * हरियाणा राज्य ने उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार किया है। वर्ष 1998-99 के दौरान सांपला में महिला महाविद्यालय और भिवानी में राजकीय महाविद्यालय खोलने के तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार में लड़कियों की शाखा को अलग से महाविद्यालय के रूप में शुरू करने का प्रस्ताव है। नारनौल में एक शिक्षण महाविद्यालय खोलने का भी प्रस्ताव है। | हरियाणा राज्य में उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विस्तार किया है। राजकीय महाविद्यालय, सिवानी की स्थापना वर्ष 1998 में की जा चुकी है। राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, नारनौल को वर्ष 1998-99 में खोल दिया गया था लेकिन एन०सी०टी०ई० जयपुर के अनुमोदन के अभाव में शिक्षण कार्य शिक्षा सत्र 1999-2000 से ही शुरू किया जा सका। इस महाविद्यालय की वित्तीय स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। जहां तक सांपला में महिला महाविद्यालय खोलने का प्रश्न है, वहां महाविद्यालय | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-6-2000) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | की वित्तीय स्वीकृति स्थापिप करने के सम्बन्ध में सरकार को वर्ष 1999 में प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन भवन निर्माण का कार्य पूर्ण न होने के कारण व वर्ष 1999 में लोक सभा चुनावों के दृष्टिगत इसे स्थापित नहीं किया जा सका। अतः पुनः वर्ष 2000 में सरकार को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। रा०महा० वि०, हिसार में लड़ीकयों की शाखा को अलग से महाविद्यालय से रूप में शुरू करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था लेकिन सरकार ने अपने पत्र दिनांक 8-9-98 ग्वारा सूचित किया कि विभाग परले नारनौल तथा सांपला में कालेज खोलने के मामले परश्यू करें। हिसार में महिला महाविद्यालय कोलने बारे बाद में निर्णय लिया जयेगा। राजकीय महाविद्यलय, नारनौल को वर्ष 1999 से शुरू किया जा चुका है व सांपला में महिला महाविद्यालय | |

183. वर्ष 1998-99 का बजट

* * * * चालू वित्त वर्ष में 40 नये व्यावसायिक शिक्षा संस्थान तथा निसिंग फतेहाबाद और कलानौर में तीन नये आई०टी०आई० खोलने, आई०टी०आई० की 12 ''गेस्ट क्लासिज'' का दर्जा बढ़ाकर पूर्ण आई०टी०आई० का दर्जा देने तथा 26 आई०टी०आई० (महिला) शाखाओं को पूर्ण आई०टी०आई० (महिला) बनाने का प्रस्ताव है। वर्ष 1998-99 के लिए इस विभाग के लिए 20.87 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना का प्रस्ताव है।

खोलने का प्रस्ताव सरकार में विचाराधीन है।

(26-5-2001)

184. तारांकित प्रश्न संख्या 759 के संदर्भ में श्री जगदीश नायर द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

''अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय के नोटिस में लाना चाहूंगा कि मेरे हल्के में तीन स्कूलों का दर्जा बढ़ाया गया था लेकिन आज भी वहां पर स्टाफ नहीं भेजा गया है। खासकर के प्रिंसीपल और हैडमास्टर को नहीं भेजा गया हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में

29-7-98

अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी श्री जगदीश नायर जी के क्षेत्र में गया था और केवल गांव खामी ही में नहीं बल्कि मानद कोल और बैंगलूत की पंचायतों की तरफ से वहां पर प्रस्ताव किया था और हमने आश्वासन भी दिया था। इस नए स्तर से खामी के स्कूल का दर्जा बढ़ा दिया जाएगा। इसके साथ ही मैं अपने भाई जगदीश नायर जी को कहना चाहूंगा कि मेरा अलग से कोई कोटा नहीं है सारे का सारा कोटा विधायकों का ही है। विधायक जहां चाहेंगे वहां पर स्कूल

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | ब्राह्मणों का एशिया का सबसे बड़ा गांव है। (विघ्न) गांव खामी में मंत्री जी का बहुत बड़ा स्वागत हुआ था जब मंत्री जी वहां पर गए थे वहां पर मंत्री जी ने विद्यालय का वायदा भी किया था। मंत्री जी ने वहां पर यह वायदा किया था कि लड़कियों के स्कूल का दर्जा बढ़ा देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या वे इस स्कूल को मेरे कोटे की बजाय अपने कोटे में से दर्जा बढ़ाने की कृपा करेंगे ?'' | खोले जाएंगे और स्कूलों का दर्जा बढ़ाया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की कोई राजनीति नहीं है। | | |
| 185. | तारांकित प्रश्न संख्या 759 के संदर्भ में श्री दिलूराम द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>''अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी पिछले साल मेरे हल्के में गए थे और वहां पर इन्होंने चार स्कूलों का दर्जा बढ़ाने की घोषणा की थी उसमें से 2 स्कूल तो बन गए हैं। अब क्या ये सुल्ताना और खोदी में | 29-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, मैं भाई दिलूराम जी के गुहला-चीका हल्के में गया था। हमने वहां पर दो स्कूलों का दर्जा बढ़ा दिया था जो कि पिछले सत्र में शुरू हो गए थे। यह जो बात इन्होंने प्राईमरी से मिडल और मिडल से हाई स्कूलों का दर्जा बढ़ाने वाली कही है, वह इस सत्र में कर देंगे। | Dropped on 21/8/02 | |

| | | |
|---|---|---|
| | दो स्कूलों को प्राईमरी से मिडल और मिडल से हाई करेंगे? इसके साथ ही खरका गांव बहुत ही बड़ा है और वहां पर आसपास में कोई भी दस जमा दो का स्कूल नहीं है और वहां पर लड़कियों की तादाद बहुत ज्यादा है। क्या मंत्री जी वहां पर स्कूल का दर्जा बढ़ाएंगे?'' | |
| 186. | श्री वीरेन्द्र पाल अहलावत द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 791—''क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान जिला झज्जर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गिरावड़ का दर्जा बढ़ा कर माध्यमिक विद्यालय करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?'' | 29-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, डॉ० वीरेन्द्र पाल अहलावत के गिरावड़ स्कूल के बारे में पुनः पता करवाया है। यह स्कूल सारी निर्धारित शर्तें पूरी करता है। हम इसी सत्र से इस स्कूल को प्राईमरी से मिडल बना देंगे। |
| 187. | तारांकित प्रश्न संख्या 791 के संदर्भ में श्री बलवन्त सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>''अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से समचाना गांव के स्कूल के बारे में जानना चाहूंगा।'' | 29-7-98<br>अध्यक्ष महोदय, पिछले सैसन में मायना साहब ने अपने मायना गांव का जिकर किया था, धीरपाल जी ने भी एक स्कूल की बात की थी। वे स्कूल हमने अपग्रेट कर दिए थे। अब ये समचाना की बात कर रहे हैं इसको भी दिखा लेंगे। |
| 188. | श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 58 का भाग (क) तथा | 29-1-99<br>(क) सी०बी० उच्च विद्यालय, अम्बाला छावनी के अध्यापक दिनांक 5-2-1977 से |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | (ख)—(क) क्या यह तथ्य है कि 5-2-1997 को सी०बी० उच्च विद्यालय, अम्बाला छावनी के अध्यापकों को शिक्षा विभाग, हरियाणा में समाविष्ट कर दिया गया था; तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट अध्यापकों को माननीय उच्च न्यायालय की सिविल रिट याचिका संख्या 4550/80 के निर्णय के अनुसरण में सलैक्शन ग्रेड देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | शिक्षा विभाग के नियन्त्र में लिए गए थे न कि 5-2-1997 से।<br>(ख) अभी मामला कोर्ट के विचाराधीन है, क्योंकि सी०डी० डब्ल्यू पी० नं० 4550/1980 में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध विभाग द्वारा एस०पी० ए० नं०1341 आफ 1991 दायर की हुई है जिसका निर्णय अपेक्षित है। | | |
| 189. | श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 861—<br>"क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) "क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि जिला महेन्द्रगढ़ में जे०बी०टी० अध्यापकों की भारी कमी है; तथा<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि अध्यापक पूर्वोक्त जिले में | 1-2-99<br>(क) जिला महेन्द्रगढ़ में जे०बी०टी० अध्यापकों के 1867 पद स्वीकृत हैं जिन में से 1668 पद पहले ही भरे हुए हैं। दिनांक 20-1-99 की स्थिति अनुसार इस जिले में जे०बी०टी० के 199 पद रिक्त हैं। हरियाणा स्टाफ चयन आयोग ने सरकार को दिनांक 16-12-98 को 2377 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिशें भेजी हैं जिन में से दिनांक 6-1-99 को | | |

| | | |
|---|---|---|
| | कार्यग्रहण करने के पश्चात अपना स्थानान्तरण करवा लेते है; यदि हां, तो ऐसी प्रवृति को रोकने के लिए क्या पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं ? | जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, नारनैल को 199 उम्मीदवारों की सूची नियुक्ति हेतु भेजी जा चुकी है और यह सभी 199 रिक्त पद फरवरी, 1999 तक भर लिए जाएंगे। |
| | | 2-2-99 |
| 190. | कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 808—क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि वर्ष 1998-99 के दौरान हुई जे०बी०टी०. प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ है; यदि हां, तो उक्त लीक के लिए जिम्मेवार कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? | हां, श्रीमान इस विषय में जांच चल रही है और इसके लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। F.O 21/8/02 |
| | | 2-2-99 |
| 191. | तारांकित प्रश्न संख्या 808 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—मैंने यह पूछा था कि यह इन्कवायरी कब आर्डर हुई, इसको कौन कंडक्ट कर रहा है; यह इन्कवायरी कब तक चलेगी अगर जस्टिस समय पर नहीं होगा तो इस इन्कवायरी का क्या फायदा होगा। आपको इस इन्कवायरी | अध्यक्ष महोदय, पेपर लीकेज की जब सूचना मिली उसी रात को एक बजे कमिशनर एवं सैक्रेटरी एजुकेशन विभाग ने इन्कवायरी शुरू की है और उसी हिसाब से हमने एग्जाम पोस्टपोन किया है पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनकी सूचना के आधार पर बाकी लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है यह रिपोर्ट हमारे पास पिछले महीने के आखिर में आई थी और इस इन्कवायरी |

F.O 21/8/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | की कोई समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए ताकि कम्पलेंट करने वाले को समय पर इन्साफ मिल सके। | को हम एक महीने में पूरा कर देंगे। | | |
| 192. | श्री रामजी लाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 839—<br>(ग) इस समय जिला यमुनानगर में राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों की संख्या कितनी है तथा इनके कब तक भरे जाने की संभावना है? | 2-2-99<br>(ग) जिला यमुना नगर में 517 पद रिक्त हैं जिनका विवरण निम्न अनुसार है—<br>(1) प्राईमरी स्कूल्ज 298 पद<br>(2) मिडल स्कूल्ज 30 पद<br>(3) हाई स्कूल्ज 50 पद<br>(4) हायर सैकेण्डरी स्कूल्ज 139 पद<br>इन पदों को शीघ्र भरने बारे पूरे प्रयत्न किए जा रहे हैं । | | |
| 193. | श्री जसविन्दर सिंह सिन्धु द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 935—क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि पेहवा निर्वाचन क्षेत्र में इस समय प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च विद्यालयों में अध्यापकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं तथा पूर्वोक्त पदों के | 2-2-99<br>पिहोवा विधान सभा क्षेत्र में अध्यापकों के वर्ग-वार रिक्त पदों की संख्या इस प्रकार से हैं—<br>क्रम सं० शिक्षक वर्ग रिक्ति सं०<br>27 (उच्च विद्यालय में)<br>1. मुख्याध्यापक 2<br>2. सामाजिक अध्ययन अध्यापक 8 | | |

कब तक भरे जाने की संभावना है?

| | | |
|---|---|---|
| 3. | विज्ञान अध्यापक | 2 |
| 4. | गणित अध्यापक | 2 |
| 5. | पी०टी०आई० | 2 |
| 6. | आर्ट एण्ड क्राफ्ट अध्यापक | 4 |
| 7. | हिन्दी अध्यापक | 4 |
| 8. | संस्कृत अध्यापक | 3 |
| | 71 (प्राथमिक विद्यालयों में) | |
| 9. | हैड टीचर प्राथमिक | 19 |
| 10. | जे०बी०टी० अध्यापक | 52 |

रिक्त पदों की पदोन्नति एवं सीधी भर्ती द्वारा शीघ्र भर दिया जाएगा।

8-2-99

194. तारांकित प्रश्न संख्या 970 के संबंध में श्री बिजेन्द्र सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इसराना में कालेज की इमारत बन कर तैयार हो चुकी है क्या अगले सत्र से वहां कक्षायें आरम्भ करने पर विचार करेंगे। क्योंकि यह आश्वसन माननीय मुख्य मंत्री जी ने वहां पर एक जनसभा में दिया था।

स्पीकर सर, माननीय सदस्य ने सही फरमाया है, वहां पर स्थानीय लोगों की एक संस्था बनाकर उनका सहयोग लेकर कालेज के लिए भवन बनाया गया है और मुख्यमन्त्री जी के आश्वासन के मुताबिक अगले सत्र से वहां पर कक्षाएं आरम्भ कर दी जाएंगी।

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 7-3-2001 (प्रथम बैठक) | | |
| 195. | तारांकित प्रश्न संख्या 287 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-स्पीकर साहब, मंत्री जी ने अहीरवाल में रीजनल सैंटर के बारे में जानकारी दी है उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि यह सैंटर रिवाड़ी ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिणी हरियाणा के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण संस्था माना जाता है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि अगर वहां के लोग सरकार को इस सैंटर के लिए जमीन उपलब्ध नहीं करवा सके तो क्या सरकार अपने स्तर पर कोई भी प्रयास जमीन एक्वायर करके इस रीजनल सैंटर को बनाने में विचार करेगी। इसके अलावा रिवाड़ी से सोहाना या रिवाड़ी से पलवल की तरफ यदि जमींदार जमीन देने को तैयार हों तो क्या माननीय मंत्री महोदय इस रीजनल सैंटर को वहां पर बदलने के लिए तैयार होंगे? | यह रीजनल सैंटर वहां पर किराये के भवन में चल रहा है भवन बनाने के लिए यदि कोई जमीन मिल जाएगी तो स बारे में विचार किया जा सकता है। F.O 3/7/02 F.O 2/8/02 | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

HEALTH DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 196. | तारांकित प्रश्न संख्या 1428 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"औरंगाबाद का कम्यूनिटी हैल्थ सैन्टर कब स्थापित हुआ था और इसको अपग्रेड करने का मामला कब से विचाराधीन है? दूसरा मेरा सवाल यह है कि नांगल जाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब खोला गया था और इसकी इमारत कब तक बनकर तैयार की जाएगी?" | 11-3-91 भारत सरकार द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अनुसार प्रत्येक 4 प्राथमिक स्वास्थ्य (केन्द्रों) के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें 30 बिस्तर तथा शल्य चिकित्सा/फिजिशियन, स्त्री रोग, बाल रोग एवं दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे, स्थापित किए जाएंगे। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह बताना चाहूंगा इन 4 पी०ए०सीज० में से होडल को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है। | नांगल जाट :—इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण भवन तथा सड़क शाखा द्वारा 31.58 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए जा चुके हैं। प्री-प्लानिंग मीटिंग में धन की व्यवस्था करवा कर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के उपरान्त धन उपलब्धि अनुसार भवन का निर्माण करवाया जाएगा। (15-9-98) | (समिति को नवीनतम स्थिति से अवगत कराया जाए।) (15-9-98) F.O 19/6/02 |
| 197. | श्री जय सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 228 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरावड़ी की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त इमारत का निर्माण कब तक किए जाने की सम्भावना है? | 17-3-1992 (क) हां (ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती। F.O 19/6/02 | प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरावड़ी (करनाल) :—प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा लोक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क शाखा ने इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 24.21 लाख रुपए के अनुमान तैयार करके भेजे हैं। प्री-प्लानिंग मीटिंग में भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करवा कर अनुमान सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेज दिए जाएंगे। | (समिति को नवीनतम स्थिति से अवगत कराया जाए।) (15-9-98) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सरकार द्वारा धन उपलब्धि अनुसार भवन निर्माण कार्य करवाया जाएगा। (15-9-98) | |
| 198. प्रो० सम्पत सिंह द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 38— (क) क्या जिला हिसार के गांव चूली बागड़ियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो इसका निर्माण कब तक आरम्भ होने/पूरा किए जाने की सम्भावना है? | 24-3-1992 (क) हां (ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती। | (क) इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा 26.62 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। सरकार द्वारा जारी की गई स्वीकृति की प्रति लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य शुरू करने हेतु भेजी जा चुकी है। (15-9-98) | (समिति को नवीनतम स्थिति से अवगत कराया जाए।) (15-9-98) |
| 199. श्री राम पाल सिंह कंवर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 449 के उत्तर में— (क) क्या जिला करनाल में घरौंडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो इसका निर्माण कब तक आरम्भ किए जाने/पूरा होने की संभावना है? | 25-2-93 (क) जी हां। (ख) वर्तमान समय में सीमा निर्धारित करना सम्भव नहीं क्योंकि यह धन उपलब्धि पर निर्भर है। | (क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घरौंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने का मामला कार्यवाही में है तथा सरकार द्वारा इस प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड करने पर भवन निर्माण कार्य बारे आगामी कार्यवाही की जाएगी। | (इस कार्य को चालू वर्ष में पूरा करके समिति को अवगत कराया जाए) (15-9-98) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | (ख) इस कार्य के आरम्भ करने तथा पूर्ण होने की सम्भावित तिथि नहीं दी सकती जैसा कि ऊपरलिखित स्पष्ट है।<br>(15-9-98) | |
| 200. | चौधरी अजमत खां द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न नं० 465—क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या उटावड़ तथा नांगल जाट में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि ऐसा है, तो उक्त इमारतों पर कार्य कब तक आरम्भ/पुरा होने की संभावना है? | 26-2-93<br>(क) जी हां।<br>(ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती क्योंकि यह धन उपलब्धि पर निर्भर है।<br>F.O<br>19/6/02 | **उतावड़**<br>ग्राम पंचायत उतावड़ द्वारा प्रा० स्वा० केन्द्र के भवन निर्माण हेतु अभी तक उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं करवाई गई। भूमि उपलब्ध करवाने पर सिविल सर्जन फरीदाबाद, को लिख दिया गया है। भूमि उपलब्ध होने पर भवन निर्माण कार्य किया जायेगा।<br>**नांगल जाट**<br>इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा द्वारा 31.58 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए जा चुके हैं। प्री-प्लानिंग मीटिंग में धन की व्यवस्था करवाकर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के उपरान्त धन उपलब्धि | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-9-98) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अनुसार भवन का निर्माण करवाया जाएगा। (15-9-98) | |
| 201. श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं० 183—<br>(क) क्या सिविल अस्पताल, करनाल के ब्लाक ''ए'' का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि ऐसा है, तो क्या चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त ब्लाक के निर्माण के लिए कोई राशि मंजूर की गई है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है? | 12-9-94<br>(क) जी हां।<br>F.O<br>19/6/02 | सरकार द्वारा इस अस्पताल के भवन हेतु धन राशि उपलब्ध नहीं करवाई गई है। धन राशि उपलब्ध होने पर ही इस अस्पताल के ब्लाक ''ए'' का निर्माण करवाया जाना सम्भव होगा।<br>(15-9-98) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-9-98) |
| 202. तारांकित प्रश्न संख्या 1016 के संदर्भ में श्री कृष्ण लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—* * * *<br>''अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बहिन जी से जानना चाहूंगा कि बारिश के दिनों में यह बिल्डिंग (जिला पानीपत के गांव मडलौडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) झील बन जाती है, उसमें पानी | 7-3-95<br>झील को भरने के लिए पैसा चाहिए तथा चार दीवारी के लिए भी पैसा चाहिए। इन कामों के लिए नए बजट में पैसे का प्रावधान करने का प्रयास किया जाएगा।<br>F.O<br>19/6/02 | इस केन्द्र की चार दिवारी के निर्माण हेतु तथा मिट्टी के भरत करवाने के लिए अभी अनुमान प्राप्त नहीं हुए हैं। अनुमान भेजने के लिए लोक निर्माण विभाग को अनुरोध किया हुआ है।<br>(15-9-98) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-9-98) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | भर जाता है जिससे मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। क्या इसका भरत करवा कर ठीक करवाएंगे; यदि हां, तो यह काम कब तक पूर्ण हो जाएगा?" | | | |
| 203. | तारांकित प्रश्न संख्या 1016 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में गूडा और टाटका दो गांव हैं जिनमें पी०एच०सीज० चल रही है उन पी०एच०सीज० की बिल्डिंग कब बनानी शुरू करेंगे और वे कब तक पूरी हो जाएंगी?" | 7-3-95<br>* * * * * * वैसे पिछले बजट में पी०एच०सीज० के लिए जितने पैसों का प्रावधान था, हमने उससे ज्यादा ही खर्च किया है। अगले बजट में उन दो पी०एच०सीज० का ध्यान रखेंगे। | **टाटका तथा गुढ़ा**<br>टाटका इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 16 कैनाल भूमि ग्राम पंचायत टाटका द्वारा उपलब्ध करवाई गई जो स्वास्थ्य विभाग के नाम निदेशक, पंचायत द्वारा स्थानान्तरण की जा चुकी है इस कार्यालय द्वारा सिविल सर्जन, कुरुक्षेत्र को भूमि का साईट प्लान भेजने हेतु लिखा जा चुका है। साईट प्लान प्राप्त होने पर मुख्य वास्तुक हरियाणा से ड्राईंग तथा प्रमुख अभियन्ता हरियाणा से अनुमान तैयार करवाकर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जायेंगे। भवन का निर्माण सरकार द्वारा धन उपलब्ध अनुसार करवाया | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-9-98) |

F-0 19/6/02

जायेगा।

गुढ़ा-ग्राम पंचायत, गुढ़ा द्वारा प्रा० स्वा० केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 3 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। भूमि निदेशक, पंचायत हरियाणा द्वारा अभी तक स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानान्तरण नहीं की गई है। भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानान्तरण होने पर आगामी कार्यवाही की जायेगी।

(15-9-98)

204. तारांकित प्रश्न संख्या 1016 के संदर्भ में श्री सूरज भान काजल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—

"अध्यक्ष महोदय, जुलाना के अन्दर एक कम्युनिटी हैल्थ सैन्टर है इसको बने हुए 50 साल से हो गए हैं। इसकी कोई भी बिल्डिंग नहीं है लेकिन इसकी 25 बैडज की कैपेस्टी दिखा रखी है जबकि इसमें 10 बैडज भी नहीं आ सकते हैं। मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहूंगा कि क्या उस बिल्डिंग को बनाने का विचार है और अगर हां तो कब तक उसको बनवा दिया जाएगा?"

7-3-95

अध्यक्ष महोदय, वहां पर बैड्ज का प्रावधान है। वह पुरानी ब्लाक स्तर की पी०एच०सी०थी, इसकी पूरी बिल्डिंग न बना करके इसके साथ कुछ एडीशनल बनाने की सरकार की योजना है। हमारी पूरी कोशिश है कि अब हम जो बजट पास करेंगे और उसमें जो प्रावधान होगा, उसके हिसाब से उसको पैसा दे दिया जाएगा।

F.6
19/6/02

प्रा० स्वा० केन्द्र जुलाना को कुल भूमि 9 कै० 4 मरला है जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु पर्याप्त है। जिसके लिए एक एकड़ भूमि की आवश्यकता है। अतः इस उद्देश्य हेतु चार एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है जिसका मुआवजा भूपतियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जायेगा भूमि अभिग्रहण करने के लिए नोटीफिकेशन जारी करने हेतु सरकार को लिखा गया है। सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने पर भूमि अधिग्रहण की जायेगी। भूमि अभिग्रहण के बाद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

The Committee would like to know the latest position in this regard.

(15-9-98)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | जुलाना के भवन निर्माण के बारे कार्यवाही की जायेगी। (15-9-98) | |
| 205. | तारांकित प्रश्न संख्या 1016 के संदर्भ में प्रो० छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>''स्पीकर सर, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि भिवानी जिले में नकीपुर, बौंद, धनाना ये जितनी पी०एच०सीज० हैं, में डाक्टर्ज नहीं हैं। क्या वहां डाक्टरों का प्रबन्ध किया जाएगा? इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि क्या सरकार बौंद को सी०एच०सी० बनाने का इरादा रखती है?'' | 7-3-95<br>* * * स्पीकर सर, जनता की मांग को देखते हुए बौंद कलां पी०एच०सी० अगले वित्त वर्ष में चालू हो जाएगी। अभी तक अप्रैल आया नहीं है। सैद्धान्तिक स्वीकृति हमने जारी कर दी है कि इसको सी०एच० सी० अपग्रेड किया जाए।<br>Dropped on 19/6/02 | बौन्द कलां<br>सी०एच०सी० बौंद कलां के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत बौन्द कलां द्वारा 163 कैनाल 17 मरले भूमि निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई है जो निदेशक, पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानान्तरण की जा चुकी है। इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक, हरियाणा ने ड्राईंग तैयार कर दी है तथा प्रमुख अभियन्ता हरियाणा ने 1,46,71,000 रुपये के अनुमान तैयार करके भेजे हैं। प्री-प्लानिंग की मीटिंग में इस केन्द्र भवन निर्माण हेतु धन राशि रखवा दी जायेगी। इसके उपरान्त अनुमान सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जायेंगे। इस केन्द्र का भवन निर्माण धन | The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98) |

12

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | उपलब्ध अनुसार करवाया जायेगा। पी०एच०सी० नकीपुर, बौन्दकलां तथा धनाना में 2 डॉक्टरों की पोस्टिंग की जा चुकी है तथा कार्यरत हैं। नकीपुर में एक डॉक्टर की पोस्टिंग शीघ्र की जायेगी। (15-9-98) | |
| 206. | तारांकित प्रश्न संख्या 1269 पर साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—स्पीकर साहब, मैं सरकार का बड़ा आभारी हूं कि इन्होंने गुढ़ा, टाटका जैसे देहातों में सी०एच०सी० खोलकर बहुत से लोगों को सुविधाएं दी हैं। इसके साथ ये सी०एच०सीज० कोई अढ़ाई-तीन साल से चल रही हैं लेकिन इनकी बिल्डिंग अभी तक नहीं बनी है। तो आदरणीय बहन जी से मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहूंगा कि इनकी बिल्डिंग बननी कब शुरू होगी और कब तक पूरी हो जाएगी। इसके अलावा मैं यह भी जानना चाहूंगा कि सी०एच०सी० खोलने का क्राईटेरिया क्या है जो कम्यूनिटी हैल्थ सैंटर रादौर में है और उसमें जो तीस बिस्तरों का अस्पताल लगाने का प्रावधान है लेकिन वह तो | 29-2-96<br>स्पीकर सर, 1991-92 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाटका व गुढ़ा में स्वीकृत किए गए थे। पंचायत की प्रार्थना पर और माननीय सदस्य के अनुरोध पर लोगों की आवश्यकता को देखते हुए यह पंचायतों के भवनों में तुरन्त खोल दिए गए ताकि लोगों की चिकित्सा सुविधा आसानी से उनके नजदीक ही प्राप्त हो सके। तभी से यह कोशिश की जा रही है कि इनके लिए भूमि उपलब्ध करा दी जाए, ताकि सरकार इस पर भवन निर्माण कर सके। इसके लिए मेरे पास सूचना उपलब्ध है। उसके अनुसार गुढ़ा ग्राम पंचायत ने तो जमीन ट्रांसफर करने के लिए निदेशक, पंचायत को प्रार्थना भेज दी है और टाटका गांव की जमीन का अभी कोई जवाब नहीं मिला है। 30-1-96 को उत्तर पूछने हेतु सिविल सर्जन को अनुरोध किया गया था। मोटी बात है कि जमीन जब हमारे नाम ट्रांसफर हो जाएगी तब इस पर सरकारी भवन बनाने बारे में तुरन्त विचार किया जाएगा क्योंकि | इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 16 कनाल भूमि ग्राम पंचायत, टाटका द्वारा उपलब्ध करवाई गई है जो स्वास्थ्य विभाग के नाम निदेशक, पंचायत द्वारा स्थानान्तरण की जा चुकी है। इस कार्यालय द्वारा सिविल सर्जन, कुरुक्षेत्र को भूमि का साईट प्लान भेजने हेतु लिखा जा चुका है। साईट प्लान प्राप्त होने पर मुख्य वास्तुक, हरियाणा से ड्राईंगज तथा प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा से अनुमान तैयार करवाकर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जाएंगे। भवन का निर्माण सरकार द्वारा धन उपलब्धि अनुसार करवाया जाएगा।<br>**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुढ़ा**<br>ग्राम पंचायत गुढ़ा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु 3 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। | The Committee would like to know the latest position in this regard. (15-9-98) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तभी पूरा होगा, जब बिल्डिंग बनेगी। मेरा तीसरा प्रश्न यह है कि इन्होंने कहा है कि भवन नहीं बने हैं। प्रस्तावित हैं लेकिन समय नहीं दे सकते हैं इसका क्या कारण है। भवन कब तक बन कर तैयार हो जाएंगे स्पीकर सर, जिन सी०एच०सीज० को बने हुए बहुत दिन हो गए उनकी पर्याप्त बिल्डिंग कब तक बना देंगे और इसके साथ ही मेरा चौथा प्रश्न छोटा सा और है ताकि बहन जी बार बार न उठें वह प्रश्न यह है कि भारत सरकार की तरह से जो सहायता आती है, पैसा आता है, उसको आप इन बिल्डिंग्ज में प्रयोग करते हैं या दूसरे काम के लिए इस्तेमाल करते हैं। आप भारत सरकार की राशि के बारे में भी बताने की कृपा करें। | जो स्वास्थ्य का इन्फ्रास्ट्रक्चर है, हरियाणा प्रांत गिने चुने प्रांतों में से है जिसने राष्ट्रीय नीति के अनुसार निर्माण के लिए अपना पूरा स्ट्रैक्चर खड़ा किया हुआ है। इसके अलावा इन्होंने रादौर सी०एच०सी० के बारे में भी पूछा है। स्पीकर साहब, नार्मज तो वहां पूरे होते हैं और लगभग सवा लाख की आबादी पर एक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया जाता है। इसलिए यह अपग्रेड कर दिया गया था लेकिन इसके लिए चार एकड़ जमीन चाहिए। चार एकड़ जमीन जहां पर वह बिल्डिंग बनी हुई है वहां अवेलेबल नहीं है। उसके अन्दर हमने काफी बिल्डिंग बनाई हुई है। लेकिन फिर भी 30 बिस्तर आराम से उसमें लग सकें, उस संबंध में मैं भी पिछले दिनों में रादौर गई थी। यह देखते हुए कि इतना सुन्दर भवन जो बना हुआ है इसको इस्तेमाल न कर के दूसरी जगह बनाएं तो 4 एकड़ पर तो इससे भी दुगुना खर्चा होगा, और लोगों को जो बिल्कुल शहर के बीच में है यह बिल्डिंग बनने में सुविधा भी इतनी आसानी से प्राप्त नहीं हो सकेगी। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि इसी जमान पर ड्राईंग तैयार करवा कर | भूमि निदेशक, पंचायत हरियाणा द्वारा अभी तक स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरण नहीं की गई। भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरण होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।<br>**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रादौर (यमुनानगर)**<br>इस केन्द्र के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक, हरियाणा से ड्राईंग तैयार करवाई जा रही है। ड्राईंग्ज तैयार होने पर प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा से अनुमान तैयार करवाएं जाएंगे। इस केन्द्र के अतिरिक्त भवन का निर्माण सरकार द्वारा अनुमान स्वीकृत करने तथा धन उपलब्धि अनुसार करवाया जाएगा।<br>(15-9-98) | |

के जिसमें इस वक्त 15 बिस्तर लगे हुए हैंऔर 15 बिस्तरों का एक और वार्ड वहां पर बन सके। इस प्रकार की ड्राईगं तैयार करने के लिए अनुरोध किया हुआ है। साथ ही माननीय सदस्य ने जो यह जानना चाहा है कि क्या भारत सरकार से कोई ऐसा पैसा भवन निर्माण के लिए मिलता है तो इस बारे में माननीय सदस्य की जानकारी के लिए मैं यह कहना चाहूंगी कि गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए जिसके अन्तर्गत हम प्राथमिक केन्द्र सी०एच०सीज०और सब सैंटर्ज बनाते हैं तो इसमें पैसा भारत सरकार से भी मिलता है और इसमें हरियाणा सरकार का भी योगदान होता है। इससे देहाती इलाकों में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए भवन बनाने के लिए पैसे की कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत सिर्फ यह है कि इसके लिए अभी तक बहुत सारे भवनों की जमीन ट्रांसफर नहीं हुई है। फिर भी दो सौ के लगभग पी०एच०सीज० जो हैं सरकारी भवनों में इस वक्त चल रहे है।

29-2-96

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 207. | तारांकित प्रश्न संख्या 1269 पर श्री अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, मन्त्री महोदय ने कहा है कि मेवात में लड़कियों को | स्पीकर साहब मैंने यह नहीं कहा कि हम उस बिल्डिंग को टेक ओवर नहीं करना चाहते हैं। मैंने यह कहा था कि अगर वह सरकारी बिल्डिंग है तो जल्दी टेक ओवर करके काम शुरू करवाएंगे। | ए०एन०एम० की ट्रेनिंग हेतु मेवात एरिया के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नूंह में एक स्कूल खोला हुआ है जो स्टाफ की कमी के कारण जी०एच० गुड़गांव | The Committee would like to know the latest position in this regard. |

F.O. 12/6/72

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तालीम नहीं है इस वजह से यहां ए०एन०एम० नहीं लग सकी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि मेवात की लड़कियों को आज ए०एन०एम० का कोर्स करने के लिए दाखिला नहीं मिलता। यहां पर लड़कियां बी०ए० और एम०ए० तक पढ़ी हुई हैं। न उनको नौकरियाँ मिलती हैं और न ही उनको ट्रेनिंग के लिए दाखिला मिलता है। आप उनको मेवात बोर्ड की तरफ से या सरकार की अपनी तरफ से दाखिला दिलवाने का बन्दोबस्त करवाएं। उसके बाद देखें कि पढ़ी-लिखी लड़कियां हैं या नहीं। जहां तक सिलाई की बिल्डिंग की बात है तो सच यह कि इस बिल्डिंग को टेक ओवर नहीं किया गया है। यह बिल्डिंग स्कूल के नज़दीक है। अगर आप उसे टेक ओवर नहीं करना चाहते तो हमें यह बिल्डिंग दस जमा दो स्कूल की क्लासों के लिए दे दें। | जहां तक ट्रेनिंग का ताल्लुक है, गुड़गांव के अन्दर इस एरिया के लिए स्पैशल स्कूल खोला गया ताकि वहां पर मेवात की लड़कियों को एडमिशन मिल सके और उसके बाद वे उस इलाके की सेवा कर सकें। | में चल रहा है। इस स्कूल में 50 प्रतिशत सीटें मेवात एरिया की लड़कियों के लिए अशिक्षित हैं।<br>महानिदेशक महोदय के अ०स०प० क्रमांक 27/37-4 नर्सिंग-97/1262 दिनांक 12-2-97 जोकि आयुक्त गुड़गांव डिविजन-कम-चेयरमैन मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड को सम्बोधित है, में यह सूचित किया गया है कि इस समय एम०पी०डब्ल्यू०(एफ) ट्रेनिंग स्कूल, नूंह की इनटेक कपैसिटी 13 छात्राओं की है। अभी तक इस स्कूल के लिए टीचिंग स्टाफ स्वीकृत नहीं है। इसलिये स्कूल की छात्राओं की जी०एच० गुड़गांव की छात्राओं के साथ ट्रेनिंग दी जाती है। एम०पी०डब्ल्यू० (एफ) ट्रेनिंग स्कूल नूंह के लिए सी०एच०सी० नूंह के कैम्पस में भवन भी उपलब्ध है,जो मेवात विकास बोर्ड इस परपज के लिए प्रयोग कर सकता है। हाई पावरड कमेटी के निर्णय अनुसार मेवात विकास बोर्ड | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | एम०पी०डब्ल्यू० (एफ) ट्रेनिंग स्कूल को अपने नियंत्रण में ले सकते हैं।<br>(15-9-98) | |
| 208. | राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर पेश हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस के उत्तर के दौरान चौधरी बंसी लाल द्वारा ली गई क्लैरीफिकेशन—मैं कल परसों एक बात कहनी भूल गया था कि जी०टी० रोड पर जो एक्सीडैंट्स होते हैं, उस के लिए मुरथल, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अम्बाला के हॉस्पीटल्ज में स्पैशल प्रबन्ध किया जाए ताकि घायल लोगों को इमिजिएटली रिलीफ मिल सके। | 29-2-96<br>अध्यक्ष महोदय, इनका सुझाव अच्छा है इस बारे में विचार करेंगे। | मुरथल/सोनीपत, पानीपत, करनाल, पिपली/कुरुक्षेत्र तथा अम्बाला के अस्पताल में आपातकाल सेवाएं दी जाती हैं। सभी अस्पतालों में एक्सरे प्लांट, सभी स्पैसिलिस्ट तथा दाखिल करने की सुविधा भी उपलब्ध है।<br>इसके अतिरिक्त जी०टी० रोड पर एम्बुलैंस की सेवाएं के प्रबन्ध करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव सरकार को भेजा हुआ है।<br>(15-9-98) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-9-98) |
| 209. | बजट भाषण। | 6-3-96<br>***चालू वर्ष के दौरान तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गए हैं व एक अन्य ऐसा केन्द्र खोलने की योजना बनाई जा रही है।**<br>***मैडीकल कालेज, रोहतक का दर्जा बढ़ाकर उसे स्नातकोत्तर संस्थान बनाया जा रहा है तथा नर्सिंग स्कूल का दर्जा बढ़ा कर उसे नर्सिंग कालेज बनाया जा रहा है। वर्ष 1996-97 के दौरान इस संस्थान में एक ट्रामा खंड, एक 50 बिस्तर वाला राजकीय मानसिक रोग रिहैबिलिटेशन सैन्टर व | | |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | मानसिक रोगियों के रिहैबिलिटेशन के लिए एक प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जा रहा है।*** | | |
| | | 18-11-96 | | |
| 210. | श्री श्री कृष्ण हुड्डा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 97 के उत्तर में— क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि— (क) क्या यह तथ्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किलोई की इमारत क्षतिग्रस्त अवस्था में है; तथा (ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत का पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, तथा उक्त इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है? | "(क) जी हां। (ख) जी हां, भवन के पुनर्निर्माण हेतु सरकार तत्परता से प्रस्ताव पर विचार कर रही है तथा आगामी वित्त वर्ष में भवन का निर्माण किए जाने की संभावना है।" F.O 19/6/02 | ग्राम किलोई में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है इस केन्द्र के निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक हरियाणा से ड्राईंग तैयार करवाई जा चुकी है। प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा लोक निर्माण विभाग भवन तथा सड़क शाखा चण्डीगढ़ को इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु आवश्यक अनुमान तैयार करने के लिए लिखा जा चुका है। उनसे अनुमान प्राप्त होने पर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु भेजे जायेंगे। प्री-प्लानिंग मिटिंग में इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करवा दी जायेगी। (15-9-98) | यह आश्वासन पैंडिग रखा गया। (15-9-98) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 211. | तारांकित प्रश्न संख्या—117 के संदर्भ में श्री मनी राम द्वारा पूछा गया पूरक प्रश्न— अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि डबवाली में अग्नि कांड हुआ था तो क्या ये मंत्री बनने के बाद वहां पर पीड़ितों का हाल जानने के लिए गई थीं? दूसरे वहां के अस्पताल में जो मंजूर स्टाफ था क्या वह पूरा है? | 20-11-96<br>* * * * * * * * अब वहां 60 बैडज के अस्पताल के लिए कंस्ट्रक्शन शुरू हो चुकी है। जल्दी ही अस्पताल बन जाएगा। | डबवाली में 60 बिस्तरों के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा 265.26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है और भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। अस्पताल में जो स्टाफ मन्जूर था वह उस समय पूरा था।<br>(15-9-98) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(15-9-98) |
| 212. | तारांकित प्रश्न संख्या 247 के संदर्भ में श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि सिविल हॉस्पीटल बहादुरगढ़ की बिल्डिंग बनाने के लिए अनुमानित लागत कितनी है और वहां पर कौन-कौन से रोगों का इलाज होगा और उस हॉस्पीटल का क्या स्तर होगा।" | 11-3-97<br>अध्यक्ष महोदय, उसकी अनुमानित लागत 1 करोड़ 24 लाख रुपये है। इस समय हॉस्पीटल की जो बिल्डिंग बनी हुई है वह जगह बहुत कम है। इस समय उस हॉस्पीटल की चार एकड़ जमीन है लेकिन हमें उसके लिए 9 एकड़ जमीन चाहिए। वह जमीन हमें उद्योग विभाग ने दे दी है। हम उसका बहुत जल्दी निर्माण कार्य करने जा रहे हैं। | प्रमुख अभियन्ता हरियाणा, लो०नि०वि० भवन तथा सड़क शाखा चण्डीगढ़ ने इस अस्पताल का भवन निर्माण (रिहायशी भवनों सहित) 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से किए जाने हेतु अनुमान तैयार किए गए थे, जिसकी स्वीकृति सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है। यह अस्पताल रोगियों को लैबोरेटरी, आप्रेशन थियेटर, एक्स-रे, प्रसूति आदि आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। यह अस्पताल 30 बिस्तर के स्तर (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) का होगा।<br>(22-12-98) | समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(12-1-99) |

Dropped on 19/6/02

Dropped on 19/6/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 213. | तारांकित प्रश्न संख्या 247 के संदर्भ में श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—''अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि नारनौल हस्पताल की हालत बहुत खराब है। वहां पर जो पोस्टमार्टम रूम है वह खस्ता हालत में है और दूसरे वह काफी नीचे जाकर है। वर्षा में वहां पर पानी खड़ा हो जाता है वहां पर चार दिवारी न होने की वजह से भी पोस्टमार्टम ठीक तरह से नहीं हो पाता। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि या तो उसको ठीक करवाया जाए या उसको गिराकर और उसे ऊपर उठाकर नए सिरे से बनाया जाए ताकि पोस्टमार्टम वहां पर ठीक प्रकार से हो सके।'' | 11-3-97<br>अध्यक्ष महोदय, आदरणीय साथी ने बहुत अच्छी बात कही है। हम उसकी जल्दी ही जांच करके फौरी तौर पर ठीक करवा देंगे।<br>F. 0<br>19/6/02 | सिविल अस्पताल नारनौल तथा टी०बी० क्लीनिक की चार दीवारी बनवाने हेतु सरकार ने 137600/- तथा 171300/- रुपये के अनुमानों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। धन उपलब्ध होने पर निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा। टी०बी० अस्पताल नारनौल की रिटेंनिंग वाल पूर्ण कर दी है। इसके अतिरिक्त अस्पताल सड़कों की मरम्मत हेतु तथा सुरक्षा रोशनियों हेतु क्रमशः 36000/- तथा 74420/- रुपये के अनुमान सिविल सर्जन नारनौल से प्राप्त हो चुके हैं। प्रि-प्लानिंग मीटिंग में लोक निर्माण विभाग से धन की मांग की जाएगी। धन उपलब्धि पर कार्य करवाया जाना सम्भव होगा। जहां तक नारनौल में पोस्टमार्टम के भवन की खस्ता हालत का सम्बन्ध है, इसके भवन का निर्माण करवाने हेतु आवश्यक अनुमान तैयार करने का लोक निर्माण विभाग को लिखा | कमेटी इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(12-1-99) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | जा चुका है। पोस्टमार्टम के भवन का निर्माण पंचायती राज द्वारा किया जाना है।<br>(22-12-98) | |
| 214. श्री श्री कृष्ण हुड्डा द्वारा पुछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 331—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, किलोई की इमारत पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या पूर्वोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?<br>13 | 11-3-97<br>(क) जी हां।<br>(ख) वर्तमान साईट पर नव भवन निर्माण किए जाने का प्रस्ताव सरकार के सक्रिय विचाराधीन है तथा निर्माण कार्य आगामी वित्त वर्ष में टेक अप किए जाने की संभावना है।<br>Dropped on 19/6/02 | प्रा० स्वा० केन्द्र किलोई के पुराने भवन को गिराकर नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण हेतु मुख्य वास्तुक हरियाणा से ड्राईंग तैयार करवाई जा चुकी हैं। लोक निर्माण विभाग को प्रा० स्वा० केन्द्र के अनुमान तैयार करने हेतु लिखा जा चुका है। अनुमान प्राप्त होने पर सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने हेतु भेजे जाएंगे, सरकार द्वारा स्वीकृति जारी करने तथा धन उपलब्ध करवाए जाने पर प्रा० स्वा० केन्द्र, किलोई के नवभवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।<br>(22-12-98) | समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(12-1-99) |
| 215. श्री जय सिंह राणा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 379—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरावड़ी की इमारत का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार | 13-3-97<br>(क) जी हां।<br>(ख) निर्माण कार्य 1997-98 में आरम्भ होने की सम्भावना है तथा एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के पूर्ण होने में सामान्यत: आढ़ाई से तीन वर्ष का समय लग जाता है।<br>F.O. 19/6/02 | प्रा० स्वा० केन्द्र, तरावड़ी के भवन निर्माण के लिए ई०एस०आई० द्वारा 24.21 लाख रुपये के अनुमान तैयार किए जा चुके हैं। प्रि-प्लानिंग मीटिंग में इस केन्द्र के भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करवा कर अनुमान सरकार को प्रशासकीय | (समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(12-1-98) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की ससंभावना है? | | स्वीकृति हेतु भेजे जाएंगे,<br>उपरोक्त वर्णित स्थिति के सम्मुख प्रा० स्वा० केन्द्र, तरावड़ी के भवन का निर्माण कार्य आरम्भ / पूर्ण होने की समय सीमा नहीं दी जा सकती।<br>(22-12-98) | |
| 216. | श्री भागी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 388—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या सरकारी अस्पताल, ऐलनाबाद की इमारत की मुरम्मत /पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उक्त इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है? | 20-3-97<br>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की विशेष मरम्मत 1994-95 में की जा चुकी है। भवन का पुनः निर्माण करने की बजाए नए स्थान पर एक 30 बिस्तरों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है जो कि 3 वर्ष में पूर्ण हो जाने की संभावना है।<br>F. 6<br>19/6/02 | (क) सी०एच०सी० एलनाबाद (जि० सिरसा) के भवन की मुरम्मत बारे कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है बाल केन्द्र के भवन के निर्माण हेतु सरकार द्वारा 80.17 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। ताकि निर्माण विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार सामुदायिक स्वा० केन्द्र ऐलनाबाद के भवन निर्माण के लिये टैंडर काल किये जा चुके हैं। इसका फाऊन्डेशन डिजाईन हैड आफिस द्वारा फाईनलाईज किया जाना है। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(4-5-99) |

(ख) उपरोक्त स्थिति (क) के समक्ष ईमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा होगा बारे समय सीमा बताई जानी सम्भव नहीं है।

(5-2-99)

217. श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 446—क्या चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या मैडिकल कालेज, रोहतक में बच्चों के लिए तथा तपेदिक के मरीजों के लिए अलग वार्ड रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि मैडिकल कालेज, रोहतक के बच्चों के वार्ड, तपेदिक वार्ड तथा पुराने सघन चिकित्सा कक्ष की पुरानी इमारत गिर/ढह गई है; तथा

(ग) यदि हां, तो ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट इमारत कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है?

20-3-97

(ग) विशेष मरम्मत का कार्य चल रहा है और जून 1997 तक पूरा होने की संभावला है। इस बीच इन वार्डों को मुख्य भवन में बदला गया है जहां वे कार्य कर रहे हैं।

74

F.O 19/6/02

Dropped 26/6/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 218. | तारांकित प्रश्न संख्या 642 के संदर्भ में श्री सतेन्द्र सिंह राणा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैंने पिछली बार सैशन में भी मंत्री जी से कई बार रिक्वैस्ट की कि राजौन्द के अन्दर हैल्थ सैन्टर में कोई भी डाक्टर नहीं है जबकि वहां पर डाक्टर्ज की चार-चार पोस्ट सैंक्सड हैं। उस सैंटर में दीवार की बात तो छोड़िए बल्कि वहां पर चार-चार फुट पानी खड़ा हुआ है। अगर ये वहां पर डाक्टर्ज नहीं भेज सकते तो इससे अच्छा यही होगा कि ये वहां पर ताला लगवा दें। मैंने पिछली बार भी इनसे इस बारे में कहा था और इस बार भी इनको इस संबंध में लिखकर दिया है। मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि ये कब तक वहां पर डाक्टर्ज भेजने का कष्ट करेंगे? | 21-7-99<br>अध्यक्ष महोदय, वैसे तो इस प्रश्न के साथ इनका यह पूछना जचता नहीं है। ये अगर अलग से पूछ लेते तो मैं इनको इस बारे में बता देता लेकिन फिर भी मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि सरकार वहां पर डाक्टर्ज भेजने के बारे में हमेशा कोशिश करती रही है। हमने पिछली बार 250 डाक्टर्ज की नौकरियां निकाली थीं लेकिन कुल मिलाकर हमारे पास 100 लोगों ने ही अपनी एप्लीकेशंज दी और उसमें से भी 50 लोग नहीं आए। बाद में 50 में से भी 25 डाक्टर्ज छोड़कर चले गए लेकिन अब हमने फिर 330 डाक्टर्ज की नौकरियां निकाली हैं जिसके इन्टरव्यू चल रहे हैं जिस वक्त ये पूरे हो जाएंगे और हमें डाक्टर्ज मिल जाएंगे उस वक्त हम उनको हैल्थ सैंटर्ज में लगा देंगे। इसके अलावा हम 150 डाक्टर्ज को अपनी तरफ से कंट्रक्ट बेसिज पर लगाने की कोशिश कर रहे हैं। जब ये लोग आ जायेंगे तभी भी हम उनको जगह-जगह हैल्थ सैंटर्ज में लगा देंगे। | | |

| | | |
|---|---|---|
| 219. वर्ष 1998–99 का बजट | 21–7–98<br>* * * * मेवात क्षेत्र के गांवों के लोगों को पर्याप्त एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जुटाने के लिए मण्डी खेड़ा, ज़िला गुड़गांव में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तरों का एक अस्पताल निर्माणाधीन है। यह अस्पताल नवीनतम प्रौद्योगिकी उपकरणों से सुसज्जित होगा और इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। | Dropped on 26/6/02 |
| 220. वर्ष 1998–99 का बजट | 21–7–98<br>* * * * * * * वर्ष 1998–99 के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की योजनागत एवं गैर योजनागत स्कीमों पर 361.06 करोड़ रुपये खर्च करने का राज्य सरकार का प्रस्ताव है। | Dropped on |
| 221. श्री जय सिंह राणा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 729—क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरावड़ी के लिए एक इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? | 22–7–98<br>जी हां। | [illegible] |
| 222. श्री भागी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 493 के उत्तर में :— | 23–7–98<br>"(क) जी हां।<br>(ख) भवन का निर्माण कार्य शीघ्र राशि उपलब्ध | Dropped on 26/6/02 |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | "क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या ऐलनाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उपरोक्त इमारत का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है?" | होने पर किया जाएगा।" | | |
| 223. | श्री धर्मवीर गावा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 827—क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या वर्ष 1998 के दौरान राज्य सरकार ने मेवात क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए कोई विशेष योजना बनाई है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है? | 1-2-99<br>(क) जी हां।<br>(ख) गांव माण्डी खेड़ा तथा मानेसर (जिला गुड़गांव) के दो अस्पताओं का निर्माण प्रक्रिया में है।<br>F-0<br>26/6/02 | वर्ष 1998 के दौरान राज्य सरकार ने मेवात क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मांडीखेड़ा तथा मानेसर में आधुनिक अल्ट्रा अस्पतालों के निर्माण की विशेष स्कीम तैयार की है।<br>मांडीखेड़ा : इस उद्देश्य हेतु भारत सरकार ने ग्राम मांडीखेड़ा (गुड़गांव) मेवात क्षेत्र में 50 बिस्तर का अस्पताल स्थापित करने की अनुमोदना की थी। | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-10-2000) |

दिनांक 2-10-97 को प्रधानमंत्री ने ग्राम मांडीखेड़ा में 50 बिस्तर अस्पताल भवन निर्माण का शिलान्यास किया था। ग्राम पंचायत मांडीखेड़ा द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई 17 एकड़ 4 कनाल भूमि पर 50 बिस्तर अस्पताल, रिहायशी भवनों सहित के भवन का निर्माण 7,94,15,000/- रुपए की लागत से किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति सरकार ने अपने यादि क्रमांक 20/79/97-5 एच०बी० 3 दि० 8-12-97 द्वारा प्रदान की थी। भारत सरकार ने प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के अंतर्गत 10 करोड़ रुपए का अनुदान इस अस्पताल के निर्माण के लिए राज्य सरकार को उपलब्ध करवाया गया है। इस अस्पताल के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की यह धनराशि ओमान के सुलतान ने दी थी। ग्राम मांडीखेड़ा में 50 बिस्तर अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति में है। इस अस्पताल में एक आधुनिक अस्पताल की सभी आधुनिक तकनीक, साजो सामान तथा स्वस्थ सुविधा उपलब्ध होगी।

लो०नि०वि० ने सूचित किया है कि इस

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | अस्पताल के निर्माण पर जून, 2000 तक 488.44 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। निर्माण कार्य प्रगति में है।<br>मानेसर : ग्राम मानेसर जिला गुड़गांव मेवात क्षेत्र में एक अन्य 60 बिस्तर अस्पताल जिसे 200 बिस्तर अस्पताल तक बढ़ाने का प्रावधान है, के निर्माण का प्रस्ताव भी राज्य सरकार के सक्रिय विचाराधीन है। सरकार से इस उद्देश्य के लिए 262.27 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित है। दि० 15-8-98 को माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने इस अस्पताल (प्रथम चरण 60 बिस्तर) का शिलान्यास किया था क्योंकि ग्राम पंचायत मानेसर द्वारा दान दी गई भूमि चट्टान वाली थी। इसलिए यह भूमि हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम को भूमि के साथ बदल ली गई है। हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम की भूमि जिस पर प्रस्तावित मानेसर अस्पताल का निर्माण | |

किया जाना है। वह भूमि पहले ही स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानान्तरित होने की सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी थी। हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम गुड़गांव द्वारा जो भूमि प्रसंगाधीन भवन के लिए उपलब्ध करवाई गई थी वह झगड़े वाली हैं। इसलिए अल्ट्रनेटिव भूमि उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम गुड़गांव के अधिकारियों से निजी सम्पर्क स्थापित करने हेतु सिविल सर्जन गुड़गांव को इस कार्यालय के अर्ध-सरकारी पत्र क्र० 23/171 निर्माण 2000/1726 दि० 11-8-00 के द्वारा लिखा गया था। जिसका उत्तर प्राप्त होने पर प्रमुख अभियन्ता हरियाणा लो०नि०वि० से प्राप्त अनुमान सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेज दिए जाएंगे।

(1-9-2000)

9-2-99

224. श्री ओम प्रकाश जैन द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 974—क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या सिविल अस्पताल, पानीपत में प्राईवेट वार्ड, लिफ्ट

प्राईवेट वार्ड का निर्माण सरकार के विचाराधीन है। इस अस्पताल में लिफ्ट का कोई प्रावधान नहीं है। सामान्य अस्पताल, पानीपत में शव गृह की सुविधा पहले ही उपलब्ध है परन्तु अपर्याप्त

F. O.
26/6/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | तथा शव गृह की सुविधाओं की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | है। अतिरिक्त शवगृह भवन के बारे में प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। *** जहां तक प्राईवेट वार्ड का ताल्लुक है, 10 कमरों के लिए चीफ आर्किटैक्चर, चण्डीगढ़ को हमने लिखकर भेजा हुआ है और वे उसकी ड्राईंग्ज बना रहे हैं। ड्राईंग बनने के बाद ऐस्टमेट्स बन जाएंगे और मेरे ख्याल से वे दस कमरे अवश्य बना दिए जाएंगे। इसके अलावा जहां तक शवगृह की बात है वहां पर पहले ही एक कमरा बना हुआ है। सरकार चाहती भी है कि उस कमरे को और बड़ा किया जाए। इस कमरे की ड्राईंग का मामला भी आर्किटैक्ट के पास गया हुआ है और इसको भी हम जल्दी करवा देंगे। | | |
| 225. | तारांकित प्रश्न संख्या 968 के संदर्भ में श्री कैलाश चन्द्र शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—''स्पीकर सर, पिछले साल वर्ष के दौरान नारनौल अस्पताल की चार दीवारी गिर गयी थी। इस बारे | 10-2-99<br>*** जो यह चार दीवारी अस्पताल की बननी है वह चार फुट चौड़ी और 150-200 फुट की चार दीवारी एक साथ बननी है और इस पर लगभग 2.80 लाख रुपये खर्च होंगे। इसका ऐस्टीमेट वित्त विभाग को भेजा हुआ है और जैसे ही | सामान्य अस्पताल, नारनौल की चार दीवारी के निर्माण हेतू 1 लाख 37 हजार रुपए के अनुमान सरकार को प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने हेतू इस कार्यालय के पत्र क्रमांक दि० 29-8-2000 द्वारा | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-10-2000) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मैंने माननीय मुख्य मंत्री जी से भी अनुरोध किया था और उन्होंने इस काम के लिए पांच लाख रुपये मंजूर भी कर दिये थे और एक महीने में इस काम को पूरा करने को कहा गया था। लेकिन इन बातों को एक साल होने को आया है और उस चार दीवारी को बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि वे कृपया ये बताने का कष्ट करें कि इस काम की अब तक की क्या प्रोग्रैस है?" | ऐस्टीमेट की एप्रुवल आ जायेगी तो यह अस्पताल की चार दीवारी बना दी जाएगी। | आर.सी.एच. को भेजी जा चुकी है। (1-9-2000) | |
| 226. | वर्ष 2000-2001 का बजट। | 14-3-2000<br>लोगों को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए यूरोपियन कमीशन से अनुदान प्राप्त करने हेतु एक परियोजना तैयार की जा रही है। पूरे देश में 21 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें से तीन जिले हरियाणा के होंगे। यूरोपियन कमीशन द्वारा देश में लगभग 1,000 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जायेगी, जिसमें से हरियाणा को आनुपातिक राशि मिलने की संभावना है। | इस आश्वासन को क्रियान्वित करने के लिए राज्य सरकार ने निम्नलिखित कार्य आरम्भ किए हैं:—<br>1.जिला अम्बाला, यमुनानगर तथा करनाल की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति/एजेंसी पंजीकृत करवा दी गई है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को सूचित कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप हर जिले को 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। ये समितियां कोष वितरण हेतु एक संस्था का कार्य करेगी जिसके अन्तर्गत जो भी कार्य प्रस्तावित किए | The Committee would like to know the latest position in this regard. (21-3-2001) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | जाएंगे उन प्रस्तावित कार्यों की अनुमोदना सक्षम अधिकारी से लेकर उसकी उचित राशि का वितरण करेंगी। तीनों जिलों का एक्शन प्लान (कार्य योजना) पी०जी०आई०, चण्डीगढ़ तथा पी०जी०आई० एम०ई०आर०, रोहतक के विशेषज्ञ सलाहकार के सलाह मशवरे से तैयार किए गए हैं जो कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृति एवं कोष प्रदान करने हेतु भेज दिए गए हैं। यह मामला भारत सरकार के विचाराधीन है तथा इस वित्तीय वर्ष के अन्त से पहले कोष आने की सम्भावना है।<br>2. स्टेट एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जो कि दिसम्बर 2000 के अंत तक भारत सरकार को भेजे जाने के लिए तैयार होने की सम्भावना है। इस योजना के अन्तर्गत राज्यभर में शुरु किए जाने वाली राशि का ब्यौरा सम्मिलित किया जाएगा। (1-3-2001) | |

| | | |
|---|---|---|
| 227. | श्री जसबीर सिंह मल्लौर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 313 : क्या स्वास्थ्य राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नग्गल निर्वाचन क्षेत्र के गांव माजरी में उक्त गांव को पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग को स्थानांतरित की गई बताई जाने वाली 4 एकड़ भूमि पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के प्रायोजन के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की सम्भावा है ? | 13-3-2001 (प्रथम बैठक) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण शिवालिक विकास बोर्ड अम्बाला द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके लिए ग्राम पंचायत माजरी द्वार 32 कनाल भूमि उपलब्ध करवाई गई है। भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम स्थानांतरण हो चुकी है। शिवालिक विकास बोर्ड द्वारा इस भवन का निर्माण करवाया जाएगा। |
| 228. | श्री बलवंत सिंह सढौरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 383 क्या स्वास्थ्य राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :<br>(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि सिविल अस्पताल, सढौरा की इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा<br>(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त अस्पताल के लिए एक नई इमारत बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है ? | 13-3-2001 (प्रथम बैठक) अध्यक्ष महोदय, सम्मानित सदस्य के दो प्रश्न हैं। पहले प्रश्न का जवाब ह है कि मुझे ज्ञात है कि सढौरा पी.एच.सी. की बिल्डिंग की हालत जीर्ण-शीर्ण है। दूसरे प्रश्न का जवाब यह है कि इसके निर्माण के लिए सरकार के पास प्रस्ताव विचाराधीन है। |

Pending 26/6/12

Pending 26/6/12

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | 13-3-2001 (प्रथम बैठक) | | |
| 229. | तारांकित प्रश्न संख्या 383 के संदर्भ में श्री बलवंत सिंह सढौरा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : अध्यक्ष महोदय, होस्पीटल की बिल्डिंग जर-जर हालत में है और वह बिल्डिंग 5-6 साल पहले अनसेफ डिक्लेयर की गई ती। अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि वहाँ पर होस्पीटल की बिल्डिंग बनाने के लिए कितने धन का प्रावधान है और वह कितने समय में बनकर तैयार हो जाएगी। | अध्यक्ष महोदय, वहां पर जो पी.एच.सी. है वह 1980 से चल रही है। उसकी बिल्डिंग की जीर्ण-शीर्ण हालत के बारे में हमारे पास 1998 में रिपोर्ट आई थी। उसके बाद बिल्डिंग के नव-निर्माण के बारे में हमारे पास प्रस्ताव आ गया। हमने उसका एस्टीमेट नारायणगढ़ के पी.डबल्यू से बनवाया। उसका डिजाईन तैयार हो गया है और शिवालिक विकास बोर्ड को उसका निर्माण करने के लिए कहा गया है। उन्होंने अपने बजट में 35 लाख रु० इयरमार्क किया है और यह कहा है कि जब उनके पास धन की उपलब्धता होगी उसका निर्माण कार्य कर दिया जाएगा। इसके अलावा हमने भारत सरकार को भी हमारी आर.सी.एस. स्कीम के तहत जो नई बिल्डिंग बनाती है उसमें प्रार्थना की और उन्होंने ओ.टी. और एक लेबर रूम बनाने के लिए 6 लाख 85 हजार 410 रुपये मंजूर कर दिए हैं। वह पैसा आने पर उसका काम जल्दी ही शुरू हो जाएगा। | | |

## OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

URBAN DEVELOPMENT DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 230. | तारांकित प्रश्न सं० 23 पर श्री कुन्दन लाल भाटिया द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"फरीदाबाद में पीने के पानी की भारी समस्या है क्या मंत्री महोदय, इस समस्या को हल करेंगे ?" | 25-3-1988<br>इस समय ऐसी शिकायत मेरी जानकारी में नहीं है कि फरीदाबाद में पानी की कमी है। लेकिन मैं श्री भाटिया की जानकारी के लिए उन्हें बताना चाहूंगा कि 20 करोड़ रुपये की एक योजना हुड्डा और फरीदाबाद कम्पलैक्स दोनों ने मिल कर तैयार की है, इस योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ गैलन पानी यमुना नदी में ट्यूबवैल लगाकर सप्लाई किया जाएगा। दस लाख रुपये इस योजना के लिए दिये गये हैं। भूमि अधिग्रहण के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं। | 1. यह उचित है कि नगर निगम क्षेत्र में विशेषकर दिल्ली-मथुरा रोड के पश्चिम में स्थित एन०आई०टी० क्षेत्र में पीने के पानी की कमी हे।<br>2. फरीदाबाद नगर निगम वर्तमान में 500 लाख गैलन प्रतिदिन की मांग के विरुध 288 गहरे नलकूपों की सहायता से नागरिकों को 380 लाख गैलन प्रतिदिन आपूर्ति कर रहा है। दिल्ली मथुरा रोड के पश्चिम में स्थित क्षेत्र जवाहर कलोनी, डबुआ कलोनी, पर्वतीय कलोनी, औद्योगिक क्षेत्र एन०आई० टी०, संजय कलोनी, मुजेसर आदि के अधिकतर क्षेत्र में भूमिगत पानी खारा है। इसलिए इन क्षेत्रों में नलकूप लगाया जाना संभव नहीं है। एन०आई०टी० फरीदाबाद क्षेत्र में स्थित वर्तमान | कमेटी को जन-स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना पर तैयार की गई विस्तृत सर्वे रिपोर्ट से अवगत कराया जाये।<br>(4-12-96) |

सभी नलकूप नजदीक-नजदीक होने के परिणाम स्वरुप इस क्षेत्र में भी और नलकूप लगाया जाना संभव नहीं है और इस क्षेत्र में नलकूपों से अधिक पानी के दोहन के कारण भूमिगत जल की मात्रा कम होती जा रही है।

3. 120 लाख गैलन प्रतिदिन पानी की कमी को पूरा करने के लिए एक रैनीवैल योजना को कार्यान्वित किया जाना विचाराधीन है, जिसके तहत यमुना नदी की तलहटी में 2 रैनीवैल और 13 गहरे नलकूपों को लगाया जाएगा, जिसके द्वारा 83 लाख टन गैलन प्रतिदिन की दर से पानी प्राप्त होने की आशा है। उक्त योजना की अनुमानित लागत 33 करोड़ रुपये होगी। फरीदाबाद नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार उक्त अनुमानित राशि को क्रमशः 50:40:10: के अनुपात में वहन करेगी। लोक निर्माण विभाग (जन-स्वास्थ्य) और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | कार्य को सम्पन्न किया जाएगा। (8-11-96) | |
| 231. | तारांकित प्रश्न संख्या 960 पर डा० बृज मोहन गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"मेरा एक सवाल तो यह है कि इतने कम किराये की वजह से (जगाधरी नगर-पालिका की इमारत पट्टे पर देने के कारण) कमेटी को जो लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, क्या उसकी रिकवरी कर सकते है? दूसरा यह है कि क्या इसकी लीज कैंसिल कर सकते हैं और अगर कुछ और नहीं हो सकता तो क्या किराया बढ़ा सकते हैं? " | 11-9-1989<br>स्पीकर साहब, मैं सदन को आश्वासन देना चाहता हूं कि हमारी सरकार का उद्देश्य भ्रष्टाचार बन्द करना है। मैं इसकी इंक्वायरी करवाऊंगा कि यह किस अफसर ने हिमाकत की और इतना नुकसान किया कि एक हजार रुपये की इन्कम के अगेंस्ट एक लाख 21 हजार रुपया खर्च हो। घर बैठे बिठाये एक लाख इक्कीस हजार रुपये की पैंशन दे दी। मैं इसकी इंक्वारी करवाऊंगा और ला डिपार्टमैंट से पूछकर लीज अगर कैंसिल हो सकेगी तो उसकी कैंसिल करने की भी कार्यवाही की जाएगी। | खेड़ा बाजार जगाधरी में स्थित एक भवन, जिसमें पुराना मुख्य चुंगी दफ्तर था, कि भूतपूर्व विधायक एवं मंत्री डॉ० ओम प्रकाश को दिनांक 21-6-68 से 10 वर्ष के लिए 500 रुपये प्रतिवर्ष नोमिनल किराये की दर से लीज पर दिया गया था। इस भवन का कुल क्षेत्र 1900 वर्ग फुट है जिसमें दो हाल कमरे एक छोटा कमरा, एक छोटा स्टोर, एक स्नानगृह, एक रसोई घर एवं लैटरिन है। इस भवन को लीज पर लेने के समय वह किसी और काम के लिए प्रयोग में नहीं लाया जा रहा था सिवाये इसके कि कुछ पुराना चुंगी रिकार्ड वहां पड़ा हुआ था। इस रिकार्ड को नये चुंगी दफ्तर में बदल दिया गया था।<br>प्रथम बार यह भवन श्री ओम प्रकाश को दिनांक 22-6-68 से 20-6-78 तक | The Committee would like to orally examine the departmental representatives in one of its subsequent meetings.<br>(4-12-96) |

लीज पर दिया गया था लीज मनी निश्चित करने के लिए कोई तरीका नहीं अपनाया गया था। यह तत्कालीन प्रशासक द्वारा दिनांक 22-6-68 को 500 रुपये प्रति वर्ष की दर से निश्चित की गई थी, जो कि बाद में सरकार द्वारा 24-6-75 को अनुमोदित कर दी गई।

लीज की अवधि समाप्त होने पर नगरपालिका ने इस भवन को खाली करवाने के लिए उप मण्डल अधिकारी (ना०) जगाधरी के न्यायालय में मुकद्दमा दायर किया गया था।

मुकद्दमें का फैसला नगरपालिका के हक ही में हुआ है परन्तु लीजी ने उपमंडल अधिकारी (ना०) जगाधरी के निर्णय के विरुद्ध आयुक्त, अम्बाला मंडल, अम्बाला के न्यायालय में अपील दायर की। अभी तक अपील का निर्णय नहीं हुआ था कि इसी दौरान 11-5-82 को सरकार द्वारा डॉक्टर ओम प्रकाश को उक्त भवन पिछली शर्तों पर लीज की अवधि दिनांक 22-6-78 से 31-3-83 तक के लिए आगे बढ़ाने की आज्ञा प्रदान कर दी गई। तत्पश्चात लीजी ने एक हजार रुपये प्रति वर्ष लीज मनी की दर से आगे 25 वर्ष

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | के लिए उक्त भवन की लीज अवधि बढ़ाने हेतु नगरपालिका से अनुरोध किया और सरकार द्वारा यह अवधि पहले 10 वर्षों के लिए बढ़ाने तथा उसे आगे 10 वर्षों के नवीकरण करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि पहले 10 वर्ष के लिए लीज मनी 500 रुपये प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति वर्ष की दर से ली जाए तथा तदानुसार प्रत्येक 5 वर्ष के पश्चात लीज मनी 1000 रुपये के 25 प्रतिशत तक बढ़ाई जाये। नगरपालिका जगाधरी द्वारा तदानुसार लीज अवधि बढ़ा दी गई।<br>उक्त भवन अब भी डाक्टर ओम प्रकाश के पास लीज पर है तथा उसके कब्जे में है।<br>नगरपालिका तथा लीजी के मध्य हुए लीज एग्रीमेंट में ऐसी कोई शर्त नहीं है जिसके अन्तर्गत नगरपालिका जगाधरी कथित भवन की मरम्मत रख-रखाव के लिये बाध्य हों परन्तु नगरपालिका द्वारा | |

उक्त भवन के रखरखाव पर वर्ष 1970-71 से 1986-87 की अवधि में कुल रुपये 1,21,803.24 पैसे खर्च किये जिसका विवरण निम्न प्रकार से है—

| | |
|---|---|
| 1970-71 | 60-40 |
| 1973-74 | 4724-31 |
| 1976-77 | 8192-66 |
| 1977-78 | 10666-70 |
| 1982-83 | 28482-96 |
| 1983-84 | 9646-20 |
| 1985-86 | 46198-81 |
| 1986-87 | 13381-20 |
| | 1,21,803.24 रुपये |

अभिलेखों के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि नगरपालिका द्वारा इन कार्यों पर किया गया यह खर्चा तत्कालीन विधायक/मंत्री के अनुरोध पर किया गया है।

इस भवन से नगरपालिका को दिनांक 21-6-68 से 30-6-89 तक की अवधि में 16250 रुपये की राशि लीज मनी के तौर पर प्राप्त हुई।

(8-11-96)

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 232. | श्री दरियाव सिंह राजोरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 546—<br>क्या स्थानीय राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर छावनी में नगरपालिका की भूमि (यादव धर्मशाला तथा पैट्रोल पम्प के बीच) पर अवैध कब्जा करने का कोई मामला सरकार के नोटिस में आया है; यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त भूमि को खाली करवाने के लिए क्या कार्यवाही की गई ? | 10-3-93<br>यादव धर्मशाला और पैट्रोल पम्प के बीच के कच्चे रास्ते पर कुछ अवैध कब्जे ध्यान में आये हैं। रास्ते के अधीन भूमिका अभी तक नगरपालिका के नाम इंतकाल नहीं हुआ है। इस रास्ते के अधीन भूमि (खसरा 134 नम्बर) की मालिक बनने के लिए और इस रास्ते का अवैध कब्जा हटवाने के लिए नगरपालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है। | नगरपालकि ने सब जज प्रथम श्रेणी झज्जर के फैसले के विरुद्ध अपील माननीय ए०डी०जे० झज्जर की न्यायालय में की है। जिस की सुनवाई की तिथि 2-9-99 निश्चित हुई है।<br>(10-9-99) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(12-10-99) |
| 233. | श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 230—<br>क्या स्थानीय शासन राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि करनाल में उपायुक्त ने फरवरी 1994 माह में नगरपालिका की भूमि का एक खण्ड मैसर्ज गलोब ट्रैक्टर | 7-3-95<br>* * * इसलिए, यह अनुरोध किया जाता है कि इस प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया जाए। | अभी तक केस न्यायालय में विचाराधीन है। आगामी सुनवाई की तिथि 17-11-99 निश्चित है।<br>(3-11-99) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(11-5-2000) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| एजैन्सी, करनाल को मुफ्त में आबंटित किया है;यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; तथा<br>(ख) क्या यह भी तथ्य है कि प्रशासक, नगरपालिका, करनाल ने अप्रैल, 1994 में ऊपर के भाग (क) में यथानिर्दिष्ट भूमि के आबंटन को निरस्त करने के लिए उपायुक्त से लिखित अनुरोध किया है; यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई? | | | |
| | 29-2-96 | | |
| 234. श्री राम भजन अग्रवाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1257—क्या स्थानीय शासन राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में चुंगी समाप्त करने के संबंध में कोई समिति गठित की गई है यदि हां, तो उसकी रिपोर्ट क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई? | हां, श्रीमान जी<br>हरियाणा व्यापार मण्डल की चुंगी खत्म करने की मांग पर विचार करने के लिए दिनांक 8-1-96 को मुख्य सचिव, हरियाणा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था जिसकी रिपोर्ट अभी अपेक्षित है। उक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त इस संबंध में आगामी कार्यवाही पर विचार ... । | कथित समिति की दिनांक 7-2-96 तथा 7-3-96 को हुई बैठक में विचारोपरांत चुंगी कर को समाप्त न करने की सिफारिश की गई और चुंगी कर में एकरूपता लाने के लिए इसे कीमत पर निश्चित करने, का सुझाव दिया गया था। मंत्री परिषद् ने गृह मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 11-7-97 को कैबिनेट सब कमेटी को ... निर्णय लिया और इस ... नांक ... न द्वारा ... की दरों ... ओं पर | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(28-9-99) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | विचारोपरांत कैबिनेट सब कमेटी ने चुंगी को समाप्त न करने की सिफारिश की। अतः मामले को ड्राप करने का कष्ट करें। (2-7-99) | |
| 235. | बजट भाषण | 6-3-96<br>* * * शहरी गन्दी बस्तियों का सुधार राजस्व अर्जन स्कीमों तथा लघु एवं मध्यम नगरों का समन्वित विकास आदि स्कीमें चलाई जायेंगी।<br>* * * राज्य के सभी द्वितीय श्रेणी के शहरों में चालू वर्ष के दौरान "प्रधान मंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम नामक" नई स्कीम शुरू की गई है। | शहरी गन्दी बस्तियों में सुधार, तदर्थ राजस्व अर्जन योजना, लघु एवं मध्यम दर्जे के नगरों का समन्वित विकास योजना चलाई जा रही है। वर्ष 1997-98 में शहरी गन्दी बस्तियों के सुधार के लिए रुपये 780 लाख दिये गये। तदर्थ राजस्व अर्जन योजना स्कीम के अन्तर्गत वर्ष 1997-98 में कोई राशि नहीं दी गई। भारत सरकार द्वारा 1997-98 में 2 शहरों नामतः यमुनानगर व पेहवा को लघु एवं मध्यम दर्जे की स्कीम के तहत 22.00 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। भाग-2 का उत्तर प्रोजैक्ट डायरैक्टर स्वर्ण जयन्ती रोजगार योजना से प्राप्त हुआ है जो संलग्न है। (2-7-99) | The Committee would like to know the latest position in this regard. (28-9-99) |

21-11-96

| | | | |
|---|---|---|---|
| 236. श्री कृष्ण पाल गुज्जर द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 19 के उत्तर में— क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या फरीदाबाद नगर निगम की सीमा में पड़ने वाले गांवों के धोवन जल की निकासी करने के लिए सीवरेज प्रणाली बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है। | जी हां। * * * * पल्ला गांव में सिवर का कार्य 31 मार्च, 1997 तक पूरा होने की संभावना है। सीही गांव के 80 प्रतिशत क्षेत्र में सिवर का कार्य चालू स्थिति (फंक्शनल) में है और गांव के शेष भाग के लिए कार्य अगले वित्तीय वर्ष में शुरू किया जाएगा।<br>निगम की सीमा में आने वाले शेष गांवों में (6 बे-चिराग गांवों को छोड़कर) सिवर का कार्य फेसिज में धन-राशि उपलब्ध होने पर प्रारम्भ किया जायेगा। | जहां तक गांव पल्ला में आन्तरिक सीवर लाईन का प्रश्न है यह कार्य पूरा हो चुका है परन्तु डिस्पोजल बनाने का कार्य इस समय प्रगति पर है। सम्पवैल बनाया जा चुका है। परन्तु पम्प चैम्बर का कार्य प्रगति पर है। जहां तक पम्प चैम्बर एवं मशीनरी के प्रावधान करने का सम्बन्ध है, यदि निगमन के पास फंडस उपलब्ध हुए तो यह कार्य 31-12-97 तक सम्पन्न कर लिए जाएंगे क्योंकि यह कार्य निगम में फंडस की कमी के कारण लम्बित पड़े हैं।<br>जहां तक गांव मेवला महाराजपुर में सीवर स्कीम के प्रावधान का प्रश्न है, इस संदर्भ में 3 एस्टीमेट तैयार कर के वित्तीय एवं संविदा समिति को भेजे जा चुके हैं।<br>तदोपरांत फंडस उपलब्ध होने पर इस कार्य को पुरा किया जाएगा। गांव सीही व अन्य गांवों में सीवर का बचा हुआ काम भी फंडस उपलब्ध होने पर हाथ में लिया जाएगा। क्योंकि इस समय में फंडस की कमी है।<br>(11-12-97) | समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(29-1-98) |

F-0
13/11/02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 237. | वर्ष 1998-99 का बजट | 21-7-98<br>* * * * * जैसा कि माननीय सदस्य जानते ही हैं कि राज्य में फरीदाबाद में ही एक मात्र नगर निगम की स्थापना की गई है। इस नगर निगम ने 1997-98 में विभिन्न विकास कार्यों पर 8.05 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। निगम वर्ष 1998-99 में शहरी विकास प्राधिकरण व राज्य सरकार के सहयोग से रैनी वैल नाम की जल आपूर्ति की एक विशाल परियोजना पर कार्य शुरू करने जा रहा है। रैनी वैल स्कीम एक जल आपूर्ति संवर्धन परियोजना है और उसकी लागत 40 करोड़ रुपये है। इनकी लागत का खर्च नगर निगम, फरीदाबाद, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार द्वारा क्रमशः 50, 40 व 10 के अनुपात में वहन किया जाएगा। इस स्कीम के तहत नगर को प्रतिदिन 90 लाख गैलन अतिरिक्त पानी मिलेगा। | निगम/सरकार द्वारा की गई कार्यवाही यमुना बैल्ट में रैनी वैल्ज के आधार 2 नं० रैनी बेल्ज व 19 नं० गहरे नलकूपों पर आधारित स्कीम सरकार द्वारा अनुमोदित की गई। यह स्कीम प्रतिदिन दिल्ली-मथुरा रोड के पश्चिमी दिशा में पानी की 100 लाख गैलन मांग की आपूर्ति करेगी। अनुमानित लागत 4200.00 लाख रुपये का 50% लागत अर्थात् 2100.00 लाख रुपये निगम तथा 50% हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पहले ही आरम्भ किया जा चुका है तथा मार्च, 2002 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>(21-5-2001) | The Committee would like to know the latest position in this regard.<br>(5-6-2001) |
| 238. | श्री नफे सिंह राठी द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 903 :—<br>"क्या स्थानीय शासन मंत्री कृपया बताएंगे | 1-2-99<br>(क) * * * * * * * * * * * * * * *<br>* * * * * * * * * * * * * * *<br>(ख) नगरपरिषद, बहादुरगढ़ में अब चुनाव | | |

फा० ०<br>13/11/02

| | | |
|---|---|---|
| कि—<br>(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 1997–98 में नगर परिषद बहादुरगढ़ को दिया गया अनुदान वापिस ले लिया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा<br>(ख) क्या उक्त अनुदान नगर परिषद बहादुरगढ़ को वापिस देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?" | हो चुके हैं। परिषद के योजना प्रस्ताव पर अनुदान देने हेतु इस वर्ष विचार कर लिया जाएगा। | |
| | 5–2–99 | |
| 239. तारांकित प्रश्न संख्या 857 के संदर्भ में श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि यह जो हाउस असेसमेंट के बारे में नया फार्मूला सरकार बना रही है, क्या वह भी कर्मचारियों के रहमोकरम पर छोड़ दिया जायेगा या कोई कंकरीट फार्मूला बनाया जायेगा * * * * अंतिम निर्णय कब तक ले लिया जायेगा। | अध्यक्ष महोदय, गृह कर के सरलीकरण के वास्ते एक समिति गठित की गई है जो इसके बारे में डिटेल वर्क आऊट कर रही है उसके बाद ही कोई कार्यवाही की जाएगी। समिति की दो–तीन बैठकें करके हम दो तीन महीनों में यह निर्णय लें लेंगे। | |
| | 10–2–99 | |
| 240. श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 876 :—<br>क्या स्थानीय शासन मंत्री कृपया बताएंगे | (क) हां, श्रीमान ।<br>(ख) व (ग) उपायुक्त, अम्बाला जिन्हें बंटवारा समझौते के अधीन प्राप्त अम्बाला | हरियाणा विधान सभा पटल पर तत्कालीन माननीय स्थानीय शासन मंत्री महोदय |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | कि— क्या यह तथ्य है कि राई मार्किट तथा रंधावा मार्किट की दुकानों का पट्टा कई वर्षों से समाप्त हो चुका है; यदि हां, तो क्या पट्टे का नवीकरण करने या पूर्वोक्त भूमि को इसके अधिभोक्ताओं को बेचने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा यदि हां, तो ऊपर के भाग (ख) में यथानिर्दिष्ट प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है? | छावनी क्षेत्र की जमीन का सम्पदा अधिकारी नियुक्त किया गया है, को आयुक्त, अम्बाला मण्डल के माध्यम से प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर इस बारे विचार किया जायेगा। * * * उपायुक्त ने सर्वे करके अपनी रिपोर्ट दे दी है। अभी आयुक्त की रिपोर्ट आनी बाकी है। आयुक्त की रिपोर्ट आने पर इस मामले को कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया जाएगा और उसके बाद स्थानीय विधायक के सुझाव भी लिये जाएंगे जैसे ये कहेंगे उसी के अनुसार फैसला कर लिया जाएगा। सरकार की इस मामले में फैसला करने की पूरी रूचि है। हम सरकार को घाटा नहीं देना चाहते और इस मामले में फैसला जल्दी ही कर दिया जाएगा। * * * अगर लीज लेने वाले व्यक्ति इस जमीन को खरीदना चाहते हैं तो मार्किट रेट्स पर उनको बेच भी देंगे तथा जो भी फैसला हमने लिया है, वह | द्वारा दिये गये आश्वासन के सम्बन्ध में सरकार के पत्र क्रमांक 8/11/93-6 का, दिनांक 26/29.5.2000 के अनुसार राथ तथा रंधावा मार्किट की लीज सम्पत्तियों को फ्री होल्ड करके 236 दुकानों/बूथों को 4000 रु० प्रति वर्गगज की दर से लीज होल्डर/किरायेदारों को स्थानान्तरित करने का निर्णय लिया गया है तथा इस मामले में आगामी कार्यवाही उपायुक्त, अम्बाला द्वारा की जा रही है। (21-5-2001) | |

| | | |
|---|---|---|
| | | 6 माह के अन्दर अवश्य पूर्ण कर लिया जाएगा। |
| 241. | तारांकित प्रश्न संख्या 996 के संदर्भ में कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— * * * अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्री महोदय यह भी बतायें कि इस विभाग में कितने कर्मचारी थे और उन्हें अब कहां-कहां एडजस्ट कर रहे हैं। उन्हें योग्यता के आधार पर एडजस्ट कर रहे हैं, या किसी दूसरे तरीके से। | 15-11-99<br>* * * इस विभाग में 3108 कर्मचारी हैं। उनमें से योग्यता के आधार पर ज्यादातर को एडजस्ट कर दिया गया है। बहुत कम कर्मचारी रह गए हैं, उन्हें भी जल्दी ही एडजस्ट कर दिया जाएगा और सरकार इस बात के लिए वचनबद्ध भी है। |
| 242. | वर्ष 2000-2001 का बजट | 14-3-2000<br>आगामी वित्त वर्ष के दौरान शहरी गन्दी बस्तियों के पर्यावरण में सुधार, राष्ट्रीय गन्दी बस्ती विकास कार्यक्रम, लघु तथा मध्यम दर्जे के शहरों के एकीकृत विकास, शहरी कचरा प्रबन्धन इत्यादि जैसी विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत राज्य की 53 नगरपालिकाओं को 18 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दिये जाने का प्रस्ताव है। |
| 243. | राज्यपाल का अभिभाषण | 5-3-2001<br>**** हरियाणा में अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा एक आधुनिक अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय स्थापित करने के लिए भी 24.74 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की एक योजना |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | तैयार की गई है। आगामी पाँच वर्ष के दौरान झज्जर, कालका, जगाधरी, नरवाना, बरवाला, शाहबाद, महेन्द्रगढ़, महम, ऐलनाबाद तथा बावल में नये अग्निशमन स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव है। | | |
| 244. | श्री शादी लाल बत्तरा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 521—<br>(घ) क्या इन कालोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या है ? | 8-3-2001<br>*** *** *** *** ***<br>(घ) जी हां, अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है। | | |
| 245. | श्री अनिल विज द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 37—क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या—<br>अम्बाला छावनी में एक न्यायिक संव्यूह का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा अम्बाला शहर से दीवानी अदालतें उक्त संव्यूह में कब तक स्थानान्तरित किए जाने की संभावना है ? | 12-6-2001<br>(प्रथम बैठक)<br>अम्बाला छावनी में न्यायिक संव्यूह के निर्माण हेतु प्रस्ताव विचाराधीन है ******** | | |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

SOCIAL WELFARE DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 246. | तारांकित प्रश्न सं० 238 के संदर्भ में चौधरी ओम प्रकाश बेरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"....... उन्होंने यानी बोर्ड की चेयरमैन ने आर०बी०टी०आई० बेरी के खिलाफ सैंटर को झूठी शिकायत भी भेजी है ताकि चेयरमैन के भाई को ये इंस्टीच्यूशंज खुलवा सकें। क्या मुख्य मंत्री महोदय इस बात की जांच करवायेंगे?" | 3-3-1992<br>हम इसकी जांच करवाएंगे, सारे सैंटर को देखेंगे और जांच में जो भी कमी पायी जाएंगी उसके खिलाफ अवश्य कार्यवाही करवाएंगे। | | |
| 247. | तारांकित प्रश्न सं० 338 के संदर्भ में श्री अमर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—<br>"अध्यक्ष महोदय मैं समझता हूं कि इस बोर्ड (राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड) को जो तीन करोड़ रुपये सैंटर और स्टेट का 1983 से 1991 तक दिया गया है, वह किसी भी हरिजन की वैल्फेयर पर खर्च नहीं किया गया बल्कि अपने फायदे के लिए इस पैसे का | 13-3-1992<br>"अध्यक्ष महोदय हम इसकी जांच करवाएंगे। अब देखना यह है कि भारत सरकार इसकी जांच करेगी या हम करा सकते हैं। हम इसके लिए भारत सरकार को लिखेंगे। जो भी उचित होगा उसी के हिसाब से हम कार्यवाही करेंगे और जिनका भी दोष होगा उनके खिलाफ कानून के मुताबिक ऐक्सन होगा।" | | |

मिसयूज किया गया है। क्या मुख्य मंत्री महोदय बताएंगे कि जो जिम्मेदार आफिसर्ज हैं उनके खिलाफ कोई ऐकेशन होगा ?''

6-3-96

248. बजट भाषण

* * * राज्य के 30 खंडों में समन्वित राज्य ऊर्जा परियोजना चलाई जा रही है। वर्ष 1996-97 के दौरान इस परियोजना को 4 अन्य खण्डों में लागू किया जाएगा। राज्य में एक हरियाणा ऊर्जा विकास एजेंसी और दो ऊर्जा पार्क स्थापित किये जा रहे हैं।

गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत विभाग ने सूचित किया है कि वर्ष 1996-97 में समन्वित ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम को निम्नलिखित चार खण्डों में लागू करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है—

| जिला | खण्ड |
|---|---|
| रोहतक | रोहतक |
| सोनीपत | सोनीपत |
| पानीपत | मडलौडा |
| सिरसा | डबवाली |

2. राज्य में हरियाणा ऊर्जा विकास एजेंसी के गठन का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।
3. विभाग ने निम्नलिखित तीन जगह पर ऊर्जा पार्क स्थापित करने के लिए इन संस्थाओं को पैसा भेज दिया है।
   (क) आई०ई०सी० कुरुक्षेत्र
   (ख) कालेज आफ एग्रीकल्चर एण्ड टैक्नोलोजी एच०ए०यू० हिसार

समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।

(4-8-98)

Relating to the Environment Department
24/9/02
to Conventional Energy Sources, Haryana.
3-10-02

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | (ग) सर छोटू राम स्टेट कालेज आफ इंजीनियरिंग, सोनीपत। (27-3-98) | |
| 249. | बजट भाषण | 6-3-96 * * * * * राज्य के सभी खंडों में समेकित बाल विकास स्कीम लागू की जा रही है। बाहरी सहायता से महेन्द्रगढ़ व रिवाड़ी जिलों में समेकित महिला एम्पावरमैंट व विकास परियोजना चलाई जा रही है। उन गांवों में जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है। गर्भवती औरतों की उचित देखरेख के लिए प्रशिक्षित दाइयों द्वारा सफाई पूर्वक व सुरक्षित प्रसूति के लिए नवजीवन गृह बनाए जा रहे हैं। * * * * * | यू०एन०एफ०पी०ए० (महिला एवं बाल विकास विभाग) द्वारा सूचित किया गया है कि मातृ मृत्यु दर को कम करने, बीमारियों की रोकथाम, बच्चों की मृत्यु दर को कम करने, नवजात शिशुओं में टैटनस को रोकने तथा जन्म के समय स्वच्छ वातावरण एवं एकान्तता सुनिश्चित करने के लिए परियोजना के प्रत्येक गांव में नवजीवन गृह अथवा प्रसूति कक्ष बनाए जाएंगे। ऐसे गृह उन गांवों में बनाए जाएंगे जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा उप-स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं हैं। इस नवजीवन गृह में प्रसूति-एक स्नान कक्ष तथा एक बड़ा बरामदा होगा, जहां जागृति मण्डली अपनी बैठक का आयोजन कर सके। उक्त नवजीवन गृह को केवल | समिति इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (4-8-98) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षित दाइयों द्वारा ही इस्तेमाल किए जाने की इजाजत होगी और इनका रख-रखाव जागृति मण्डलियों द्वारा किया जाएगा। इस समय यह योजना जिला महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी के दो खण्डों के 70 गांवों में प्रचलित है जिला महेन्द्रगढ़ में 249 तथा जिला रेवाड़ी में दो खण्डों तथा खोल में 49 नवजीवन गृह बनाए जाने की योजना है। महेन्द्रगढ़ के 25 गांवों तथा रेवाड़ी के दो खण्डों के 25 गांवों में नवजीवन गृह बनाए जा चुके हैं तथा शेष गांवों में पंचायती राज तथा सड़क तथा भवन निर्माण विभाग को बनाने हेतु आदेश दिए गए हैं। पंचायती विभाग हरियाणा द्वारा 38 गांवों में निर्माण कार्य किया जा रहा है। (27-3-98) | |
| 250. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा के दौरान मुख्य मंत्री द्वारा घोषणाओं के संदर्भ में— | 8-3-96 * * * * * तो हम चाहते हैं कि प्रत्येक परिवार में एक लड़की को आठवीं कक्षा तक एक सौ रुपये सालाना पुस्तक भत्ता दिया जाए। हम ऐसा करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक जिले में मिडल, मैट्रिक और दस जमा दो के परीक्षा परिणामों की मैरिट के आधार पर 50, 75 और 100 रुपये की दर से दो सौ छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी, | प्राथमिक शिक्षा विभाग ने सूचित किया है कि 100 रुपये पुस्तक भत्ता देने का प्रस्ताव सरकार को इस निदेशालय के यादि क्रमांक 21/33-96 प्रा० शिक्षा दिनांक 31-10-96 द्वारा भेजा गया था। परन्तु सरकार ने निदेशालय के प्रस्ताव को मानने में असमर्थता प्रकट की है | The Committee would like to know the latest position in this regard. (4-8-98) |

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | ऐसा हमने फैसला किया है। इसके अलावा बोर्ड की आठवीं और दसवीं कक्षा की परीक्षा में बैठने वाली लड़कियों के लिए पूर्व कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी ताकि उनके ज्ञान में वृद्धि हो और उनके परीक्षा परिणामों में सुधार किया जा सके। हमने यह भी फैसला लिया है कि लड़कियों को शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखने के लिए आत्म निर्माण और आत्म विश्वास रखने के लिए उन्हें स्कूलों और कालेजों में कराटे और योगा की भी शिक्षा दी जायेगी। किशोर बालिकाओं और विशेष कर ऐसी किशोर बालिकाओं की तरफ ध्यान दिया जाएगा जो अपनी शिक्षा बीच में छोड़ जाती हैं। उन्हें ट्रेनिंग देने के लिए, एक ट्रेनिंग कार्यक्रम तैयार किया जायेगा ताकि उन्हें शादी एवं घर की जिम्मेदारी उठाने के लिए योग्य बना सकें। इसके अलावा शिक्षा संस्थाओं में लड़कियों के लिए आवास सुविधाओं का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा। हम महिलाओं का आत्म सम्मान बढ़ाने और समाज में उन्हें समानता का अधिकार दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। सहकारी समितियों की प्राथमिक शिक्षा जहां कहीं भी सम्भव | (प्रति संलग्न है)<br>(अनुबन्ध-2) किशोर बालिकाओं की शिक्षा बारे यह व्यक्त किया जाता है कि पिछले 11 वर्षों में 1185 कन्या प्राथमिक स्कूल खोले गये हैं। हर साल कन्याओं की शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु इलैक्ट्रोनिक माध्यम से प्रचार भी किया जाता है तथा पंचायतों के माध्यम से इनरोलमैंट ड्राईव चलाया जाता है ताकि 6—11 आयु वर्ग का कोई बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित न रहे तथा कन्याओं की उनकी शिक्षा जारी रखने हेतु विभाग द्वारा कई प्रोत्साहन दिये जाते हैं जैसे मुफ्त वर्दी, उपस्थिति पुरस्कार आदि। उच्चतर शिक्षा निदेशालय की सूचना मदवार निम्न प्रकार से है—लड़कियों को शारीरिक तौर पर स्वस्थ रखने एवं उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए उन्हें स्कूलों तथा कालेजों में कराटे एवं योग की शिक्षा दी जाए। राज्य के सभी राजकीय/अराजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को कराटे एवं | |

होगी, पति और पत्नी को संयुक्त रूप में दी जाएगी। उचित मूल्य की दुकानों के आबंटन में भी ऐसे व्यक्तियों को पहल दी जाएगी जो पत्नी के साथ संयुक्त रूप से आवेदन करते हैं। महिलाओं के लिए कृषि, पशु पालन एवं इनसे संबंधित क्षेत्रों जैसे कि खुम्बी उत्पादन, रेशम के कीड़े पालन, फूलों की खेती, मधुमक्खी पालन व मछली पालन में विशेष तकनीकी ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। औद्योगिक सम्पदाओं में प्लाटों की कुछ विशेष परसैंटेज महिला उद्यमियों को पहल के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। आर्थिक इकाइयों के लिये महिलाओं को ऋण दिलाने के लिए जिलों में एक ऐसा बैंक स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा जिनमें केवल महिलाओं का स्टाफ ही नियुक्त हो। ''कानूनी सहायता और कष्टों का निवारण'' इसके तहत महिलाओं को किसी दुर्भाग्यपूर्ण अहिंसा, विवाह संबंधी विवाद के लिए विशेष सहायता देने के लिए ठोस कदम उठाएंगे जो इस प्रकार हैं, मण्डल स्तर पर एक परिवार न्यायालय स्थापित किए जाएंगे जिनमें अधिकांश महलिाएं न्यायाधीश होंगी। प्रत्येक मंडल स्तर पर एक ऐसा पुलिस स्टेशन स्थापित किया जाएगा, जिसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी महिलाएं ही होंगी।

''विधवाओं के कल्याण के लिए कदम'' इसके योग की शिक्षा देने हेतू पत्र लिख दिया गया है जिसकी प्रति संलग्न है।

2. शिक्षा संस्थाओं में लड़कियों के लिए आवासीय सुविधाओं का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाना है। राजकीय महाविद्यालयों में लड़कियों के लिए आवासीय सुविधा की व्यवस्था प्राचार्यों से आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव प्राप्त होने पर तथा विभागीय बजट में व्यवस्थित धनराशि को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से करवायी जाती है। इस समय राज्य में 43 राजकीय महाविद्यालय चल रहे है जिनमें तीन महिला महाविद्यालय है। पांच राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं के लिये आवास सुविधा उपलब्ध है। आगामी वित्त वर्ष में राजकीय महाविद्यालय गुड़गांव में 60 लड़कियों के लिए आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए चरणबद्ध रूप से कार्यवाही की जा रही है।

यह निर्णय लिया गया है कि गांव और शहरों में यदि कोई महिला अथवा महिला संस्था किसी रिक्त स्थान पर डिपू लेना चाहती है तो उन द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्रों को उचित प्राथमिकता देते हुये विचार

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | तहत हुड्डा और आवास बोर्ड विधवाओं के लिए प्लाट और मकान आरक्षित करेगा। "आर्थिक नीति" विधवाओं के लिए निगमों द्वारा दी जाने वाली सबसिडी में बढ़ोतरी की जाएगी। महिलाओं के लिए स्वयं रोजगार के अवसर बढ़ाएगी ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।* * * * महिलाओं के बैठने के लिए भी हम चाहेंगे कि हर ब्लाक में अगर सारे गांवों में नहीं हो सके तो हर साल दो या तीन गांवों में बैठने के लिए स्थान बनाकर देंगे ताकि वहां पर महिलाएं बैठकर गांव की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श कर सकें। * * * * अध्यक्ष महोदय, हम हर ब्लाक के दो तीन गांवों में उनके (महिलाओं) बैठने के लिए हर साल स्थान बनाकर देंगे और हो सकता है हम हर साल एक ब्लाक तथा पांच गांव भी कवर कर लें * * * * * | किया जाये। अतः आपसे अनुरोध है कि आप किसी डिपू होल्डर के त्याग पत्र देने या किसी स्थान पर नई डिपू देने की आवश्यकता हो तो ऐसे स्थानों पर डिपू देने के लिए महिला/महिला संगठन से प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर यथा उचित जांच होने के बाद उनकी योग्यता अनुसार डिपू अलाट किये जायेंगे ताकि विभाग इस कार्य में महिला/महिला संगठनों को उचित प्रतिनिधित्व मिलने से इस बात को विशेष ध्यान में रखा जाये कि यह वास्तव में ही महिलाओं द्वारा संचालित है, उनके नाम का प्रयोग कर अन्य व्यक्तियों द्वारा तो अनुचित लाभ नहीं उठाया जाएगा। यदि महिला/महिला संगठनों के अतिरिक्त किसी अन्य को डिपू दिया जाता है तो जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक यह प्रमाणित करेगा कि कोई भी महिला/महिला संगठन डिपू लेने को तैयार नहीं है। कृषि विभाग द्वारा वर्ष 1996-97 के दौरान निम्नलिखित दो | |

इच्छुक महिलाओं को मधु–मक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है :—

1. श्रीमती दिया बंसल पत्नी श्री अनिल बंसल मकान नं० 1094, वार्ड नं० 13, रादौर, यमुनानगर ।

2. श्रीमती सुखवन्ती पत्नी श्री बलवान सिंह गांव व डा० धनाना (सोनीपत)।

औद्योगिक विकास निगम ने यह सूचित किया है कि उनके विभाग द्वारा महिला उद्योग को प्लाटों की अलाटमैंट में एच०एस०आई०डी०सी० द्वारा समान अधिकार प्राप्त हैं।

हरको बैंक अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया है कि रोहतक, हिसार, गुड़गांवा तथा करनाल में एसे बैंक स्थापित करने का प्रस्ताव था जिसमें केवल महिला स्टाफ नियुक्त हों अभी केवल रोहतक में ही ऐसा बैंक स्थापित हुआ है जिसका लाईसैंस रिजर्व बैंक द्वारा दिया गया है, शेष तीन स्थानों का प्रस्ताव विचाराधीन है। प्रयास जारी है विस्तृत विवरण अनुबन्ध पर प्रस्तुत है। (अनुबन्ध 3)

पारिवारिक न्यायालय स्थापित करने बारे मामला पंजाब एवं हरियाणा, हाई कोर्ट

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | से टेकअप किया जा रहा है। जिसके लिए ड्राफ्ट रूल्स तैयार किये गये थे और पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को इस पर सहमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था किन्तु उनकी ओर से रिस्पोंस प्राप्त नहीं हुआ। अतः मामला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के स्तर पर लम्बित है। | |
| | | | राष्ट्रीय महिला आयोग की सिफारिशों की अनुपालना में गृह विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि ऐसा पुलिस स्टेशन जिसमें सभी (स्टाफ) महिलाएं हों सोनीपत में स्थापित किया गया है तथा एक पुलिस पोस्ट गुड़गांव में कार्यरत है। प्रत्येक जिले में ऐसे पुलिस स्टेशन स्थापित करने बारे प्रयास जारी हैं। इसके अतिरिक्त एक "महिला सैल" पुलिस हैड क्वार्टर चण्डीगढ़ में स्थापित किया गया है। | |
| | | | महिला एवं बाल विकास विभाग ने सूचित किया है कि इस समय कुल ऋण | |

10 प्रतिशत सबसिडी के रूप में अधिकतम सीमा 5000 रुपये दिया जाता है। यदि सरकार द्वारा पर्याप्त फण्डस उपलब्ध करवाया जाये तो सबसिडी की सीमा बढ़ाई जा सकती है।

(27-3-98)

20-3-97

251. तारांकित प्रश्न संख्या-353 के संबंध में श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई जानकारी— क्या आपका विभाग इस बारे में या आप खुद इस बारे में सुओमोटो इन्कवायरी कराएंगी कि किसी गांव की आंगनवाड़ी में किसी दूसरे गांव की या शहर की वर्कर कैसे लगीं और क्यों लगी। क्या इस बारे में सुओमोटो इन्कवायरी करके कोई ऐक्शन लेने का आपका कोई विचार है?

अध्यक्ष महोदय, अभी तक ऐसी कोई बात मेरे नोटिस में नहीं आई है लेकिन अब मुझे कुछ माननीय सदस्यों ने इस बारे में बताया है तो उस पर अवश्य विचार किया जायेगा।

15-3-2001

252. श्री राजेन्द्र बीसला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 301—क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या राज्य में सूचना बूथ तथा सरली करण केन्द्र बनवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास

***1. राज्य सरकार द्वारा स्वशक्ति परियोजना के अन्तर्गत महिलाओं, खासतौर पर हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए "महिला स्वशक्ति सूचना केन्द्र" स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। भारत

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | सरकार द्वारा राज्य के सोनीपत जिले में पांच ऐसे केन्द्र स्थापित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। | | |
| | | 2. हरियाणा सरकार ने हर गांव में एक सुविधा एवं सूचना केन्द्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है जिसके लिए भारत सरकार एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से आर्थिक सहायता मांगी जा रही है। | | |
| | | 3. राज्य सरकार द्वारा बनाई गई राईट आफ वे नीती के मार्गाधिकारी नीती के अंतर्गत कोई भी कंपनी जो कि आपटीकल फाइटर बिछाने के लिए मार्गाधिकार के लिए इच्छुक है को 1500 सूचना बूथ/सार्वजनिक सुविधा केन्द्र फ्रेंचाईज बिजनैस माडल के रूप में स्थापित करने होंगे। | | |

## OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

## FOREST DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 253. | बजट भाषण | 1-3-93<br>* * * * ई०ई०सी की सहायता से अरावली वन रोपण परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के अन्तर्गत अरावली पहाड़ों में 85 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 1998-99 तक 35,000 हैक्टेयर क्षेत्र में वन लगाने का प्रस्ताव है। | ई०ई०सी की सहायता से अरावली वन रोपण परियोजना के तहत वर्ष 1990-91 से 1997-98 तक 98.12 करोड़ रुपये खर्च करके 36000 हैक्टेयर भूमि पर वन लगाये गये हैं। वर्ष 1998-99 में 12.50 लाख रुपये खर्च करके 1000 हैक्टेयर भूमि पर वन लगाने का प्रावधान किया गया है।<br>(17-6-98) | समिति इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है।<br>(4-8-98) |
| 254. | तारांकित प्रश्न संख्या 143 के संदर्भ में श्री अध्यक्ष द्वारा मांगी गई सूचना :— कृषि मंत्री जी, क्या आप बताएंगे कि जो आज हरियाणा में लकड़ियां चोरी हो रही हैं तो क्या हरियाणा सरकार या आपका डिपार्टमैंट हिमाचल प्रदेश की नीति अपनाकर चलाना चाहता है ताकि यह चोरी रोकी जे सके? | 19-11-96<br>अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्री जी के सत्ता संभालते ही जब यह वन विभाग की समस्या आई तो सबसे पहले उन्होंने यह आदेश किया था कि जिस तरीके से हिमाचल प्रदेश में जो गाड़ियां गैर कानूनी तरीके से पेड़ों को काट कर ले जाती हैं तो वहां पर उन गाड़ियों को कंफिशकेट कर लिया जाता है तो उनके तरीके से हरियाणा में ऐसा ही आदेश उन्होंने दिया था। हरियाणा में पहले ऐसा कानून नहीं था। हम भी जल्दी ही हिमाचल प्रदेश की तरह का कानून हरियाणा में लागू करने जा रहे हैं। | | |

| | | |
|---|---|---|
| 255. | वर्ष 1998-99 का बजट। | 21-7-98<br>पंचायती भूमि पर वृक्षारोपण करने व मरुस्थल को बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से यूरोपियन संघ की सहायता से एक अन्य योजना हरियाणा सामुदायिक वानिकी परियोजना राज्य में क्रियान्वित की जाएगी।<br>126 करोड़ रुपये के परिव्यय की यह परियोजना 9 वर्षों तक चलेगी। वर्ष 1998-99 में वृक्षारोपण एवं भूमि संरक्षण कार्यक्रमों के तहत 51.10 करोड़ रुपये के योजनागत खर्च का प्रावधान किया गया है। |

OUTSTANDING ASSURANCES

**Relating to the**

EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT

*Note* :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 256. | कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं० 997—<br>''क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पूर्व सरकार द्वारा नशाबंदी के बदले में लगाए गए सभी करों को वापिस लेने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?'' | 16-11-99<br>राज्य सरकार द्वारा मद्य निषेध नीति के दौरान अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति हेतू लगाए गए करों पर पुनर्विचार और कारोबारियों, व्यापारियों, किसानों व अन्य समाज के वर्गों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए सुझाव देने हेतु सरकार के द्वारा एक कैबिनेट सब-कमेटी का गठन किया गया है। केबिनेट सब-कमेटी इस उद्देश्य को सामने रखते हुए बैठकें कर रही हैं। | राण्य सरकार द्वारा मद्य निषेद्य निति के दौरान अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति हेतू लगाए गए करों पर पुर्नविचार और कारोबारियों, व्यापारियों, किसानों व अन्य समाज के वर्गों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए सुझाव देने हेतू सरकार के आदेश दिनांक 6.8.99 द्वारा एक सब-कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी ने पांच बैठकें की। कमेटी की सिफारिशों व उन पर किए गए निर्णय व अमल का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :—<br>**कमेटी द्वारा की गई सिफारिशें**<br>1. कमेटी ने दिनांक 14.9.99 को हुई अपनी पहली बैठक में सुझाव दिया कि स्वयं कर निर्धारण स्कीम को 50 लाख रुपये सलाना तक की आवर्त रखने वाले सभी व्यवहारियों के लिए लागू कर दिया जाए।<br>**कार्यान्वन**<br>1. यह स्कीम अधिसूचना संख्या | **Obervation**<br>समिति विभाग के जवाब से सन्तुष्ट नहीं है। और समिति ने चाहा है कि नशाबन्दी के दौरान कौन-कौन से टैक्स लगाए गए थे और उनमें से कौन-कौन से टैक्स सरकार ने वापिस लिए हैं। इस बारे डिटेल्ड रिपोर्ट समिति को एक महीने के अन्दर भेजा जाए।<br>(27-11-2001) |

सा०का०नि० 112/ह०अ०20/73/धा० 28ग/99 दिनांक 31 दिसम्बर द्वारा अधिसूचित की जा चुकी है। इसमें संशोधन करते हुए इस स्कीम को एक करोड़ रुपये वार्षिक तक की आवर्त रखने वाले व्यवहारियों के लिए प्रावधान किया गया है। सम्बन्धित अधिसूचना क्र०स० क०नि०66/ह०अ०20/173/धा० 28ग/2000 दिनांक 6.10.2000 को जारी की जा चुकी है।

2. कमेटी ने चुंगी को खत्म करने के मामले पर विचार किया।
3. चुंगी को अधिसूचना संख्या लैज 23/99 दिनांक 1.11.99 के द्वारा खत्म कर दिया गया है।
4. कमेटी ने दिनांक 28.9.99 को हुई दूसरी बैठक में सुझाव दिया कि सरकार द्वारा छपे एस०टी० 14 और एस०टी० 15 फार्मों को समाप्त कर दिया जाए और इसके स्थान पर बिक्री और खरीद की प्रमाणित सूचियां लागू कर दी जाए।
5. सरकार द्वारा छपवाये एस०टी० 14, 15 इत्यादि फार्म अधिसूचना नं०

| क्र० संख्या | संदर्भ | दिनांक/आश्वासन | सरकार द्वारा की गई कार्यवाही | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
